RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द्र सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्षः 4, अंकः 142 | ग्वालियर संस्करण, 2 जनवरी गुरुवार 2025 | पृष्ठः 8+4 मूल्य 2 रुपए


## एक नजर...

## ऊर्जा मंत्री ने किया बिरला नगर प्रसूति गृह का औचक निरीक्षण



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**9009601101**

ग्वालियर -/- ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर बुधवार देर शाम बिरला नगर प्रसूति गृह का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान प्रसूति गृह में भर्ती महिलाओं से व्यवस्थाओं को लेकर जानकारी ली तथा प्रसूताओं को दिए जाने वाले लड्डू,भोजन आदि के सम्बन्ध में भी पूछा तो उन्होंने ऊर्जा मंत्री को बताया कि बिरला नगर प्रसूति गृह में प्रसूताओं को दी जाने वाली सभी सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। ऊर्जा मंत्री ने प्रसूति गृह में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर तथा अन्य कर्मचारियों से व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली।

## नव वर्ष को जरुरतमंदों की मदद कर नई उम्मीद और सेवा के संकल्प के साथ मनाएंः श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर

### ऊर्जा मंत्री ने किया हजीरा सिविल अस्पताल का निरीक्षण, जरुरतमंदों को कम्बल वितरित किए, नशे के खिलाफ राम धुन का वाचन किया



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**9009601101**

ग्वालियर -/- ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बुधवार की सुबह हजीरा सिविल अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज ही समृद्ध राष्ट्र की नींव है। आमजन के स्वास्थ्य और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, इसके लिए हर संभव प्रयास जारी रहेंगे। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस दौरान उप नगर ग्वालियर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के लिए अपील करते हुए कहा कि हमें स्वच्छता को अपनी आदत में डालना होगा। गंदगी करने की आदत को बदलकर स्वच्छता को अपनाना होगा। हमें अपने घर की तरह ही अपनी गली, मोहल्ले, और शहर को भी साफ़ रखने की ज़िम्मेदारी लेनी होगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से हम अपने लिए और अपने आस-पास के लोगों के लिए सुरक्षित वातावरण बना सकते हैं। जिससे न केवल हम स्वस्थ रहेंगे बल्कि अपने पड़ोसियों को भी बीमारियों से बचा सकते हैं।

**नशे के खिलाफ राम धुन**-इससे पहले ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने हजीरा चौराहे पर 'रामधुन सीताराम-सीताराम% के साथ जन जागरण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सार्वजनिक स्थानों पर नशा मुक्त वातावरण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया तथा मजदूर भाई-बहनों को नशा न करने और स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाते हुए नशा मुक्त और स्वच्छ समाज के निर्माण में योगदान की अपील की।

**जरुरतमंदों को दिए कम्बल**-ऊर्जा मंत्री ने इस दौरान नव वर्ष के अवसर पर सेवा का संकल्प लेकर, जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर कंबल वितरित करते हुए ठंड से राहत पहुंचाई। उन्होंने सभी से आव्हान किया कि इस नए साल की शुरुआत जरूरतमंदों की मदद और समाज सेवा के साथ कर इस वर्ष को नई उम्मीदों और बदलाव का वर्ष बनाएं।

## झुग्गी झोपड़ी वासी बच्चों से कटवाया न्यू ईयर केक,खिलाएं समोसा-मगोड़ा,बांटे चाकलेट.



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**
**पंकज जैन**

अम्बाह- आचार्य आनंद टीम के सदस्यों ने नव वर्ष का सेलिब्रेशन झुग्गी झोपड़ी वासी बच्चों के बीच किया। अयोध्या और बाल्मिक बस्ती के बच्चों को एक जगह एकत्रित करके उनके द्वारा न्यू ईयर का केक कटवाया गया और उन्हें समाजसेवी सुधीर आचार्य ने बताया कि यह न्यू ईयर इंग्लिश कैलेंडर के मुताबिक है जबकि भारतीय नव वर्ष चैत्र मास में आने वाली गुड़ी पड़वा नवदुर्गा से प्रारंभ होता है। इससे पूर्व जैसे ही अचार्य आनन्द क्लब के पदाधिकारी अरविंद मावई, विश्वनाथ गुर्जर, अंकित मिश्रा,दुष्यंत सिंह तोमर, बालकृष्ण शर्मा, महेंद्र सखबार, सुधीर आचार्य उनकी बस्ती में पहुंचे और बच्चों को बुलाकर पूछा कि उन्हें पता है आज क्या है तो सब बच्चे जोर से चिल्ला कर बोले की न्यू ईयर है फिर उनसे जब पूछा गया कि आज उन्होंने कोई पार्टी की तो सबके चेहरे उदास हो गए। इसके बाद जैसे ही बताया गया कि वह सब बच्चों के साथ न्यू ईयर का केक काटेंगे और पार्टी करेंगे तो सब बच्चे खुशी से चिल्लाने लगे। इसके बाद बच्चों से केक कटवा कर उन्हें समोसे मगोड़े खिलाई गए तथा बिस्कुट के पैकेट और चॉकलेट वितरित की गई।

# राजधानी भोपाल के अंतर्गत ग्राम पंचायत कलारा में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

**केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा.9425727854**

बैरसिया।। राजधानी भोपाल के कलारा गांव में चल रही सात दिवसीय संगीतम श्रीमद भागवत कथा का बुधवार को समापन हुआ। भागवत कथा में चार वेद, पुराण, गीता एवं श्रीमद् भागवत महापुराण की व्याख्या, प्रभुपाद, पंडित हरिओम शास्त्री के मुखारवृंद से उपस्थित भक्तों ने श्रवण किया। विगत सात दिनों तक भगवान श्री कृष्ण जी के वात्सल्य प्रेम, असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। इस धार्मिक अनुष्ठान के सातवें एवं अंतिम दिन भगवान श्री कृष्ण के सर्वोपरी लीला श्री रास लीला, मथुरा गमन, दुष्ट कंस राजा के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंसबध, कुबजा उद्धार, रुक्मणी विवाह, शिशुपाल वध एवं सुदामा चरित्र का वर्णन कर लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया। इस दौरान भजन गायन ने उपस्थित लोगों को ताल एवं धुन पर नृत्य करने के लिए विवश कर दिया। पंडित जी ने सुंदर समाज निर्माण के लिए गीता से कई उपदेश के माध्यम अपने को उस अनुरूप आचरण करने कहा जो काम प्रेम के माध्यम से संभव है, वह हिंसा से संभव नहीं हो सकता है। समाज में कुछ लोग ही अच्छे कर्मो द्वारा सदैव चिर स्मरणीय होता है, इतिहास इसका साक्षी है। लोगों ने संगीतमयी भागवत कथा का आनंद उठाया। इस सात दिवसीय भागवत कथा में आस-पास गांव के अलावा दूर दराज से काफी संख्या में महिला-पुरूष भक्तों ने इस कथा का आनंद उठाया। सात दिनों तक इस कथा में पुरा वातावरण भक्तिमय रहा। कथा के बाद उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में घनश्याम शर्मा जनपद सदस्य, राजेश यादव, गजराज सिंह कुशवाह, विनय सिंह सरपंच, देवकरण कुशवाह, कुन्दन लाल साहू, दीनदयाल शर्मा, बृजेश शर्मा, विक्रम कुशवाह, जितेंद्र कुशवाह एमपी ऑनलाइन, वृन्दावन शर्मा, राजकुमार लोधी सहित बड़ी संखया में लोग मौजूद रहे।



# शासकीय अनुसूचित जाति महाविद्यालय के छात्रावास में दो माह से नहीं बन रहा भोजन छात्राएं बाहर से खाना खाने को है मजबूर

## मध्य प्रदेश की सरकार के लाख दावों की पोल खोलता ग्वालियर के महाविद्यालय का छात्रावास

**दैनिक केसरीया हिन्दुस्तान**

ग्वालियर - शासकीय अनुसूचित जाति महाविद्यालय छात्रावास जो कि शहर के बीचो-बीच वार्ड 22 में है इस छात्रावास में बच्चियों को पिछले 2 महा से नहीं दिया जा रहा भोजन और छात्रावास प्रबंधन के द्वारा बच्चियों को किया जा रहा है मानसिक रूप से प्रताड़ित, दरअसल मामला यह है कि शासकीय अनुसूचित जाति महाविद्यालय छात्रावास में पिछले दो महीने से उसमें रह रही लगभग 40 से 50 छात्रों के लिए खाना नहीं बन रहा है, इस विषय को लेकर जब छात्राओं से बात की तो छात्राओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि हम सबको मानसिक रूप से भी प्रताड़ित किया जाता है अगर कुछ बच्चियों की गलती है तो उनकी सजा अन्य 40 बच्चियों को क्यों दी जा रही है, क्यों छात्रों को भूखा रखा जा रहा है और वह मजबूर है बाहर से खाना खाने को कई छात्राएं निर्धन है जो बाहर खाना खाने में असमर्थ हैं उसके बावजूद भी किसी से कर्ज लेकर बाहर खाना खा रही हैं.. छात्रावास की वार्डन अलका प्रजापति ने कहा कि यह सही बात है कि बच्चियों के लिए 2 महीने से खाना नहीं बना रहे हैं और और कहां की मैं असमर्थ हूं बच्चों को खाना बनाने में मुझे इस दायित्व से मुक्त किया जाए, सवाल यह है कि 2 महीने से खाना नहीं बनाया उसका रुपए और राशन गया कहां. भाई इस मामले को जिला कलेक्टर के सामने अवगत कराया तो जिला कलेक्टर ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए का की बच्चियों की जो भी परेशानी उसको शीघ्र दूर किया जाएगा,



**शिकायतकर्ता**

अनुसूचित जनजाति के छात्रावास में बालिकाओं के द्वारा कहा गया कि हमें भोजन के लिए परेशान किया जा रहा है और 2 महीने से भोजन नहीं बन रहाएवं हमें मानसिक रूप से प्रसारित किया जा रहा है जिसके कारण हमारी पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है हमारी शासन प्रशासन से गुजारिश है कि हमें समय पर भोजन उपलब्ध कराया जाए जिससे हम अपनी पढ़ाई को पूरा कर अपने भविष्य सही कर सकें

**शिकायतकर्ता**
**छात्राएं**
**ज्योति पवैया**
**संगीता एवं अन्य बालिकाएं**
**इन्होंने कहा**

अनुसूचित जनजाति के छात्रावास में छात्राओं के द्वारा भोजन संबंधित शिकायत की है इसको संज्ञान में लेकर अधिकारियों को द्वारा जल्द ही परेशानी को दूर किया जाएगा

**श्रीमती रुचिका चौहान**
**जिला कलेक्टर ग्वालियर**

छात्रों छात्रों के द्वारा भोजन संबंधी शिकायत की गई थी शिकायत को देखते हुए जल्द ही समस्याका निराकरण जावेगा हमारा प्रयास रहेगा कि बालिकायो को अच्छा माहोल मिले जिससे वह अपनी पढ़ाई पूरी कर सके

**आर के शर्मा**
**सहायक आयुक्त**

बच्चियों के लिए दो महीना से खाना नहीं बना रहे हैं और मैं खाना बनाने में असमर्थ हूं मुझे इस दायित्व से मुक्त कर दिया जाए

**अलका प्रजापति**
**छात्रावास वार्डन**

अनुसूचित जनजाति के हॉस्टल में बालिकायो के द्वारा भोजन संबंधी शिकायत की गई है अगर यह शिकायत सही है तो इसमें प्रशासन के अधिकारीयों की जिम्मेदारी है कि बालिकायो सही ओर पोषण रहित भोजन उपलब्ध कराऐ

**प्रमोद करें**
**पार्षद वार्ड 23**






## भोलेनाथ के भक्तों ने नववर्ष के अवसर पर किया भंडारा



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिहं चौहान**

लहार नगर के मेन मार्केट में स्थित अचलेश्वर शिव भोलेनाथ के मंदिर पर लहार नगर के शिव भक्तों द्वारा भंडारा प्रसाद वितरण किया गया जिसमें नगर के धर्म प्रेमियों ने बड़ी संख्या में आकर श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया यहां बता दें कि शिव भक्तों द्वारा प्रतिवर्ष नव वर्ष के उपलक्ष में भंडारा प्रसाद वितरण किया जाता है और भगवान भोलेनाथ से समस्त नगर वासियों के जीवन में सुख शांति के लिए प्रार्थना की जाती है

## सीएम राइस विद्यालय दो कक्ष का भूमि पूजन संपन्न



**केसरिया हिंदुस्तान**
**दिनेश वर्मा**

खेड़ाखजुरिया- सीएम राइस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में दो नवीन कक्ष निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ । भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच शिवनारायण परिहार, वीरेनसिंह झाला, कन्हैयालाल सूर्यवंशी,संस्था प्राचार्य डॉ.उदयसिंह चौहान उपस्थित थे। संस्था प्राचार्य डॉ. चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत कई दिनों से यहां पर कक्ष निर्माण के लिए मांग की जा रही थी । भवन निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद दो कक्ष का निर्माण कार्य प्रारंभ कर रहे हैं । प्रयास रहेगा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता से शीघ्र पूर्ण हो जाए । कक्ष निर्माण से छात्र छात्राओं को अध्ययन में सुविधा मिलेगी ।

## पिछोर में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्मदिवस पर मरीजों को किये फल तथा कपडे वितरण




**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता ,राकेश लोधी पिछोर, 9589655424**

पिछोर (शिवपुरी) पिछोर क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी के निर्देशन में 01जनवरी 2025 बुधबार को नए वर्ष पर केंद्रीय मंत्री श्रीमंत महाराजा ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्मदिवस मनाया गया!जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिछोर में क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी के निर्देशन में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्म दिवस उनके छोटे पुत्र दिनेश कुमार लोधी के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिछोर में पहुंचकर सभी लोगों के बीच मनाया गया! जहां उन्होंने अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को फल वितरण किए तथा इसके साथ ही सभी मरीजों के साथ साथ बच्चों को भी गर्म कपड़े वितरित किए गए! इस मौके पर पिछोर भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल रहोरा, विधायक के निज सहायक, महेश लोधी,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रमेश शर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बृजमोहन लोधी (मुखिया), पूर्व मंडल अध्यक्ष हरिगोपाल शर्मा, विधायक प्रतिनिधि गौरव मिश्रा, मंडल महामंत्री मुकेश पंसारी,सुरेश भार्गव, नगर परिषद पार्षद एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री पूनम सोनी, सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे!

## नव उदय पब्लिकेशन्स ग्वालियर द्वारा मथुरा में आयोजित हुआ भव्य महाकवि सूरदास नव उदित साहित्यकार व गायन सम्मान समारोह




मथुरा -नव उदय पब्लिकेशन ग्वालियर द्वारा इस बार मथुरा में महाकवि सूरदास नव उदित साहित्यकार व गायन सम्मान समारोह 2024 जी एस फार्म हाउस में आयोजित किया गया। शिव्या जैन नव उदय प्रकाशन ग्वालियर मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित इस सफल कार्यक्रम जिसमें 9 पुस्तक लोकार्पण व 100 अनवरत कविता पाठ व 15 गायन प्रस्तुति हुई। इस समारोह में 250 से अधिक पूरे विश्व से आये साहित्यकारों व गायकों का सम्मान व उनका कविता पाठ व गायन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में जो विशिष्टअतिथि सभा में उपस्थित रहे वो इस प्रकार हैं। श्री अजीत कुमार PCS स्ब्ठरू मथुरा उत्तरप्रदेश, डॉ. बृजेश यादव CPO दीन दयाल उपाध्याय बेट्रीनरी कॉलेज मथुरा, श्री वेद प्रकाश राय राष्टीय सचिव मीडिया प्रभारी अखिल भारतीय भोजपुर समाज लखनऊ उत्तर प्रदेश, डॉ धर्मेंद्र कुंतल डायरेक्टर कुंतल मल्टीस्पेसिलिटी हॉस्पिटल मथुरा, श्री रवि चौधरी डायरेक्टर राइट वाइट् एग्रो ?्रेड आगरा उत्तर प्रदेश, श्री राघवेश तिवारी नायब तहसीलदार मथुरा उत्तरप्रदेश, डॉ हर्ष गुप्ता MBBS MD स्ब्द्ध यूरोलोजिस्ट, किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन मथुरा उत्तरप्रदेश, श्री जुगल किशोर प्रधान जी, श्री भूपेंद्र कुमार फाउंडर MD ऑफ ऐफोरिया ग्रुप नोएडा उत्तरप्रदेश, कैप्टन डॉ. राजश्री असोसिएट ह्ष्ष्ट ऑफिसर B.B.A. UNIVERSITY LUCKNOW, श्री सत्य प्रकाश कवि, मंच संचालक देहरादून, श्रीमती अर्चना द्विवेदी कवयित्री श्रृंगार रस अयोध्या उत्तर प्रदेश, कवि अनूप कुमार नवोदयन लखनऊ उत्तर प्रदेश, श्रीमती भारती शर्मा मंच संचालक, कवियत्री मथुरा उत्तर प्रदेश, श्री अम्बरीष पांडेय वरिष्ठ पत्रकार(सम्पादन)ꣳश्व न्यू? (नोयडा), श्री अविनाश कुमार राष्टीय अध्यक्ष नवोदय जनतांत्रिक पार्ट, MD ब्राम्हीह अंतरराष्टीय फाउंडेशन, गरिमा श्रीवास्तव , एंकर जनतंत्र टीवी, श्रीमती रक्षा सिन्हा मंच संचालक ?ि?याबाद उत्तरप्रदेश, वर्तिका पत्रकार ndt1 न्यू? इस कार्यक्रम के संयोजक श्री शेर सिंह मथुरा उत्तर प्रदेश, श्री नरेंद्र चौधरी मथुरा उत्तर प्रदेश, श्री कर्मवीर गुर्जर मथुरा उत्तर प्रदेश, श्री मोहित मानधन्या, भोपाल मध्य प्रदेश, श्री राज शेखर लखनऊ उत्तर प्रदेश, भी उपस्थित रहे। मंच प्रवंधन श्री हर्षित जैन, बरखा जैन, सोनल अग्रवाल द्वारा किया गया। मंच संचालन श्री सत्य प्रकाश सत्य, श्रीमती मनीषा आंवले चौगावकर व रक्षा सिन्हा जी द्वारा किया गया। नव उदय- नव उदय पब्लिकेशन आप सभी अतिथियों का सदा आभारी रहेगा क्योंकि आपके आगमन से कार्यक्रम में उपस्थित सभी साहित्यकारों को एक नई ऊर्जा प्राप्त हुई। नव उदय प्रकाशन पूरे विश्व से आये सभी 260 साहित्यकारों के उज्ज्वल भविष्य की हृदय से कामना करता है कि वे नई ऊँचाईंयों के आयाम स्थापित करें।

## तीन दिनों से अंधेरे में डूबा अवासिन पुरवा

सीतापुर। पिछले तीन दिनों से झरेखापुर क्षेत्र का अवासिन पुरवा अंधेरे में डूबा हुआ है। गौरतलब हो कि अवासिन पुरवा गांव में बिजली का खंभा टूटकर झुक गया है। इससे पूरे गांव में अंधेरा पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचना दी लेकिन मंगलवार तक राहत नहीं मिल पाई थी।विद्युत उपकेंद्र भवानीपुर के अवासिनपुरवा गांव में लगा बिजली का पोल टूटकर झुक गया। लोगों ने इसकी सूचना विद्युत उपकेंद्र में दी। इसके बाद आपूर्ति बंद कर दी गई। तीन दिन बाद भी विभाग ने टूटे पोल की मरम्मत नहीं कराई और न बिजली आपूर्ति बहाल कराई। पूरे गांव की करीब एक हजार की आबादी अंधेरे में है।बिजली गायब रहने से लोगों के घरों में पानी की भी समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीण आशीष कुमार, निकेत, रोहित, अनिल, आनंद, अशोक शर्मा, रंजीत आदि ने बताया कि तीन दिनों से गांव में बिजली नहीं आई है। मोबाइल फोन चार्ज नहीं हो पा रहे हैं।

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया के जन्मदिन के अवसर पर भव्य सुंदरकांड का हुआ आयोजन

### लहार नगर में हुआ गौ भडारा भुखी गायों को जगह जगह डलवाया गया हरा चारा भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक चौधरी के द्वारा कराया गया आयोजन

**दैनिक कैसरिया हिंदुस्तान/ रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान**

लहार विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री कांकशी सरकार पर आज केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पिछले 40 वर्षो से सिंधिया के निष्ठावान कार्यकर्ता अशोक चौधरी ने भव्य सुंदरकांड,हनुमान चालीसा,दीप प्रज्वल कर अपने नेता के लम्बी आयु की कामना की यहां बता दें केंद्रीय मंत्री सिंधिया की माताजी राजमाता माधवी राजे सिंधिया के पिछले वर्ष निधन हो जाने के कारण केंद्रीय मंत्री सिंधिया इस वर्ष अपना जन्मदिन न मनाने का निर्णय लिया है उन्होंने अपने अपने कार्यकर्ता समर्थक एवं आम जनता से दिल्ली न आने का आग्रह किया है एवं सभी को निर्देश दिया है आप लोग जहां है वहीं जहां संभव हो धार्मिक कार्य,गरीबों को गर्म वस्त्र वितरण,भोजन वितरण,गौशाला में गौ माता को चारा खिलाना अन्य कार्य करके भगवान से प्रार्थना कर सकते है इसी कड़ी में उनके अनुयाई अशोक चौधरी ने प्रसिद्ध धार्मिक





स्थल पर सुंदरकांड,हनुमान चालीसा,दीप प्रज्वल कर महाप्रसाद का वितरण कराया एवं लहार नगर में भुखी वेसहरा गायों के लिए जगह जगह हरा चारा डलवाकर गौ भडारा करवाया गया श्रीमंत सिंधिया जी के जन्मोत्सव के इस महोत्सव में इनकी रही उपस्थिति,भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक चौधरी,पूर्व नपा अध्यक्ष रामकुमार महते, वरिष्ठ नेता योगेन्द्र सिंह ,भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष,मनोज शास्त्री,पूर्व नप अध्यक्ष संतोष बौहरे,मंडल अध्यक्ष देवेंद्र उपाध्याय,मंडल अध्यक्ष असवार अनूप त्यागी,मंडल अध्यक्ष मिहौना विकाश बौहरे,किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष प्रमोद शर्मा,पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रामकुमार यादव,पूर्व पार्षद हरीबाबू निराला,पूर्व सरपंच परमाल सिंह,वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह गुर्जर,पूर्व पार्षद विनोद नहले,पार्षद लालता कुशवाह,दीपू मलपुरा, वार संघ के कोषाध्यक्ष देवेंद्र कुशवाह,गुलाब पटेल देवरी,कल्लू यादव,एड संजय शर्मा,संजीव यादव,पार्षद रोमी रायकवार,हरदास बापू,बड़े कुरथर,मनोज शर्मा,सिंधिया ऑनलाइन टीम के जिला प्रभारी शिवम् चतुर्वेदी,युवा नेता शुभम् लंबरदार, भाजपा नेता अतीश गुप्ता, जीतू शर्मा,सरपंच रविन्द्र उपाध्याय,सरपंच प्रदीप तिवारी,एड मनोज शर्मा,धर्मेंद्र सोनी,मोनू राजावत,पप्पू महंत सहित बड़ी संख्या में आमजन व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विशाल कलश यात्रा के साथ देवी भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान 9009601101**

ग्वालियर -/- बालाजी दरबार शिंदे की छावनी पारदी मोहल्ला में श्रीमद् देवी भागवत का शुभारंभ हुआ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी, श्रीमद् देवी भागवत कथा का वाचन शहर के सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं.घनश्याम शास्त्री महाराज ने किया श्रीमद् देवी भागवत के श्रवण से मनुष्य के पाप धुल जाते हैं। कथा मानव के कल्याण के लिए अमृत समान है ये बात शास्त्री जी ने कही,देवी भाग कथा के यजमान है, विष्णु



मिश्रा उनकी धर्मपत्नी सरिता मिश्रा जी कलश यात्रा बैंड बाजो के साथ बालाजी दरबार से, शिंदे की छावनी रामदास घाटी, तोमर वाडा होते हुए बालाजी दरबार पहुंची जिसमें जगह-जगह कलश यात्रा का स्वागत सत्कार भी किया गया, देवी भागवत कथा के लिए लोगों के मन में बड़ा उत्साह और आनंद है, बालाजी दरबार के सभी भक्त हर्ष और उल्लास के साथ में देवी की कथा का आनंद लिया इस कथा में अनेक दुर्लभ संतों के दर्शन भी मिलेंगेयह भागवत कथा 1 जनवरी से 9 जनवरी तक चलेगी 10 जनवरी को विशाल भंडारी के साथ समापन होगा यह भागवताचार्य जी की 125 वीं महापुराण की कथा हे कथा के अंत में बालाजी दरबार के महंत नरेंद्र मिश्रा पप्पी महाराज एवं सभी भक्तों ने आरती की

## परीक्षा पे चर्चा 2025 पी.एम. श्री नरेंद्र मोदी करेंगे विद्यार्थियों से परीक्षा पे चर्चा

सीधी एपीसी रमसा डॉ सुजीत मिश्रा ने जानकारी देकर बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा 2025 के निमित्त होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिये रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। परीक्षा पे चर्चा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत करेंगे और परीक्षा के तनाव से निपटने के मंत्र देंगे। प्रधानमंत्री इस संवाद कार्यक्रम के दौरान तनाव को पीछे छोड़ने और परीक्षा के डर को दूर करने तथा परीक्षा को त्योहार की तरह मनाये जाने के टिप्स साझा करेंगे। परीक्षा पे चर्चा 2025 के लिये पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है एवं अंतिम तिथि 14.01.2025 रखी गई है। प्रधानमंत्री माता-पिता और शिक्षकों के साथ भी बातचीत करेंगे। प्रतियोगिता के माध्यम से चुने गये छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पीपीसी किट उपहार में दी जायेगी। यह प्रतियोगिता कक्षा 6 से 12 तक के स्कूली छात्रों के लिये है। छात्र प्रधानमंत्री जी को अधिकतम ×00 शब्दों में अपना प्रश्न भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

# नए साल में 25 हजार से ज्यादा पर्यटक महेश्वर पहुंचे :



### नौका विहार का आनंद लिया; नर्मदा रिट्रीट सहित 25 से ज्यादा होटल फूल

**विकास यादव दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

नए साल के पहले दिन पर्यटन नगरी महेश्वर पर्यटकों से गुलजार रही। यहां बुधवार को 25 हजार से ज्यादा पर्यटक पहुंचे और नर्मदा नदी में नौका विहार का आनंद लिया। किला परिसर, घाट क्षेत्र और सहस्त्रधारा जैसे प्रमुख स्थलों पर दिनभर भीड़ बनी रही। नववर्ष पर छुट्टियों के कारण एक दिन पहले ही 8000 से ज्यादा पर्यटक महेश्वर पहुंच चुके थे। पर्यटन विभाग के नर्मदा रिट्रीट सहित 25 से अधिक होटल पूरी तरह भरे रहे।

**भीड़ नियंत्रण के लिए बुलाया अतिरिक्त पुलिस बल-** पर्यटकों की भारी भीड़ को संभालने के लिए प्रशासन ने अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया। नर्मदा घाट क्षेत्र, किला परिसर और अन्य मुख्य स्थानों पर पुलिसकर्मियों की व्यवस्था की गई। साथ ही सफाई कर्मचारियों और गोताखोरों को घाटों पर अलर्ट मोड में रखा गया। वहीं, नर्मदा मार्ग, कालिदास मैदान, किला परिसर, और पेशवा मार्ग स्थित पार्किंग स्थल दिनभर फुल रहे। वाहनों को व्यवस्थित खड़ा करवाने के लिए प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।नए साल के पहले दिन किला परिसर घूमने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे।

**ट्रैफिक डायवर्ट किया गया-**महेश्वर में बढ़ते ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए कई मार्गों पर यातायात को डायवर्ट किया गया। जय स्तंभ चौराहे से आने वाले वाहनों को नर्मदा रिट्रीट रोड और मंडलेश्वर रोड स्थित बाइपास से वाहनों की आवाजाही रही। नर्मदा मार्ग और किला मार्ग से गोपाल मंदिर मार्ग और बाजार चौक से बाइपास डायवर्ट किया गया। वहीं, महात्मा गांधी मार्ग को वन वे रखा गया

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया के जन्मदिन पर नरवर में माधव वन का हुआ लोकार्पण नगर में हुए अनेक आयोजन, कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता रहे

### प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण ,ईज़ी गोपाल सिंह पाल दद्दा के द्वारा किया गया**





**ममता बघेल-/- देनिक केसरिया हिंदुस्तान**

शिवपुरी नरवर -/-भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री एवं शिवपुरी गुना संसदीय क्षेत्र के सांसद श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्मदिन पर नरवर जनपद पंचायत प्रांगण के नजदीक माधव वन का लोकार्पण किया गया। इस वन के में आज सभी ने पौधा रोपण भी किए। माधव बन का लोकार्पण करेरा के पूर्व विधायक जसमंत जाटव ने प्रदेश कार्य समिति सदस्य विजय शर्मा, संदीप महेश्वरी, पाल बघेल समाज के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल पाल दद्दा, जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका गौरव पाल सहित अनेक गण मान्य नागरिको भाजपा कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में किया । इस अवसर पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे छात्र एवं छात्राओं की अलग-अलग कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता देखने लोगों में काफी उत्साह रहा है। कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता रहे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागियों को आयोजकों द्वारा पुरस्कार वितरण भी किए गए। श्रीमंत सिंधिया के जन्म दिवस के अवसर पर सभी ने उनके जीवन के बारे कहा कि सिंधिया महाराज गरीब पिछड़े वंचित के प्रति समर्पित राजनेता हमेशा से लोगो की मदद के लिए तत्पर रहते हैं केन्द्रीय मंत्री के सफल जीवन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष पाल बघेल धनगर समाज के ईज़ी गोपाल सिंह पाल दद्दा कि कार्यक्रम में विशेष रूप से भूमिका रही पर उनको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देकर सुख, समृद्ध, यशस्वी रहने की ईश्वर से प्रार्थना की है। दद्दा ने कहा महाराज महाराज सिंधिया अपने संसदीय क्षेत्र का हमेशा ध्यान रखते हैं कुशल नेतृत्व करने महाराज के साथ हमें कार्य करने सौभाग्य मिला है

# सराक क्षेत्र में शिक्षण शिविरों का हुआ समापन

### प्रतिभावान छात्र- छात्राओं का हुआ सम्मान

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन**

लखनपुर प. बंगाल (परम पूज्य सराकोध्दारक आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिला के विभिन्न अंचलों में एक साथ ब्र. अनीता दीदी, ब्र.मंजुला दीदी के निर्देशन में शीतकालीन ज्ञान संस्कार बाल शिक्षण शिविरों का समापन विशिष्ट जनों की उपस्थिति में सांस्कृतिक परिस्थितियों के साथ विशिष्ट जनों की उपस्थिति में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ। जिसमें बारकोना,लक्ष्मनपुर,राजामेला,भोक्तावान, हारीभंगा,खगड़ा आदि स्थानों पर शिविरों का समापन हुआ।जिसमें जैन सराक ट्रस्ट के अध्यक्ष गयाराम मांझी,सचिव संजय मांझी, लखन जी, डॉ प्रदीप सुधांशु माझी एवं रघुनाथपुर सेंटर के व्यवस्था प्रमुख गौरांग मांझी, रामदुलार मांझी बंधन मांझी, समीर मांझी फरिक मांझी,लखनपुर सेंटर के शक्तिपदा आचार्य ज्ञानसागर जी के चित्र के समग्र दीपप्रज्वलन, मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ स्थानीय शिविर सहयोगियों का सम्मान बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। ज्ञान दर्पण भाग 1,2, पूजन प्रशिक्षण, मेहंदी, ड्राइंग, सिलाई में प्रथम, पत्र, मेडल, स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। शिक्षण शिविरों अध्यापन कराने हेतु शिविर मुख्य संयोजक मनीष शास्त्री विद्यार्थी



द्वितीय,तृतीय पुरस्कार दिए गए एवं सभी शिविरार्थीओं को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। इसके साथ ही कक्षा 10वीं एवं 12वीं मैं अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण सागर. संयोजक रीतेंद्र जैन बड़ामलहरा, नितिन शास्त्री, आकांक्षा जैन, स्नेहालता जैन, काव्या जैन, जिनांश जैन, नितू जैन के द्वारा सफलतम आयोजन के लिए सम्मान सराक ट्रस्ट्र बांकुरा द्वारा किया गया। शिक्षण शिविरों के विषय में सराक ट्रस्ट्र अध्यक्ष गयाराम मांझी ने कहा कि ऐसे आयोजन से धर्म की प्रभावना होती है और यह हमेशा होते रहनी चाहिए ग्रीष्मकालीन शिविरों के लिए अभी से हम लोगों का आमंत्रण है हम सभी आपका सहयोग करेंगे। सराक ट्रस्ट्र सचिव संजय मांझी ने कहा हमें आगे के कार्यक्रम के लिए अभी से तैयारी करनी पड़ेगी। शिविर संयोजक मनीष शास्त्री विद्यार्थी ने कहा ऐसे आयोजन में अगर स्थानीय समाज सहयोग करती है तो कार्यक्रम निश्चित ही सफल होते हैं और आप लोगों का हमें सहयोग मिलेगा तो हम ग्रीष्मकालीन शिविरों का भव्य आयोजन करेंगे। जिससे पूरे सराक क्षेत्र में शिक्षण शिविरों का सफलतम आयोजन हो सके। शिक्षण शिविरों का आयोजन जैन मिलन कॉलोनी मुजफ्फरनगर एवं आयोजक भारतवर्षीय दिगंबर जैन सराक ट्रस्ट दिल्ली एवं सराक उन्नयन समिति बांकुडा पश्चिम बंगाल के सहयोग से आयोजित ज्ञान संस्कार बाल शिक्षण शिविरों का सफलतम कार्यक्रम संपन्न हो सका।

# नेकी की दीवार से स्व'छता कर्मियों का सम्मान एक सराहनीय पहल - सांसद डॉ.राजेश मिश्रा

## नव वर्ष के प्रथम दिवस सफाई कर्मी, सुरक्षा कर्मी एवम चिकित्सक हुए सम्मानित

सीधी। स्वास्थ्य विभाग ने नव वर्ष का स्वागत सफाई कर्मियों, सुरक्षा कर्मियों एवम चिकित्सको को सम्मानित कर किया। जिला अस्पातल के समीप संचालित नेकी की दीवार के माध्यम से आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि डॉ.राजेश मिश्रा सांसद, अध्यक्षता डॉ.दीपारानी इशरानी सिविल सर्जन जिला अस्पताल, विशिष्ट अतिथि डॉ.सुनीता तिवारी मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी, समाजसेवी कमल कामदार, दिलीप सितानी, आनंद परियानी, सुशील अग्रवानी, डॉ.सिराज अंशारी, संजीव मिश्रा सहित जिला अस्पताल के समस्त चिकित्सक, सफाईकर्मी, सुरक्षाकर्मी, नर्सिंग स्टाफ सहित सैकड़ो गणमान्यजन मौजूद रहें।

डॉ.दीपारानी इशरानी सिविल सर्जन जिला अस्पताल ने बताया कि 'यादा हो तो दे जाएं, जरूरत हो तो ले जाए की थीम के साथ नेकी की दीवार का संचालन सीएमओ नपा मिनी अग्रवाल, समाजसेवी डा.सिराज अंशारी एवम संरक्षक संजीव मिश्रा एवम टीम के द्वारा किया जा रहा है। जिसके माध्यम से अब तक हजारो




जरूरतमंदो तक वस्त्रदान एवम मदद पहुॅचाई जा चुकी है। इसी क्रम में नव वर्ष के शुरूआत में 1 जनवरी को सफाईकर्मियों, सुरक्षा कर्मियों एवम चिकित्सको का सम्मान शाल, श्रीफल एवम स्मृति चिंह भेंट कर किया गया। डॉ.दीपा ने आगे बताया कि वर्तमान में सीधी जिले के समस्त चिकित्सक एवम स्वास्थ्य कर्मियों के अथक परिश्रम के बदौलत प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा के लिये जाना जाता है। यह अपने आप में गौरव का विषय है। जिला अस्पताल ने विगत वर्ष लगभग 2.5 लाख मरीजो का सफल उपचार किया है साथ ही जिला टीकाकरण, डायलिसिस एवं अन्य विधाओं




प्रदेश स्तर पर परचम लहराया है। यह उपलब्धि सभी के सहयोग से हमें आज प्राप्त हुई है। ऐसे में सभी सफाई कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी एवं सुरक्षा कर्मियों का सम्मान वास्तव में सीधी जिले का सम्मान है। नेकी की दीवार में आयोजित स्वास्थ्य कर्मियों के सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जिले के सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि नेकी की दीवार के माध्यम से स्व'छता कर्मियों का सम्मान एक सराहनीय पहल है। मैं जिला चिकित्सालय का एक सदस्य था, हूॅ और सदैव रहूॅगा। यह एक गौरव का विषय है कि आज सभी के सहयोग से प्रदेश में सीधी का नाम हो रहा है, सभी सहयोगियों को ह्दय से आभार है। प्रभारी सीएमएचओ डॉ.सुनीता तिवारी ने अपने आर्शीवचन से सभी स्वास्थ्य कर्मियों का उत्साह वर्धन किया साथ ही कहा कि स्व'छ अस्पताल एवम घर से ही स्वस्थ्य भारत का होगा निर्माण होता है। उक्त कार्यक्रम का सफल संचालन संजीव मिश्रा समाजसेवी एवम कलमकार के द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डॉ.दीपारानी इशरानी सिविल सर्जन द्वारा किया गया।

### कार्यक्रम में ये रहें मौजूद -

नेकी की दीवार में आयोजित सम्मान समारोह में सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, डॉ.दीपारानी इशरानी, डॉ.सुनीता तिवारी, डॉ.विक्रम सिंह, डॉ. अरविन्द सोनी, डॉ.लक्ष्मण पटेल, डॉ.रवि पटेल, डॉ. हिमेश पाठक, डॉ.हरिओम सिंह, डॉ. विभा सिंह, डॉ.अंकिता सिंह, अविनीश मिश्रा, पंकज सिंह मैनेजर, डॉ.आर.बी.सिंह, डॉ.अतुल पाण्डेय, डॉ.उदय सिंह, नर्स स्टाफ, बालेन्द्र सिंह, कमल कामदार, दिलीप सितानी, सुशील अग्रवानी, आनंद परियानी सहित सैकड़ो की संख्या में नगर के गणमान्यजन मौजूद रहें।

# मड़वास पुलिस ने गांजा विक्रेताओ को किया गिरफ्तार, 1.20 लाख की बनाई जप्ती




सीधी। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी मड़वास केदार परौहा के नेतृत्व में मड़वास पुलिस ने कार्यवाही करते हुये 1.540 किलोग्राम गांजा के साथ 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार।। मड़वास चौकी प्रभारी द्वारा बताया गया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विक्रय परिवहन एवं भण्डारण के ऊपर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। इसी तारतम्य में 1 जनवरी 2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति मोटर सायकल से अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर कमचड़ सेहड़ा नदी के पुल तरफसे देवरी तरफजाने वाले है। जहॉ पुलिस टीम रवाना की गयी एवम सूचना के आधार पर आरोपियों को घेराबंदी कर पकडा गया। तत्पश्चात संदेहियो की तलासी ली गई तो दोनों के जेब से एक.एक नग मोबाइल फोन एवं मोटर सायकल के बीच में काले रंग की पालीथीन में मादक पदार्थ गांजा पाया गया । उक्त बरामद मादक पदार्थ गांजा की तौल की गई तो 1.540 किलो ग्राम गॉजा अनुमानित कीमत 20 हजार रूपये होना पाया गया। आरोपियों के पास मिले गांजा दो नग मोबाइल एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल की कुल अनुमानित कीमत 1 लाख 20 हजार समक्ष गवाहों के जप्त किया गया। संदेहियो का उक्त कृत्य धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत दण्डनीय पाये जाने पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर मामले को विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मझौली दीपक बघेल, चौकी प्रभारी मड़वास केदार परौहा, सउनि राजकुमार परिहार, प्रआर खतक राज सिंह, आरक्षक राकेश पटेल एवं राहुल गिरवाल की अहम भूमिका रही।

# पूजा पार्क में रामकथा जनवरी से होगी



सीधी। स्थानीय पूजा पार्क में विगत कई वर्षो से चलने वाली संगीतमय कथा इस वर्ष भी जनवरी 2025 से लेकर 11 जनवरी 2025 तक होगी। कथा के व्यास पं बाला व्यंकटेश महराज वृन्दावनोपासक प्रतिदिन 2 बजे से 6 बजे तक अपनी वाणी से श्रृद्धालु भक्तों को लाभान्वित करेंगे। श्रीकृष्ण रसामृत सेवा समिति सीधी की अध्यक्ष श्रीमती कुमुदिनी सिंह, संरक्षक सुरेन्द्र सिंह बोरा तथा सचिव डॉ श्रीनिवास शुक्ल सरस साहित्यकार ने सभी श्रोताओं से पहुॅचने तथा ज्ञान गंगा में गोता लगाने की अपील की है। राम कथा की मंगल कलश यात्रा × जनवरी को ठीक 2 बजे से फूलमती मंदिर अमहा सीधी से बाजे गाजे के साथ चलकर पूजा पार्क आयेगी। इस वर्ष भारतीय ज्ञान परम्परा और रामकथा पर आधारित कथा व्यास बाला व्यंकटेश महराज के श्रवणीय व्याख्यान प्रतिदिन 2 बजे से 6 बजे तक होंगे।

NATIONAL HOSPITAL
नेशनल हॉस्पिटल, रीवा
3 वर्षों से लगातार
आयुष्मान में
निःशुल्क
• कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी
• पथरी का दूरबीन के द्वारा ऑपरेशन
• प्रोस्टेट, हार्निया, हाइड्रोसील
+91 7566831551, 18008890620, 8608600604
पता: नेशनल हॉस्पिटल, समान तिराहा, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)

## टीकमगढ़ में इंजीनियर बेच रहा समोसे,ठेले का नाम रखा बीई समोसा विधायक बोले- भाजपा के राज में पढ़े-लिखे युवा घूम रहे बेरोजगार



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
मनोज सिंह

टीकमगढ़ के सिविल लाइन रोड पर इंजीनियर ने समोसे का ठेला लगाया है। उसने ठेले का नाम बीई समोसा% रखा है। मंगलवार को कांग्रेस विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ठेले पर पहुंचकर 10 हजार रुपए की मदद की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में पढ़े-लिखे युवा बेरोजगार घूम रहे हैं।दरअसल, कम्प्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने के बाद आदर्श खरे ने नौकरी तलाश की।उनकी बहन भी बीएससी पास है। नौकरी नहीं मिली, तो दोनों ने समोसे और पानी पुरी की दुकान शुरू कर दी। उन्होंने सिविल लाइन रोड पर ठेला लगाया है। ठेले पर संचालित दुकान का नाम भी बीई समोसा रखा है। यह नाम सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मंगलवार को कांग्रेस विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला उनसे मिलने पहुंचे। विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने 10 हजार रुपए की मदद की।आदर्श खरे ने बताया कि साल 2020 में सागर से कम्प्यूटर साइंस में बी.ई. (इंजीनियरिंग) की डिग्री ली। पढ़ाई के बाद चार साल तक नौकरी की तलाश में कई जगह आवेदन किया, इंटरव्यू दिए, लेकिन सफलता नहीं मिली। पिता का 2012 में और मां का हाल ही में निधन हो गया, जिससे उन पर परिवार का भार आ गया।आदर्श और उनकी बड़ी बहन सिविल लाइन रोड पर पिछले एक सप्ताह से ठेला लगा रहे हैं। आदर्श ने बताया कि दुकान का नाम बी.ई. समोसा रखा है, ताकि लोग जान सकें कि उच्च शिक्षा के बाद भी अगर नौकरी नहीं मिलती है, तो आत्मनिर्भर बना जा सकता है। उनका कहना है कि शिक्षा व्यर्थ नहीं जाती। यह जीवन में चुनौतियों से लड़ने का साहस देती है।


## राष्ट्रीय अध्यक्ष पत्रकार राज संघ में नियुक्ति किए गए वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप कुमार तिवारी



भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

आपको आगे अवगत कराते चले की वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप कुमार तिवारी रीवा के छत्रपति नगर वार्ड नंबर 26 के निवासी हैं और दैनिक हिन्दुस्तान की गूंज में स्टेट हेड मध्य प्रदेश के साथ साथ श्रेय टीवी के निर्माता भी हैं जिनका आज दिनांक 01/01/25 को जन्म दिन भी है और पत्रकार राज संघ में राष्ट्रीय अध्यक्ष पर मनोनीत किए गए आज दो-दो खुशियां एक साथ देखने को मिल रही है आज तिवारी जी का जन्म दिन भी है और आज के ही दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष की ताजपोसी भी हुई है तिवारी जी के द्वारा पत्रकार राज संघ के संस्थापक नरेश शर्मा का आभार व्यक्त किया गया हैऔर जो संगठन के द्वारा दायित्व मिला है वह बड़ी सूझबूझ और भाली भात से अपने पद का निर्वाह करेंगे

## *धान उपार्जन में भ्रष्टाचारः नईगढ़ी सहकारी समिति पर लापरवाही के गंभीर आरोप*


कार्यालय कलेक्टर (खाद्य) जिला–मऊगंज (म.प्र.)
क्र./खाद्य/उपार्जन/2024/1263
श्री कन्हैयालाल साकेत
उपार्जन प्रभारी
उपार्जन केन्द्र नईगढ़ी, जिला–मऊगंज।
विषय :- कारण बताओ सूचना–पत्र।
713000.00 रू. वसूल की जावे।
कलेक्टर
जिला–मऊगंज

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

मऊगंज, मध्य प्रदेश। जिले में धान उपार्जन प्रक्रिया को लेकर बड़ी लापरवाही और अनियमितताओं का मामला सामने आया है। नईगढ़ी तहसील के अंतर्गत सहकारी समिति द्वारा धान उपार्जन में की गई गड़बड़ियों के चलते जिला कलेक्टर ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। धान विपणन वर्ष 2024-25 के लिए सहकारी समिति नईगढ़ी को उपार्जन कार्य का जिम्मा सौंपा गया था। लेकिन 23 दिसंबर 2024 को निरीक्षण के दौरान चौंकाने वाली अनियमितताएं सामने आई- लगभग *30 हजार क्विंटल धान की स्टैकिंग* सही तरीके से नहीं की गई थी। तिरपाल जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी तरह नदारद थीं, जिससे स्टॉक के खराब होने की आशंका बढ़ गई।अनियमित रूप से स्वीकार किया गया, जो नियमों के खिलाफ है। कलेक्टर ने नईगढ़ी के उपार्जन प्रभारी कमलेशलाल साकेत को जारी नोटिस में तीन मुख्य सवाल किए हैं- क्यों और किस कारण उपार्जन कार्य में लापरवाही बरती गई? क्यों उपार्जन प्रक्रिया में अनियमितताएं पाई गईं? अतिरिक्त धान की अनाधिकृत स्वीकृति क्यों की गई और ?39 लाख की राशि कैसे स्वीकार की गई? कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया तो संबंधित अधिकारियों पर *वैधानिक कार्रवाई* की जाएगी। इस मामले से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए मांग की है कि दोषियों को जल्द से जल्द सजा दी जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। यह मामला केवल एक विभाग की लापरवाही का नहीं है, बल्कि यह दर्शाता है कि कैसे सरकार की योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन नहीं हो पाता। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में कितनी तेजी से कार्रवाई करता है।

# स्वास्थ्य विभाग और निजी अस्पताल में क्या हुई सांठगांठ.....10 महिने में नही हो सकी मौत की जांच, हॉस्पिटल पर 302 की कानूनी कार्रवाई प्रस्तावित, जांच अधिकारी के साथ भी किया गया था दुर्व्यवहार

### अनुमति नही होने के बावजूद अस्पताल में ईलाज के दौरान कोरोना संक्रमित की मौत पर इंसाफ अधूरा


देबाशीष गांगुली (संवाददाता । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)

बैकुंठपुर। जिला प्रशासन कोरिया के द्वारा बैकुंठपुर स्थित निजी अस्पताल में शासन के अनुमति नही होने के बावजूद कोविड मरिज के इलाज के दौरान हुए मौत के मामले जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय कुंडली मारकर बैठ गया है। पहली जाच के डेढ साल बीत जाने के बात कोई कार्यवाई नही किये जाने की ही तरह पुनः जाच में टाल मटोल किया जा रहा है। 09 फरवरी 2024 को जिला प्रशासन ने पत्र लिखकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जाच कर रिपोर्ट देने को कहा था। किन्तु आदेश के 10 महिने होने को है किन्तु स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो को ठेकेदारी करने से फूर्सत नही मिली शायद। अन्यथा कोई कारण नही 300 दिन में विभाग को इसकी फूर्सत न मिली हो।

इससे पूर्व मामले में जिला प्रशासन की पहली टिम के द्वारा की गई कार्रवाई की अनुशंसा का अनुपालन नहीं हो होने पर कार्यालय कलेक्टर कोरिया ने सुनील तिवारी की शर्मा हॉस्पिटल महलपारा बैकुंठपुर में दिनांक 09 मई 2021 को इलाज के दौरान मृत्यु के संबंध में जांच कर बताने को कहा गया अथवा कैसे हुई है ।

**300 दिनो कम क्यो पड गये जाच में** –जिले के स्वास्थ्य महकमे ने 10 महीने यानी लगभग 300 दिन बीत जाने के उपरांत जाच करने की जहमत नही उठाई है। इस संबंध में जिले के मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के द्वारा 25 नवम्बर 2024 को आरटीआई की लिखित जानकारी में बताया गया कि हमें अब तक गठित जाच दल से कोई जवाब रिपोर्ट प्राप्त नही हुआ है। यही कारण है कि जानकार सारे मामले में स्वास्थ्य विभाग और निजी अस्पताल की सांठगांठ होने की बात कह रहे हैं। जबकि जाच दल का गठन 16 मई 24 को किया गया था उनमें डॉ. अशोक कुमार सिंह, मेडिसिन विशेषज्ञ- जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर को जांचकर्ता अधिकारी, डॉ. अभिषेक ग?वाल, चिकित्सा अधिकारी जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर को सहायक एवं विनोद तिवारी, सहायक ग्रेड 03 जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर को टंकणकर्ता लिपिक बनाया गया था।

**हॉस्पिटल पर 302 की कानूनी कार्रवाई है प्रस्तावित**–गौरतलब हो कि शर्मा हॉस्पिटल द्वारा कोरोना पॉजेटिव सुनील तिवारी का इलाज किया गया था जो कोविड पॉजिटिव थे इलाज के दौरान




उनकी मृत्यु हो गई । मृत्यु के घटना की दंडाधिकारी जांच जिला दंडाधिकारी कोरिया के आदेश पर तत्कालीन जांच अधिकारी अपर कलेक्टर बैकुंठपुर सुखनंदन अहिरवार के द्वारा बिंदुवार जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। तत्कालीन अपर कलेक्टर के द्वारा जांच प्रतिवेदन में हत्या का प्रकरण दर्ज कराकर भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई हेतु प्रस्तावित किया गया ।

**इसलिए दोबारा जॉच को लिखा गया है पत्र**–जाच अधिकारी ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा चिकित्सकों के संबंध में दिनांक 05.08.2005 को जैकब मैथ्यू बनाम पंजाब राज्य एवं अन्य (2005) के आदेश का हवाला देते हुए कहा है कि एक निजी शिकायत पर तब तक विचार नहीं किया जा सकता जब तक कि शिकायतकर्ता ने आरोपी डॉक्टर की ओर से जल्दबाजी या लापरवाही के आरोप का समर्थन करने के लिए किसी अन्य सक्षम डॉक्टर द्वारा दी गई । विश्वसनीय राय के रूप में अदालत के समक्ष प्रथम दृष्टया सबूत पेश नहीं किया हो। जांच अधिकारी को जल्दबाजी या लापरवाही से किए गए कार्य या चूक के आरोपी डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई करने से पहले, मेडिकल प्रैक्टिस की उस शाखा में योग्य सरकारी सेवा के डॉक्टर से एक स्वतंत्र और सक्षम चिकित्सा राय प्राप्त करनी चाहिए, जिससे आम तौर पर निष्पक्षता की उम्मीद की जा सकती है। जांच में एकत्रित तथ्य पर परीक्षण को लागू करते हुए निष्पक्ष राय। इसलिए शर्मा हास्पिटल महलपारा बैकुंठपुर में कोविड पॉजिटिव मरीज सुनील तिवारी निवासी जूनापारा वैकुंठपुर की दिनांक 09.05.2021 को इलाज के दौरान मृत्यु के संबंध में जांच कर यह स्पष्ट प्रतिवेदन प्रस्तुत करें कि क्या मरीज की मृत्यु में अधिनियम 2005 का उलंघन मानकर सिविल सेवा आचरण अधिनियम 1965 के नियमों का उलंघन मानते हुए संचालक शर्मा को नोटिस दिया गया है।

**जांच अधिकारी के साथ किया था दुर्व्यवहार**–मामले में जॉच अधिकारी अपर कलेक्टर सुखनंदन अरिवार ने लिखा कि थाना प्रभारी बैकुंठपुर के द्वारा संचालक शर्मा हास्पिटल डॉ. राकेश शर्मा पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। जबकि दिनांक 06.01.2022 तक लगातार 11 बार उपस्थिति एवं साक्ष्य हेतु नोटिस जारी किया गया है, किन्तु नोटिस प्राप्त होने के बावजूद भी इस न्यायालय में कभी भी उपस्थित नहीं हुए। सक्षम जांच अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार भी किया गया, जिसकी सूचना कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी बैकुण्ठपुर को दिया गया था किन्तु कोई कार्यवाही नहीं की गई। जांच में मृतक का उपचार किये गये अन्य सुसंगत अभिलेख प्राप्त किया गया। प्रकरण में समग्र विवेचना उपरांत एवं आए साक्षियों तथा अभिलेखों के आधार पर प्रतिवेदन दिया गया है।

**जिला प्रशासन की जाच टिम ने यह दिया था रिपोर्ट**–जाच अधिकारी ने कहा कि मृतक सुनील तिवारी को कोविड-19 मरीज थे इसके बावजूद भी संचालक शर्मा हास्पिटल के डॉ. राकेश शर्मा द्वारा कोविड-19 के ईलाज हेतु अधिकृत न होने के बावजूद उपचार किया। जिसके कारण प्रथम दृष्टया मरीज सुनील तिवारी की मृत्यु होना प्रतीत होता है। मृतक की पुष्टि एन्टीजन रिपोर्ट से होती है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा कलेक्टर कोरिया के निर्देशानुसार संचालक शर्मा हास्पिटल को छ0ग0 राज्य उपचर्यागृह तथा उपचार की अनुमति नही थी।

**अनुमति नही फिर भी किया ईलाज से हुई मरिज की मौत**–शर्मा हास्पिटल पर स्वास्थ्य संस्थाओं के तहत उलंघन एवं एपीडेमिक डिजीज एक्ट-1897 व भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 186 तथा आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 का उलंघन मानकर सिविल सेवा आचरण अधिनियम 1965 के नियमों का उलंघन मानते हुए उक्ताशय की जानकारी थाना प्रभारी बैकुंठपुर को सूचित किया गया। इसके बावजूद भी संचालक शर्मा हास्पिटल के डॉ0 राकेश शर्मा द्वारा कोविड-19 के ईलाज हेतु अधिकृत न होने के बावजूद उपचार किया गया। जिसके कारण दस्तावेज के आधार पर मरीज सुनील तिवारी की मृत्यु होना पाया गया।

## नववर्ष के प्रारंभ के पूर्व हनुमान लला जी की महाआरती का भव्य आयोजन

**केसरिया हिन्दुस्तान अखबार**
**संवाददता भानु प्रताप राय ??**

???मुट्ठी बांधें जन्म लिया,
**हाथ पसारे जाना है ।**
**इस धरा का इस धरा पर,**
**सब' धरा रह जाना है!**

श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में रामभक्त हनुमान जी की महाआरती पंडित ओमप्रकाश मुखरईया द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि विधान के साथ रूपेश सराफ जी के जन्मोत्सव पर पूजन अर्चन किया गया संकट मोचन जी हनुमान जी मिठाई, लड्डू भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु जनों ने सामूहिक रूप से श्री राम स्तुति श्री हनुमान चालीसा श्री हनुमान जी की महाआरती का गायन किया गया गौरतलब है कि श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर सेवा समिति द्वारा महाआरती प्रत्येक मंगलवार को




हनुमान लला की संगीतमय महाआरती विगत डेढ़ वर्षों से भी अधिक समय से एवं 74 वें सप्ताह से निरंतर जारी साप्ताहिक संगीतमय महाआरती के पश्चात समिति की भजन मंडली के सदस्यो द्वारा भजनों की अनुपम हुई महाआरती संपन्न हुई रुपेश सराफ के जन्म दिवस पर तिलक रोड़ी चंदन बंदन कर जन्म दिवस की बधाइयां दी गई

**इस अवसर पर इनकी रही उपस्थिति**– शंकर राय,राजा पटेल, अनुज नामदेव, अभिषेक राय, कृपाल झरिया,रोहित यादव, राजा यादव, जित्तू यादव, जय,विजय, रोहित गुप्ता, सीताराम रजक, अनंत केसरवानी, शिवा नेमा, शिवकुमार विश्वकर्मा, एवं मातृशक्ति उपस्थित रही पंडित ओमप्रकाश मुखरईया उपस्थित रहे

## शीतलहर के बीच कलेक्टर ने जरूरतमंदो को भेंट किये कंबल आदिवासी ग्राम काली तलाई पहुंचकर प्रदाय किये कंबल



**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001**

कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल द्वारा कलैण्डर वर्ष की पूर्व संध्या पर शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए जरूरतमंदो को कंबल भेंट किये गये। कराहल विकासखण्ड के ग्राम काली तलाई पहुंचकर जरूरतमंदो को कंबल का वितरण किया गया। गत रात्रि को ग्राम काली तलाई पहुंचे कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल द्वारा इस अवसर पर ग्रामीणों से चर्चा कर विभिन्न योजनाओं में मिल रहे लाभ के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गई। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल की पहल पर शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए जरूरतमंदो को कंबल वितरण करने के लिए जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों द्वारा स्वैच्छा से योगदान करने का निर्णय लिया गया है तथा प्रारंभिक रूप से लगभग 10 हजार कंबल वितरण का लक्ष्य रखा गया है। वृद्धाश्रम में पहुंचे कलेक्टर, बुजुर्गो ने दिया आर्शीवादकलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल द्वारा 1 जनवरी को प्रेरणा वृद्धाश्रम पहुंचकर सभी बुजुर्गो से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य एवं अन्य आवासीय व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई तथा बुजुर्गो को कंबल भेंट किये गये। इस अवसर पर सामाजिक न्याय विभाग की उप संचालक सुश्री शशिकिरण इक्का, सहायक जनसपर्क अधिकारी सुश्री अवंतिका श्रीवास्तव तथा वृद्धाश्रम की संचालक समिति गणराज सेवा समिति के सचिव श्री धर्मेन्द्र शर्मा आदि उपस्थित थे। कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने इस दौरान जानकारी दी कि वृद्धाश्रम के नवीन भवन निर्माण के लिए बायपास रोड स्थित आरटीओ भवन के पास भूमि का आवंटन किया गया है तथा साढे पांच करोड की लागत के वृद्धाश्रम भवन निर्माण का प्रस्ताव सामाजिक न्याय विभाग को प्रेषित किया गया है।

## *छिंदवाड़ा एसपी अजेय पांडेय द्वारा पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष जनजागरूकता अभियान।

**छिंदवाड़ा/संवाददाता मारुतिलाल वश्वकर्मा मो 9302168920**



आज दिनांक [01/01/2025] को छिंदवाड़ा में पुलिस प्रशासन के तत्वावधान में एक बुलेट बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति, और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक श्री अजय पांडे जी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर समस्त थाना प्रभारी, पुलिस बल, तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## नए साल के जश्न में हुड़दंगियों पर पुलिस की नजर, हाथों में डंडा ल. सड़कों पर निकले एसपी, शराबियों पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
मनोज सिंह

टीकमगढ़।साल के आखिरी दिन लोग नए साल का जश्न मनाने की तैयारी में जुटे हैं। रात के समय अक्सर नशे की हालत में लोग उपद्रव करते हैं। ऐसे लोगों पर नजर बनाए रखने के लिए मंगलवार रात करीब 8 बजे एसपी मनोहर सिंह मंडलोई पुलिस बल के साथ शहर की सड़कों पर निकले। इस दौरान उन्होंने शहर के प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण किया।

एएसपी सीताराम ससत्या ने बताया कि शहर में शांति का माहौल बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया है। एसपी मनोहर मंडलोई ने पुलिस बल के साथ शहर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने हुड़दंगियों और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने बताया कि आज पूरे शहर में सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जा रही है। एसपी ने पुलिस बल को हिदायत देते हुए कहा कि आज रात सभी अधिकारी और जवान हेलमेट, केन, जाली, बॉडीगार्ड के साथ ड्यूटी करेंगे। हुड़दंगियों, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर खास तौर पर नजर रखी जाए।

नगर भ्रमण के दौरान एसपी ने लोगों से शांति और आपसी सौहार्द के साथ नए साल का उत्साह मनाने की अपील की। उन्होंने लोगों से कहा कि किसी भी तरह की अप्रिय घटना होने पर तत्काल डायल 100 और कोतवाली थाना पुलिस को सूचित करें।

## दमोह शहर स्थित मिठाई एवं खोवा विक्रय दुकानों का किया गया औचक निरीक्षण

**खोवा के लिए गए नमूनें**

**जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर होगी वैधानिक कार्यवाही,**

**अनियमितताएं पाए जाने पर जारी हुआ धारा 32 के तहत नोटिस**



राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

दमोह - कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशानुसार डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने दमोह शहर की मिठाई एवं खोवा विक्रय दुकानों का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण कार्यवाही में प्राइवेट बस स्टैंड स्थित बालाजी स्वीट्स प्रोप्राइटर कमलेश कोरी का औचक निरीक्षण किया गया । मिठाई दुकान में विक्रय हेतु संग्रहित खोवा का नमूना जांच हेतु लिया गया है। इन खोवा के नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। मौके पर बालाजी स्वीट्स में संग्रहित 34 किलो बाजार मूल्य 5900 रूपये की दूषित एवं खराब मिठाईयों का किया गया मौके पर निरीक्षण के दौरान खाद्य रजिस्ट्रेशन की प्रति परिसर में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित नहीं पाई गई । कार्यरत कर्मचारियों को एप्रन, हेड कवर एवं हैंड ग्लव्स का इस्तेमा

# वेयरहाउस प्रबंधक आरडी शर्मा ने सुसाइड नोट लिखकर दी थी जान-जांच मैं भाजपा नेताओं की गड़बड़ियां सामने आई, वेयरहाउस से 2047 बेग स्कंध गायब।

**दिनेश शुक्ला**
**दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी**

आलोट। आलोट वेयरहाउस कॉरपोरेशन के प्रबंधक आरडी शर्मा की मौत के बाद अब जांच रिपोर्ट सामने आई है जिसमें दोनों वेयरहाउस मालिक मनोज काला व राजेश परमार के वेयरहाउस में गड़बड़ियां पाई गई । बता दे की दिनांक 14-12-24 भाबी पूरा स्थित अपने आवास पर आरडी शर्मा ने सल्फास खा ली थी, इसके बाद उनकी उज्जैन इलाज के दौरान मौत हो गई।सुसाइड नोट में मौत का जवाबदार दोनों वेयरहाउस मालिकों को बताया था।

मरने से पहले आलोट वेयरहाउस के प्रबंधक आरडी शर्मा ने एक सुसाइड नोट लिखा था,जिसमें उन्होंने लिखा श्रीनाथ वेयरहाउस के संचालक मनोज काला, कृष्णा वेयरहाउस के संचालक राजेश परमार मेरी मृत्यु के जवाबदार हैं। मैं एक वर्ष से परेशान हूं इन्होंने गोदाम में जमा स्कंद गायब कर दिया।



भाजपा नेताओं के नाम सामने आने के बाद मची थी सनसनी।

वेयरहाउस प्रबंधक आरडी शर्मा की मौत के बाद सुसाइड नोट मिला जिसमें भाजपा नेता के नाम सामने आए, राजेश परमार ताल नगर परिषद व ताल मंडी के पूर्व अध्यक्ष रहे,मनोज काला सांसद अनिल फिरोजिया के करीबी है।

दोनों नेताओं पर आलोट पुलिस ने हत्या के लिए उकसाने की धारा में केस दर्ज कर लिया। हालांकि मामले में अभी तक दोनों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी।

### सुसाइड नोट के आधार पर हुई जांच में निकली बड़ी गड़बड़ियां।

आरडी शर्मा की मौत के 15 दिन बाद मध्य प्रदेश वेयरहाउस कॉरपोरेशन विभाग की जांच रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें दोनों ही वेयरहाउस संचालकों के गोदाम में गड़बड़ियां उजागर हुई है। मृतक आरडी शर्मा ने जो गड़बड़ियां होने का जिक्र अपने सुसाइड नोट में किया था उन बिंदुओं पर विभाग ने जांच की तो पता चला दोनों वेयरहाउस संचालकों ने अपने गोदाम से 2404 बेग स्कंद गायब कर दिया।

### अकेले मनोज काला के वेयरहाउस से 2047 बेग गायब

-वेयरहाउस कॉरपोरेशन विभाग ने मनोज काला के 6 वेयरहाउसों की जांच की जिसमे अलग-अलग गड़बड़ियां सामने आई। काला के आलोट व ताल के सभी वेयरहाउसों से 2047 बोरी कम पायी गई। इसके अलावा काला के वेयरहाउस में 2557 बेग ऐसे मिले हैं जिसमें 15 से 20 किलो पर बैग वजन कम पाया गया।

मिट्टी वाली सोयाबीन भी काला ने अपने वेयरहाउस में जमा कर ली।

वेयरहाउस कॉरपोरेशन विभाग की जो रिपोर्ट सामने आई है उसमें मनोज काला के वेयरहाउस में 140 बोरी मिट्टी वाली पाई गई है। साथ ही सोयाबीन की 2602 बोरी अधिक पाईगई।भाजपा नेता राजेश परमार के वेयरहाउस में भी गड़बड़ियां सामने आई।वेयरहाउस कॉरपोरेशन की जांच में भाजपा के नेता व पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेश परमार के कृष्णा वेयरहाउस मे गेहूं के 209 बेग कम पाये गये। साथ ही गोदाम में जमा 948 बोरी मे 20 से 25 किलो वजन कम पाया गया।

## रैन बसेरों का किया निरीक्षण, निराश्रितों को ठंड से बचाव की समुचित व्यवस्था करें - कलेक्टर

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



रीवा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने रात 8:00 बजे संजय गांधी हॉस्पिटल के पास स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने रैन बसेरा में रहने वाले बेसहारा लोगों से संवाद कर वहां की सुविधाओं की जानकारी ली। मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि रैन बसेरा में रहने वाले सभी व्यक्तियों के लिए ठंड से बचाव के उचित व्यवस्था करें, इन्हें कंबल गर्म कपड़े तथा अलाव की व्यवस्था करे, यहां रहने वाले व्यक्तियों के नाम-पते लेकर उनके परिजनों की तलाश करें, यदि परिवार इनका भरण पोषण करने में सक्षम है तो वैधानिक कार्रवाई करते हुए उनके परिजनों के साथ रहने की समुचित व्यवस्था करें, जो व्यक्ति पूरी तरह से निराश्रित हैं उनके रैन बसेरा में रहने की समुचित व्यवस्था करें। कलेक्टर ने कहा कि आयुक्त नगर निगम इनका पुनर्वास करने के लिए इनसे अगरबत्ती, पूजा की बाती जैसी बस्तुएं बनाने वाले छोटे-छोटे कार्य कराएं, जिससे इन्हें कुछ आय प्राप्त हो सके और इन्हें किसी के आगे हाथ ना फैलाना पडे। निरीक्षण के समय कमिश्नर नगर निगम डॉ.सौरभ सोनबड़े, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# भोपाल जिले में वैश्य महासम्मेलन की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण अशोक असाठी और तरुण गुप्ता ने किया कार्यकारिणी का गठन

**हर्ष गुप्ता को भोपाल जिला की युवा इकाई का सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया**

**केसरिया हिंदुस्तान भोपाल**
**राजू मेहरा.9425727854**

भोपाल।। वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश भोपाल जिले की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह पटेल नगर भोपाल में संपन्न हुआ मेन इकाई के जिला अध्यक्ष अशोक असाठी और युवा इकाई जिला अध्यक्ष तरुण गुप्ता ने अपने-अपने जिले की कार्यकारिणी का गठन किया तरुण गुप्ता ने जिले की युवा इकाई समिति का विस्तार करते हुए कई प्रमुख कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी इस दौरान रोहित गुप्ता



अमन अग्रवाल जतिन जैन अंकित जैन शुभम गुप्ता मोहित गुप्ता योगेश गुप्ता कुलदीप अग्रवाल रितेश गर्ग हर्ष गुप्ता आकाश जैन डॉक्टर अंकित गुप्ता को उनकी नई जिम्मेदारियां के साथ शपथ दिलाई उन्होंने सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी यह कार्यकारिणी गठन कार्यक्रम संगठन के विस्तार और सक्रियता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा जिससे युवाओं को और एक अधिक अवसर मिलेगा और संगठन की शक्ति बढ़ेगी इस अफसर पर मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता सुधीर अग्रवाल संगठन मंत्री वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश के प्रमुख पदाधिकारी योगेश गुप्ता वरुण गुप्ता सूर्यकांत गुप्ता ओ पी बंसल कमल राकेश जैन और जिले व प्रदेश के समस्त वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे

# पुलिस ने ढूंढे 55 लाख के 208 मोबाइल फोन: पुलिस कंट्रोल रूम में एसपी ने मिठाई खिलाकर मोबाइल धारकों को सौंपे




**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**मनोज सिंह**

टीकमगढ़ पुलिस ने बुधवार को 208 गुम हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं। एसपी मनोहर मंडलोई ने पुलिस कंट्रोल रूम में पूरे मामले का खुलासा किया। उन्होंने बरामद किए गए मोबाइल की कीमत करीब 55 लाख रुपए बताई है। लोगों ने मोबाइल गुम होने की शिकायत दर्ज कराई थी। साइबर सेल ने अलग-अलग स्थानों से लोगों के 208 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइल की कीमत लगभग 55 लाख रुपए है। सभी गुम हुए मोबाइल को नए वर्ष के उपहार के रूप में आज पुलिस कंट्रोल रूम में मोबाइल स्वामियों को सौंपे गए। साथ ही साइबर सुरक्षा और जागरूकता से संबंधित पंपलेट भी लोगों को बांटे गए।एसपी ने बताया कि लगातार गुम हुए मोबाइल को खोज कर वास्तविक स्वामियों तक पहुंचाया जा रहा है। 2024 में जनवरी में 105, जुलाई में 80 और आज 208 सहित कुल 400 गुम हुए मोबाइल लोगों को सौंपे जा चुके हैं। सायबर सेल उप निरीक्षक मयंक नगायच, प्रधान आरक्षक रहमान खान, प्रधान आरक्षक अनिल विश्वकर्मा सहित जिले के थाने में पदस्थ थाना प्रभारियों और स्टाफ का सहयोग रहा। एसपी ने साइबर सेल टीम को नगद इनाम से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

# पत्नि के उपचार के लिए दी 10 हजार की सहायता



**नौशाद अहमद कुरैशी**
**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**मो. 9977365001**

कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल द्वारा बीपीएल श्रेणी में शामिल परिवार को उपचार के लिए रेडक्रॉस के माध्यम से 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है। आवेदक श्री राजकिशोर सेन निवासी श्योपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया कि उसकी पत्नि श्रीमती रामसिया सेन का पथरी का ऑपरेशन कराया गया है। जिस पर उसके द्वारा राशि व्यय की गई, चिकित्सको द्वारा एक ओर ऑपरेशन कराये जाने की आवश्यकता बताई है, परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय होने से ऑपरेशन कराने में असमर्थ है। इस पर कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा 10 हजार रूपये की सहायता राशि का चैक प्रदान किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र जाट, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री मोनू सोनी उपस्थित थे।

# शिक्षक बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने के लिए कार्य करें-कलेक्टर

**शत प्रतिशत बच्चों की अपार आईडी बनाने के निर्देशस्कूल शिक्षा एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के संकुल प्राचार्यो की बैठक आयोजित**

**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001**

कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित स्कूल शिक्षा एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के संकुल प्राचार्यो की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने के लिए सर्वश्रेष्ठ कार्य करें। इस अवसर पर उन्होने सभी बच्चों के अपार आईडी बनाने के निर्देश भी दिये। बैठक में सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण श्री लालजीराम मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एमएल गर्ग, डीपीसी डॉ पीएस गोयल सहित हाईस्कूल एवं हायर सैकेण्डरी विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे। कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने कहा कि स्कूल ऐसा माध्यम है, जहां बच्चों के व्यक्तित्व का सर्वागीण विकास होता है। बच्चें अध्ययन-अध्यापन एवं नैतिक शिक्षा के माध्यम से बेहतर नागरिक बनें, इसे केन्द्र बिन्दु बनाकर शिक्षा प्रदान की जायें। शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ अन्य सहायक गतिविधियां भी आयोजित की जायें तथा बच्चों को इनके लिए प्रेरित किया जायें। स्कूलो में पढाई के साथ-साथ स्वच्छता, जल संरक्षण, पर्यावरण, नशामुक्ति आधारित कार्यक्रमो का आयोजन नियमित रूप से किया जायें। मध्यान्ह भोजन




व्यवस्था को सुदृढ बनाया जायें। संसाधनो का बेहतर उपयोग करते हुए विद्यालयों में शैक्षणिक अध्यापन के लिए अकादमिक वातावरण तैयार किया जायें। उन्होने कहा कि शिक्षा का दृष्टिकोण काफी व्यापक है, उसी दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए बच्चे के सर्वागीण विकास के लिए शिक्षा प्रदान की जायें। नशा समाज के लिए घातक है, युवा पीढी को नशे से दूर करने के लिए जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये जायें। बच्चों की विद्यालयो में शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए विद्यालय में पदस्थ शिक्षको को बच्चों के अलग-अलग समूह बनाकर जिम्मेदारी दी जायें। पालक शिक्षक संघ की बैठको का नियमित रूप से आयोजन किया जाये। जिन विद्यालयो में अतिथि शिक्षक रखे गये है, उनकी मॉनीटरिंग की जायें। स्कूलो में विषयवार शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की जायें तथा शैक्षणिक स्टॉफ की नियमित बैठक आयोजित कर कोर्स पूरा कराने के संबंध में समीक्षा की जायें। इस अवसर पर यू डाईस एवं अपार आईडी दर्ज करने की संकुल वार समीक्षा की गई तथा जिन संकुलो में अपार आईडी बनाने का कार्य लंबित है, उन्हें निर्देश दिये गये कि शीघ्रता के साथ शत प्रतिशत बच्चों की अपार आईडी बनाकर दर्ज की जाये।

## एक आदर्श सरपंच की छवि बहुत ही प्रेरणादायक होती है। जैसा कि आपने ग्राम पंचायत पथरई के पूर्व सरपंच विनय चौधरी का उदाहरण दिया है,



एक सच्चा सरपंच वह होता है जो ईमानदारी, जिम्मेदारी, गरिमा, कर्मठता, कर्तव्यनिष्ठा, सहनशीलता, अनुशासन, शिक्षा, समाजवाद, और मानसिक मजबूती के साथ काम करता है ईमानदारी और पारदर्शिता सरपंच को अपने कार्यों में पूरी तरह से पारदर्शी और ईमानदार होना चाहिए।

- जिम्मेदारी और कर्तव्यनिष्ठा- सरपंच को अपने कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदार और निष्ठावान होना चाहिए।
- सहनशीलता और अनुशासन- सरपंच को सहनशील और अनुशासित होना चाहिए, ताकि वह गांव के लोगों की समस्याओं को समझ सके और उनका समाधान कर सके।
- शिक्षा और डिजिटल ज्ञान- सरपंच को शिक्षित होना चाहिए और वर्तमान योजनाओं, जैसे कि डिजिटलीकरण, को समझने में सक्षम होना चाहिए।

## साध्वी चंदनबाला श्रीजी का नागेश्वर तीर्थ में हुआ प्रवेश



**दिनेश शुक्ला**
**दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी**

श्री संघ एवं महिला मंडल ने की अगवानी

आलोट । प्रर्वतनी चंद्रप्रभा श्री जी की सुशिष्या साध्वी रत्न चंदनबाला श्रीजी आदि 10 थाणा का बुधवार सुबह नागेश्वर तीर्थ में मंगल प्रवेश हुआ, इस दौरान श्री विक्षचण महिला मंडल एवं नवरत्न बहू महिला मंडल के सदस्यों ने सिर पर कलश धारण कर उनकी अगवानी की और जय जय कार के नारे लगाए । नागेश्वर पार्श्वनाथ के दर्शन विधि के बाद दादावाड़ी परिसर में मांगलिक प्रवचन चंदनबाला श्रीजी ने दिए, इस दौरान उन्होंने कहा कि आप लोगों का स्नेह प्यार से हम अभिभूत हैं तथा फरवरी माह में होने वाले आयोजन की जानकारी भी साध्वी सुजेस्टा श्री जी ने बताई । प्रभावना का लाभ ट्रस्ट मंडल के सुरेश बांठिया, नितेश बांठिया, सुनील चौपड़ा ने लिया ।

## पंकज श्रीवास्तव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया



**शैलेन्द्र चौहान केसरिया हिन्दुस्तान**

बाड़ी। अपनों में अपने का अपनापन दिख ही जाता है यह व्यक्ति समर्पण निष्ठा और जुनून के साथ काम करता है और अपनों से प्यार दुलार भी रखता है तो लोगों की उत्सुकता खुद ही उसको आकर्षित करती है ऐसा ही नजारा आज 31 दिसंबर को सुमित्रा मैरिज गार्डन में देखने को मिला मंडल अध्यक्ष के 3 वर्ष सफलता की झलक भी पंकज श्रीवास्तव के जन्मदिन के कार्यक्रम में दिखाई दे रही थी गांव शहर के कर्मचारी हो अधिकारी हो जनप्रतिनिधि हो आमजन हो सभी बधाई देने के लिए खड़े दिखाई दिए बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया दिन भर बधाई का एक तरफ सिलसिला चला तो मजबूत संगठन कि लोगों ने माला पंकज को पहनाकर और उनके संघर्ष की दिल खोलकर तारीफ की जोश और उत्साह देखते ही बन रहा था बधाई और आशीर्वाद समारोह में अपनों से अपनापन भी व्यक्त करते हुए पंकज जी दिखाई दिए इधर धार्मिक आयोजनों की धुन चल रही थी कलाकार रामचरितमानस का आनंद उठा रहे थे दूसरी तरफ स्वरुचि भोज का आनंद लोग उठा रहे थे लोग चर्चा कर रहे थे जनप्रिय नेता और मजबूत नेता की संज्ञा दी जा रही थी।

कलेक्टर श्री कोचर आकस्मिक रूप से देर रात पहुँचे अस्पताल जानी व देखी जमीनी हकीकत

## कलेक्टर श्री कोचर शहर के विभिन्न मार्गों का लिया जायजा



**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया**

दमोह - कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर दिसम्बर दिनांक 30 एवं 31- 12- 2024 की सर्द रात्रि में करीब 1.49 बजे के बाद आकस्मिक रूप से जिला अस्पताल पहुँचे। उन्होंने यहां मदर-चाइल्ड वार्ड, आई.सी.यू. और पैथालॉजी सहित अन्य स्थलों का जायजा लिया। श्री कोचर नें मरीजों से उनके परिजनों से चर्चा की। आए मरीज के परिजनों से चर्चा कर रैन बसेरा में भेजने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान जो भी कमिया मिली सुधार के निर्देश सबंधित अधिकारियों को दिए गयें। देर रात में कलेक्टर के अस्पताल पहुँचने की खबर लगते ही जिला अस्पताल के प्रबंधक भी पहुँच गये थे। इस दौरान जहां मरीज और उनके परिजनों ने खुशी जाहिर की वही आकस्मिक रूप से कलेक्टर के पहुँचने से स्टॉफ भी सक्रिय रहा। इसी दौरान कलेक्टर श्री कोचर शहर के विभिन्न क्षेत्रों का जायजा लिया।

## एक नजर...

### आज विदिशा प्रेस क्लब में एक प्रेस वार्ता का हुआ आयोजन




**केसरिया हिंदुस्तानी नीरज दुबे**

विदिशा। स्थानीय जिला खेल परिसर विदिशा स्टेडियम में चल रहा विदिशा फुटबॉल संघ एवं खेल एवं योग कल्याण विभाग के तत्वाधान में प्रोफेसर के सी नायर अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता सीजन 1 में आज चार मैच खेले गए। पहला मैच श्याम फुटबॉल क्लब बनाम यंगस्टर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के मध्य मैच हुआ जिसमें 3- 1 से श्याम फुटबॉल क्लब विजई रहा रचित रावत ने 2 गोल से मैच में अपना योगदान दिया। दूसरा मैच जैन कॉलेज फुटबॉल क्लब बनाम नारायण फुटबॉल क्लब के मध्य खेला गया। जिसमें जैन कॉलेज फुटबॉल क्लब ने करण रघुवंशी के 3 गोल की बदौलत 5- 1 से विजई रहा। दिन का तीसरा मैच पुलिस बॉयज फुटबॉल क्लब बनाम खेल विभाग फुटबॉल क्लब के मध्य हुआ जो बराबरी पर रहा। दिन का अंतिम और चौथा मैच यंगस्टर यूनाइटेड फुटबॉल क्लब बनाम बेत्वांचल फुटबॉल क्लब विदिशा के मध्य हुआ जिसमें 2- 0 से बेतवांचल फुटबॉल क्लब विजई रहा। रविकांत नामदेव ने बताया कि आज सेमीफाइनल मैच और अंतिम लीग मैच खेला जाएंगे। आज के मैच में मुख्य अतिथि के रूप में विशेष उपस्थिति जिला खेल अधिकारी प्रदीप रावत भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्याम सुंदर शर्मा , तेजेंद्र सिंह बन्नू पंकज भार्गव अनमोल यादव मनीष अग्निहोत्री रामकुमार शर्मा राजेंद्र पवार अरुण पाणिकर आदित्य शर्मा आदि लोग मौजूद रहे

### शासकीय अस्पताल रामपुरा में दिव्यांग शिविर संपन्न



**जिला कलेक्टर श्री चंद्रा, ने शिविर का अवलोकन कर देखी व्यवस्था**

**केसरिया हिंदुस्तान रामकरण सूर्यवंशी**

रामपुरा मध्यप्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन की ओर से आज 1 जनवरी 2025 बुधवार को शासकीय अस्पताल रामपुरा में निःशुल्क विकलांग शिविर का आयोजन किया गया दिव्यांगजनों को मदद पहुंचाने की भावना से विशाल निःशुल्क दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया गया जहाँ नाक कान गला मंदबुद्धि रोशनी एवं शारीरिक विकलांगता संबंधी रोगों की जांच विशेषज्ञ द्वारा की गई इसके बाद चयनित रोगियों को विकलांगता प्रमाण पत्र के साथ कृत्रिम उपकरण भी जिला प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग के सहयोग से उपलब्ध कराए गए शिविर में नगर परिषद रामपुरा की सराहनीय व्यवस्थाएं सहयोग रहा सीएमओ श्री सूर्यवंशी की सक्रियता से अधिक से अधिक दिव्यांग जनों को शिविर का लाभ मिल सका इस दिव्यांग शिविर का जिला कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी इस शिविर में डेढ़ सौ से अधिक दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया तथा प्रमाण पत्र वितरित कर उनको कृत्रिम उपकरण भी उपलब्ध कराए गए

### सामाजिक समरसता के प्रणेता भगवान राम है




**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**

जैसे भगवान राम ने निषाद राज माता शबरी तथा वन में रहने वाले विभिन्न बंधु बांधवो को अपने गले लगाया इसलिए भगवान राम को पूरी दुनिया पूजती है आज समाज के प्रत्येक बंधु बंधावों को जो भगवान राम के वंशज हैं भेदभाव छोड़कर गले लगा करके हिंदू समाज को सो संगठित करना है केवट प्रसंग पर सभी लोग भावुक हो गए एवं अश्रु धाराएं बहने लगी ग्राम निपानिया राजू के ग्राम पंचायत क्षेत्र में नवनिर्मित श्री रामकृष्ण गौशाला पर आयोजित पंडित श्याम स्वरूप जी मानवत मानस मर्मज्ञ के मुखारविंद से सात दिवसीय श्री राम कथा का समापन पर श्री राम कथा में उपस्थित सभी श्रोताओं के बीच में कहीं राम कथा का प्रसंग बड़े ही मार्मिक हृदय स्पर्शी तरीके से श्रोताओं के बीच में रहा सात दिवसीय कथा में अनेक प्रसंगों पर लोग भावुक हो गए समाज को प्रेरणा मिले लोगों का जीवन भगवान राम के जीवन की तरह हो ऐसे संस्कार समाज के अंदर लोगों में चाहिए इस बात का उन्होंने विशेष आग्रह किया श्री राम कथा के आयोजन के समय क्षेत्र के माननीय सांसद अनिल जी फिरोजिया एवं पंडित श्याम स्वरूप जी मानवत द्वारा गौशाला का फीता काटकर गौ माता का पूजन कर गौ माता के इस भव्य गौशाला के शुभारंभ पर सात दिवस की कथा का आयोजन प्रारंभ हुआ इस आयोजन में क्षेत्र के आसपास के अनेक जनप्रतिनिधि वर्तमान विधायक श्री दिनेश चंद्र बोस पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान जिला पंचायत सदस्य प्रताप सिंह आर्य श्याम सिंह चौहान जनपद प्रतिनिधि विक्रम सिंह कीटिया प्रताप सिंह खेड़ा खजुरिया जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती मीना झा सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी के साथश्री नंदकिशोर जी उपाध्यायश्री भगवान सिंह जी पवार श्री नारायण सिंह डोडिया गौरिक दूध के संचालक उद्योगपति श्री सुभाष जी ठाकुर करण सिंह डोडिया सुधीर मूणत भगवती प्रसाद जोशी तथा अनेक जन्म प्रतिनिधियों के साथ राष्टीय स्वयंसेवक संघ के तथा विविध संगठनों के पदाधिकारी में एक विभिन्न संगठनों के शंभू प्रसाद जी गिरी रघुवीर सिंह जी सिसोदिया अभिषेक गुप्ता योगेश जी शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी के साथ जनपद पंचायत अनेक प्रशासनिक अधिकारी सहित आसपास के अनेक गांव से पधारे श्रोता ने श्री राम कथा का आनंद लिया कथा सुनकर समाज के अनेक लोगों ने गौशाला व्यवस्थित चले इसके लिए एक समिति निर्माण कर उस समिति में गौशाला में गौ माता के भोजन हेतु विभिन्न प्रकार की सामग्रियां देने की घोषणाएं की कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अनेक कार्यकर्ताओं ने अपना योगदान दिया उक्त जानकारी ग्राम पंचायत के सरपंच शैलेन्द्र पाण्डेय ने दी

# सीएमओ को आया हार्ट अटैक, पार्षद और सीएमओ की बहस ने लिया गंभीर मोड़,

### अवैध नल कनेक्शन पर विवाद, सनावद में सीएमओ अस्पताल में भर्ती





**आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

सनावद-पार्षद राजेश अंजाने ने सीएमओ राजेंद्र मिश्रा को अपने वार्ड नंबर दो एमडी जैन कॉलोनी में अवैध नल कनेक्शन की कार्रवाई को लेकर हुई गरमा गरम बहस पार्षद के सामने सीएमओ हाथ जोड़ते रहे मगर पार्षद आपे से बाहर होते हुए अबशब्दों का प्रयोग करते हुए सीएमओ को कह रहे थे कि मैं विधायक के सामने अवैध नल कनेक्शन काटने की बात क्या कहि तो मेरे ही वार्ड में से शुरुआत की देखता हूं मेरे को टारगेट बनाया तो जो नल कनेक्शन काटने आएगा उसको लात मारूंगा सीएमओ ने अबशब्दों की बात पर कहा कि यह आपके शब्द हैं और मैं अब अपने कर्मचारियों को गाली नहीं खिलवाऊंगा आज से वसूली बंद कर देंगे इस पर भी राजेश अंजने ने सीएमओ को कहा कि अगर नहीं संभालती है नगर पालिका तो जाते क्यों नहीं। इतनी बातों के साथ ही सीएमओ राजेंद्र मिश्रा पार्षद राजेश अनजाने को समझाते हुए उनके पैरों में हाथ जोड़कर पांव पकड़ लिये रोते हुए कहा कि आप मुझ पर दबाव न बनाये पहले ही में पार्षदों के धरने से परेशान हूं मुझे पत्रकारों को भी जवाब देना है और तुम मुझे कार्रवाई के नाम पर परेशान कर रहे हो यह कहते हुए अपने सीने को दबाते हुए कुर्सी पर ही फिसल गए नगर पालिका के कर्मचारियों ने सीएमओ को गिरता देख जमीन से उठाया और हाथों पर ले जाते हुए डॉक्टर राहुल अग्रवाल के अस्पताल ले गए जहां उन्हें अटैक आया होना बताया

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत ग्रामवार-वार्डवार आयोजित हो रहे शिविरों में हितग्राहियों को मिल रहा योजना का लाभ




**कामता पटेल की खास रिपोर्ट**

सिवनी 01 जनवरी 25 दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/ कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में संपूर्ण जिलें में सुशासन सप्ताह एवं मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान अंतर्गत ग्रामवार एवं वार्डवार शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। अभियान में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने की कार्रवाई की जा रही हैं।

**02 जनवरी 2025 को आयोजित होने वाले शिविरों की जानकारी-** गुरूवार 02.01.2025 को जनपद पंचायत घंसौर अंतर्गत ग्राम पंचायत दुर्जनपुर, बरेला, साल्है पानी, रूपदौन माल, बिनेकीकलां, कुदवारी, सर्रा। जनपद पंचायत कुरई अंतर्गत ग्राम पंचायत जीरेवाडा, टुरिया, सतोषा, पचाधार, मोहगांव। जनपद पंचायत छपारा अंतर्गत ग्राम पंचायत सुकरी, कौडियामाल, तेदनी, भटमतरा। जनपद पंचायत बरघाट अंतर्गत ग्राम पंचायत कन्हरगांव, काचना, धारनाकलां, खामी, मोहगांव, आखीवाडा। जनपद पंचायत लखनादौन अंतर्गत ग्राम पंचायत घोगरीनागन, बटका, जोगीगुफा, जौबाखैरनारा, आमई। जनपद पंचायत केवलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत भरवेली, ढुटेरा, पांजरा, नेवरगांव, चिरचिरा, पोगार। जनपद पंचायत सिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंघोडी, समनापुर, मोरडोगरी, मोहगांव, समनापुरमाल, पौडी, सिमरिया, नगझिर, मुगवानीखुर्द, छीतापार, सुकवाह में शिविर आयोजित होंगे।

**शिविर के दौरान इन योजनाओं का मिलेगा लाभ-** मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, किसान सम्मान निधि, किसान कल्याण योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, आयुष्मान भारत योजना, दिव्यांग छात्रवृति व पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, बहुविकलांग पेंशन, दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना, निशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना, संबल योजना, प्रसूति सहायता योजना, विवाह सहायता योजना, मृत्यु की दशा में श्रमिकों के परिवारों को अनुग्रह सहायता योजना, पीएम सम्मांन निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मछुआरा क्रेडिट कार्ड, पशुपालक क्रेडिट कार्ड, उद्यम क्रांति योजना सहित अन्?य योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

## कलेक्टर सुश्री जैन ने किया ईव्हीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

### अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश



कामता पटेल की खास रिपोर्ट सिवनी 01 जनवरी 25 दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री संस्कृति जैन ने विगत दिवस को बिंझावा?ा स्थित ईव्हीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं निर्वाचक शाखा के अधिकारी तथा कर्मचारियों की मौजूदगी रही। कलेक्टर सुश्री जैन ने निरीक्षण के दौरान संबंधित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों की जांच कर व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए।

## अंग्रेजी नव वर्ष की शुभकामनाएं नरेश धाकड़



श्योपुर। भारतीय जनता पार्टी के मिडिया प्रभारी नरेश धाकड़ ने अंग्रेजी नव वर्ष 2025 की शुभकामनाएं दी हैं।श्री धाकड़ ने कहा कि अंग्रेजी नव वर्ष 2025 समाज के सभी वर्गों की आशाओं, आकांक्षाओं की पूर्ति का साल बने, ईश्वर से यही प्रार्थना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। आने वाले समय में भाजपा सरकार प्रदेश में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार हर वर्ग की खुशहाली और सुख समृद्धि के लिए कई नवाचार किए है। जिनका आने वाले वर्ष में बेहतर परिणाम जनता के सामने होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एक तरफ जहां प्रदेश में विदेशी निवेश तथा औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के प्रयास कर रहे हैं, वहीं उन्होंने हजारों सरकारी रिक्त पदों पर भर्ती किए जाने की बात भी कही है। निश्चित रूप से आने वाला साल प्रदेश के युवाओं के रोजगार के सपने को पूरा करेगा। विकसित भारत अभियान के चलते माननीय मोदी जी ने किसान मजदूर के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं मोदी जी के नेतृत्व में किसानों के लिए सम्मान निधि, मजदूरों के लिए आयुष्मान से 5 लाख तक का इलाज मुफ्त, निशुल्क शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता अभियान के तहत शौचालय मुक्त, गरीबों के लिए पीएम आवास योजना आदि इस तरह की कई योजना चला कर गांव गरीब और किसानों के लिए ऐसे कई ऐतिहासिक कार्य किए है।

# अपनी ही परिषद पर लगाए भेद भाव के आरोप

### अंबेडकर की प्रतिमा पर रंगीन लेंप लगाने के लिए पार्षद ने दिया आवेदन

**आसिम दाद खान**
**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

सिरोंज - नगर में तीन चार ही प्रतिमाएँ स्थापित है वो भी नगर पालिका की अनदेखी की भेंट चढ़ रही है ना तो इन महापुरुषों कि प्रतिमाओं के आसपास प्रति दिन साफ सफाई होती ना ही मरम्मत कार्य होते हैं। यह आरोप अपनी ही पार्टी की परिषद पर वार्ड नंबर 5 के भाजपा पार्षद अजमल शेर खान ने लगाए उन्होंने एक आवेदन नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू को दिया जिसमें लिखा हे कि वार्ड नंबर 5 में स्थित संविधान निर्माता ड्रां भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा लगी हे जिसकी नगरपालिका द्वारा अनदेखी होती रहती हे जिससे नाराज़ होकर उन्होंने कहा कि नगर में स्थित महापुरूषों की प्रतिमाओं की रोटरी पर नगरपालिका द्वारा रंगीन लाईट एवं लेंप लगाए गए हैं, लेकिन वार्ड न 05 स्थित पुराना बस स्टेण्ड सिरोंज में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर नगरपालिका सिरोंज द्वारा किस कारणवश रंगीन लाईट नहीं लगाई गई उस पर रंगीन लाइट लग वाई जाए। एवं माल्यार्पण के लिए एक स्थाई सीढ़ी भीम राव आबेडकर की रोटरी पर बनवाई जाए

# जनता ने कलेक्टर अरविंद दुबे को समस्याएं हल करने दिया आवेदन

### जनता ने कलेक्टर अरविंद दुबे को समस्याएं हल करने दिया आवेदन

**दैनिक केसरिया श्रीराम सेन**

रायसेन। शहर के सांची रोड स्थित कलेक्ट्रेट कालो कार्यालय में महीने के प्रति मंगलवार को शासन के आदेश पर जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें लोग आपकी अपनी निजी समस्याएं और जैन समस्याओं को लेकर अजी देते हैं कलेक्टर अरविंद दुबे उन्हें मौके पर गंभीरता दिखाते हुए उलझा देते हैं ऐसा ही मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में शहर के चोपड़ा मोहल्ले स्थित एक दिव्यांग महिला आवास मिलने से परेशान थी उसने कैरेक्टर अरविंद दुबे को आवेदन दिया ।उन्होंने आवास के लिए कहा किसीएससी सेंटर पर ऑनलाइन आवेदन करें।आपको विकलांगता के आधार पर पीएम आवास उपलब्ध करवा दिया जाएगा। जिले के भरकच क्षेत्र से 10 दोनों महिलाएं और गरीब मजदूर जनसुनवाई में आवेदन देने पहुंचे उन्होंने बताया कि पिछले 25 वर्षों से उन गरीबों को पीएम आवास उपलब्ध नहीं कराए गए हैं सरपंच सचिव दबंगई दिखाते हैं बोलते हैं मिल जाएगा लेकिन कौर आसपास वालों से वह परेशान आ चुके हैं वर्तमान में वह झोपड़िया में रहते हैं जिससे बारिश के दौरान उनको भारी परेशानी




का सामना करना पड़ता है वही कच्चा रास्ता है उनके घरों तक पहुंचाने के लिए सड़क तक नहीं बनाई गई उन्होंने कलेक्टर अरविंद दुबे से समस्याएं हल करने के लिए अजी दी है कलेक्टर ने जिला सीओ अंजू भदौरिया और जनपद सीईओ बाली को निर्देश दिए हैं कि गरीबों को प्राथमिकता के आधार पर शासन की योजनाओं का लाभ दिया जाए ।इसके अलावा परेशान हितग्राही अनिल सिंह निवासी बाड़ी ने आवेदन दिया कि उनको दादाजी ने वसीयतनामा बनाकर जमीन दान में दी थी। लेकिन उनके रिश्तेदार और चाचा उन्हें परेशान कर रहे हैं।उनके पैतृक जमीन के खेत में जुताई नहीं करने दे रहे ।इतना ही नहीं बच्चों को स्कूल नहीं जाने की भी और परिवार को जान से खत्म करने की धमकी दी गई है ।उनकी गुंडई से भी परेशान आ चुके हैं ।आंखों में आंसुओं का सैलाब भरते हुए शिकायत की है।कलेक्टर ने एसडीएम तहसीलदार को मामले में हस्तक्षेप करने के लिए निर्देशित किया है।कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई कर उनका निराकरण किया जा रहा है। सभाकक्ष में अपर कलेक्टर श्वेता पवार डिप्टी कलेक्टर द्वय मनीष शर्मा सरोज अग्निवंशी पीआरओ सुश्री अनुभा सिंह सहित जिला अधिकारी उपस्थित हैं। वीसी के माध्यम से अनुभागों से एसडीएम, जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारी भी जनसुनवाई में उपस्थित रहे।

# नववर्ष पर सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने बताया 2025 में देश दुनिया में आने वाली तकलीफों से बचने का उपाय

## किसान मेहनत और प्रारब्ध पर रखें भरोसा

उज्जैन, मध्यप्रदेश किसानों ! आप उन्माद में मत आओ, अपने प्रारब्ध और कुदरत पर भरोसा करो। अगर आप किसी को मार करके, कानून नियम को तोड़कर कुछ पाना चाहोगे तो वह नहीं मिलेगा। आंदोलन, हड़ताल, तोड़फोड़ से दूर रहो, जितनी मेहनत रेल रोकने, सड़क रोकने, चक्काजाम करने में लगाते हो, उतनी मेहनत खेती में करोगे तो ज्यादा फायदा होगा।

**युवाओं! उन्माद में आकर जीवन बर्बाद मत करो**-युवाओं का भविष्य उन्माद में आने के कारण बर्बाद हो रहा है। हम देख रहे हैं कि ज्यादातर आंदोलन, तोड़फोड़ में युवा ही होते है और उन्हें आगे कर दिया जाता है। इसलिए युवाओं! आप इन सब चीजों में मत पड़ो, अपना जीवन बर्बाद मत करो ।



नेताओं! जनता की मेहनत का पैसा बरबाद मत करो-ये जितने नेता हैं, इनको पता होना चाहिए कि इनको किसने भेजा है ड़ जनता ने इनको भेजा है तो इस जनता को न्याय, सुरक्षा, रोजी-रोटी मिलनी चाहिए। जनता सब देख रही है, इनकी मेहनत के धन को बर्बाद न करें। वरना जब जनता नाराज हो जाती है तो फिर वह आपको पसंद नहीं करती है। अब आपकी बात जनता को पता चलने लगी है। तो जनता को सम्हालने की जरूरत है। जनता के पैसे को जनता के विकास पर खर्च करो ।

**पूरे विश्व के जिम्मेदार मिलकर युद्ध को रोकें**-पूरे विश्व के जिम्मेदारों से प्रार्थना है कि आप युद्ध को रोको, जैसे आज धर्म के नाम पर लोगों को भड़का कर ग्रह युद्ध जैसी स्थिति पैदा कराने में लगे हो, आप ग्रह युद्ध, विश्व युद्ध को रोको। यदि आपको लगता है कि हम हिन्दूवाद, मुस्लिमवाद, यहूदीवाद, क्रिश्चनवाद और सिखवाद चला देंगे, लेकिन जब लोग मरने लगेंगे तो आपका विरोध करने लगेंगे। यदी आपने हमारी बात नहीं मानी तो इसी 2025 में आपको बहुत युद्ध और नुकसान देखने को मिलेगा। एक ही जाति एक ही कौम एक ही मजहब का बहुत नुकसान होगा, आपस में लड़कर खत्म हो जाएंगे।सभी देशों के मुखिया लोग तो एक साथ इकट्ठा हो नहीं सकते, लेकिन पूरे विश्व में जिनका प्रभाव है, जैसे अमेरिका, रूस,चीन और भारत के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति ही इकट्ठा हो जाएं और यही एक व्यवस्था बना दें कि युद्ध हो ही नहीं, सैनिकों को चैन, सुकून मिल जाये और वह ध्यान से देश के सीमा की सुरक्षा कर सकें। तो ये होगा कैसे ड़ ÷जब आये सन्तोष धन, सब धन धूल समान।÷ यही भावना सब में भर दो ।

इतिहास बता रहा है ज्यादातर लड़ाई जर, जोरू और ड़मीन के लिए हुई,जैसे महाभारत, रामायण। तो आप समझ लो कि जो भी जमीन, नदी, नाले इन जगह पर हैं और किसी को पता ही नहीं है कि हमारा कहाँ तक है, उसका कहाँ तक है तो इसे नाप लिया जाए तो युद्ध नहीं होगा।

**प्रेषक**
**जितेंद्र प्रजापत**

# नव वर्ष पर धार्मिक स्थलों पर रही भीड़भाड़ भंडारों का आयोजन




**संवाददाता विपिन पटेल तेंदूखेड़ा**

तेंदूखेड़ा नूतन वर्ष अभिनंदन को लेकर मौसम की प्रतिकूलता के बाबजूद भी युवा वर्ग पिकनिक पार्टी मनाने के लिए विभिन्न प्राकृतिक स्थलों पर पहुंचें। वहीं क्षेत्र के प्रतिष्ठित धार्मिक स्थलों एवं पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट पर पहुंचकर पिकनिक पार्टी मनाई। बाहर जाकर होटलों रेस्टारेंजों में पहुंच कर खुशी का इजहार किया। अपने अपने नाते-रिश्तेदारों के साथ शुभचिंतकों को शुभकामना संदेश भेजकर बधाईयां प्रेषित की गई।31 दिसंबर की अर्धरात्रि में ही युवा आतिशबाजी कर नूतनवर्षाभिनंदन किया।

**सुंदरकांड पाठों का हुआ आयोजन**-नया साल हर्षोल्लास पूर्ण अंदाज में बगैर किसी विघ्न बाधा के व्यतीत हो को लेकर नगर के धार्मिक स्थलों पर धार्मिक आयोजन संपन्न हुये। इसी श्रंखला के चलते तेंदूखेड़ा के प्रतिष्ठित गांधी चौक के सामने तरफ हनुमान मंदिर दादा दरबार में प्रत्येक वर्ष की भांति सामूहिक सुंदरकांड पाठों का आयोजन किया गया। तथा रात्रि में समापन बेला में संगीतमय सुंदरकांड पाठ चालीसा एवं महाआरती के साथ भजन संध्या के साथ समापन हुआ। नगर के हरसिद्धि मंदिर परिसर क्षेत्र में स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में 51 सुंदरकांड पाठों का आयोजन किया गया।

**हरसिद्धि मंदिर में महाआरती एवं भंडारे का आयोजन**-क्षेत्र के विख्यात प्रतिष्ठित सिद्ध शक्तिपीठ मां हरसिद्धि मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में नगर के श्रद्धालु उपस्थित रहे। मां हरसिद्धि शिष्य मंडली द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया दिन भर काफी संख्या में भीड़ भाड़ बनी रही।

# श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव का होगा आयोजन

## नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज सकल पंच द्वारा आयोजित होगा कार्यक्रम

**दिनेश पौराणिक केसरिया हिंदुस्तान**

बड़ावदा श्री नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज सकल पंच द्वारा प्रथम बार अद्भुत आयोजन होने जा रहा है श्री राम मंदिर ब्राह्मण मोहल्ला स्थित धर्मशाला में सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव का आयोजन दिनांक 1 जनवरी से 7 जनवरी तक होगा जो प्रातः काल 11=00 बजे से शाम 4=00 बजे आरती के साथ समापन होगा उक्त भागवत ज्ञान गंगा का रसास्वादन अखिल विश्व सनातन धर्म एवं धर्म संघ अध्यक्षपरम पूज्य श्री प्रेम नारायण जी पौराणिक कृष्णाश्रय धुलेट वाले की मधुर वाणी से होगा इस दिव्य आयोजन में ब्राह्मण समाज सकल पंच द्वारा सभी जनता जनार्दन को निमंत्रण दिया गया



है कि उक्त कथा में पधारे और अपने जीवन को धन्य बनावे कथा में प्रथम दिवस कलश यात्रा से आरंभ होकर मंगलाचरण शिव पार्वती विवाह कृष्ण जन्म कृष्ण बाल लीला कंस वध श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह गोवर्धन पूजन सुदामा चरित्र आदि कथाओं का वाचन किया जाएगा श्री नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज धर्मशाला में कथा का आयोजन होगा उसी के साथ आज 1 जनवरी को कथा के पूर्व श्री खेड़ापति हनुमान जी मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ हुई जो की कथा स्थल तक गई यजमान श्री महेशजी व्यास एवं परिवार द्वारा श्री भागवत महापुराण का पूजन किया गया और आज की आरती व प्रसादी का भी लाभ लिया अंतिम दिवस महा आरती के पश्चात महाप्रसादी का आयोजन होगा उक्त जानकारी नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष श्रीकांत पौराणिक एवं योगेंद्र पौराणिक ने दी

# श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव का होगा आयोजन

## नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज सकल पंच द्वारा आयोजित होगा कार्यक्रम



**दिनेश पौराणिक केसरिया हिंदुस्तान**

बड़ावदा श्री नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज सकल पंच द्वारा प्रथम बार अद्भुत आयोजन होने जा रहा है श्री राम मंदिर ब्राह्मण मोहल्ला स्थित धर्मशाला में सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव का आयोजन दिनांक 1 जनवरी से 7 जनवरी तक होगा जो प्रातः काल 11=00 बजे से शाम 4=00 बजे आरती के साथ समापन होगा उक्त भागवत ज्ञान गंगा का रसास्वादन अखिल विश्व सनातन धर्म एवं धर्म संघ अध्यक्षपरम पूज्य श्री प्रेम नारायण जी पौराणिक कृष्णाश्रय धुलेट वाले की मधुर वाणी से होगा इस दिव्य आयोजन में ब्राह्मण समाज सकल पंच द्वारा सभी जनता जनार्दन को निमंत्रण दिया गया है कि उक्त कथा में पधारे और अपने जीवन को धन्य बनावे कथा में प्रथम दिवस कलश यात्रा से आरंभ होकर मंगलाचरण शिव पार्वती विवाह कृष्ण जन्म कृष्ण बाल लीला कंस वध श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह गोवर्धन पूजन सुदामा चरित्र आदि कथाओं का वाचन किया जाएगा श्री नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज धर्मशाला में कथा का आयोजन होगा उसी के साथ आज 1 जनवरी को कथा के पूर्व श्री खेड़ापति हनुमान जी मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ हुई जो की कथा स्थल तक गई यजमान श्री महेशजी व्यास एवं परिवार द्वारा श्री भागवत महापुराण का पूजन किया गया और आज की आरती व प्रसादी का भी लाभ लिया अंतिम दिवस महा आरती के पश्चात महाप्रसादी का आयोजन होगा उक्त जानकारी नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष श्रीकांत पौराणिक एवं योगेंद्र पौराणिक ने दी

# धार में स्वदेशी मेले का आयोजन, तहसीलों मुख्यालयों पर बैठक संपन्न

धार से संवाददाता मैना मारू

धार । शहर में पुराना डिपो परिसर में स्वर्णिम भारत फाउंडेशन स्वदेशी जागरण मंच द्वारा 10 से 16 जनवरी तक 7 दिवसीय स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा है। सात दिवसीय इस मेले में रोजाना अलग-अलग कार्यक्रम होंगे। आयोजन को लेकर जोरशोर से तैयारियां चल रही है। मेले का मुख्य उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना है। पिछले दिनों भी आयोजन को लेकर बैठक संपन्न हुई। जिसमें प्रांतीय अधिकारियों ने मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर विभिन्न समितियों का गठन भी किया गया। कार्यकर्ताओं की टोलियां बनाकर उन्हें जिम्मेदारियां दी गई। स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक पंडित श्रवण गौर व संगठक के विस्तारक कपिल गुर्जर एवं स्वदेशी कार्यकताओं द्वारा पूरे जिले प्रवास कर मेले को लेकर जागरूकता कर रहे है। साथ ही स्वदेशी जागरण मंच के उद्देश्यों को बता रहे है। धार ज़िले की सभी तहसीलों में बैठके लेकर अधिक से अधिक लोगों को मेले का लाभ दिलाने में जुटे है। हर तहसील व गांवों में टोलिया बनाकर उन्हें




जिम्मेदारियां दी जा रही हैं। संगठन के विस्तारक संजय रावत मेले कि व्यवस्था देख रहे हैं।यह समितियां बनाई गई । आयोजन के लिए स्थानीय स्तर पर संचालन समिति का गठन किया गया है। इसके अतिरिक्त स्थानीय उत्पादों को भी मेले में प्रदर्शनी के लिए स्थान दिया जाएगा। इस हेतु निर्माण समिति, कार्यालय समिति, पार्किंग व परिवहन समिति, सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति, प्रचार प्रसार समिति, प्रेस मीडिया समिति, प्रतियोगिता समिति, अतिथि आमंत्रण समिति, विद्युत व्यवस्था समिति, रात्रिकालीन मंच समिति, लेखा समिति, समस्या निवारण समिति, अर्थ संग्रह समिति, सफाई व्यवस्था समिति, सुरक्षा व प्रबंधन समिति, परमिशन समिति, जल व्यवस्था समिति, भोजन व्यवस्था समिति, स्थानीय समुदाय संवाद समिति आदि का गठन किया गया। आपको बता दें कि आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने वाले इस आयोजन में हर दिन नए और प्रेरक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं। स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक पंडित श्रवण गौर शहर और तहसीलों एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्वदेशी के भाव लेकर मेले संबंधित जानकारियां दी जा रही है । उन्होंने बताया कि धार शहर में स्वदेशी के भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले से युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी मिलेंगे। इस सामाजिक मेल को लेकर धार के प्रत्येक वार्ड में महिलाओं की जागरूकता बैठक रखी जा रही है। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि हम केवल स्वदेशी वस्तुओं का ही उपयोग करेंगे एवं विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करेंगे।वस्तु पत्रक के साथ संकल्प लिया गया। जिसमें स्वदेशी मेले में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने उद्यमिता कोशल विकास प्रशिक्षण कर स्वरोजगार पर जोर देकर समाज को प्रेरित किया गया। उक्त जानकारी प्रचार प्रसार प्रमुख अनुप मिश्रा ने दी ।

# बस स्टैंड पर भू माफियाओं का अतिक्रमण



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

हैदरगढ़- हैदरगढ़ बस स्टैंड पर अतिक्रमण को लेकर हैदरगढ़ ग्राम पंचायत में मीटिंग रखी गई उप सरपंच पंच व जनपद सदस्य ने ग्राम पंचायत हैदरगढ़ के सरपंच को बस स्टैंड से अतिक्रमण हटाने के विषय में आवेदन दिया मीटिंग में उपस्थित सभी पंचों उप सरपंच जनपद सदस्य ने कहा कि बस स्टैंड से अतिक्रमण हटाया जाए इस मीटिंग के दूसरे दिन ग्राम पंचायत के पंच के द्वारा ग्यारसपुर तहसीलदार महोदय व एसडीएम महोदय को बस स्टैंड से अतिक्रमण हटाने के लिए आवेदन दिया बस स्टैंड पहले से ही गड्ढो से भरा पड़ा था लेकिन अब बस स्टैंड पर भू माफियाओं के द्वारा अतिक्रमण की वजह से हैदरगढ़ बस स्टैंड से 500 मीटर दूर बेगमगंज चौराहे पर बसे खड़ी हो रही है क्योंकि बस स्टैंड पर भूमाफियाओं के द्वारा अतिक्रमण कर रखा है पहले तो लोगों के द्वारा गुमठी व ठेला रखा जाता है पर कुछ समय बाद लकड़ी की बल्ली व लोहे के पाइप गड़ाकर ऊपर सेट किया जाता है फिर प्रशासन से मिली भगत कर गुमठ्यिों के स्थान पर पक्की दुकानों का निर्माण किया जाता है प्रशासन के द्वारा जिनके पास पहले से मकान है अपात्र व्यक्तियों को नियम विरुद्ध पट्टा दिया गया जबकि पट्टाधारियों के पास पूर्व से ही खुमान सिंह चौहान पिता बलराम सिंह चौहान तीन मंजिल मकान है व किसी की सीमेंट कीटनाशक बा किराने की थोक दुकान है लाखों का कारोबार करते हैं खुमान सिंह के पास बरवाई में जमीन हल्का नंबर (757-0.2190)(8 / 2 -0.2650)(87/2/ 2 -0.6430 )( 453/2-0.2670)(325/2-0.0070) (326 /2-0.0170 )(328/2-0.0080)(305/2-0.0330)( 328 / 2 0.008 )हेक्टर धामनोड में कृषि भूमि 52 / 1 / 1 -0.5940हेक्टर1/3 है व कुछ लोग तो हैदरगढ़ से बाहर के रहने वाले हैं ऐसे व्यक्तियों को नियम विरुद्ध पट्टा दिया गया व कुछ और नए लोग भी बस स्टैंड पर पट्टा लेने की कतार में है हैदरगढ़ ग्राम पंचायत के उपसरपंच व पंचों के द्वारा व जनपद सदस्य के द्वारा हैदरगढ़ ग्राम पंचायत को बस स्टैंड को अतिक्रमणकारी व्यक्तियों की जांच कर कार्रवाई करने व बस स्टैंड को स्वच्छ व अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की ग्राम पंचायत हैदरगढ़ के सरपंच सुनील कुमार विश्वाकर्मा ने आवेदन प्राप्त होने के बाद तुरत संज्ञान लेते हु? ग्राम पंचायत हैदरगढ़ से नोटिस निकाला की बस स्टैंड पर अतिक्रमणकारियों के द्वारा कोई भी भवन निर्माण नहीं किया जाएगा और जिन्होंने पहले से निर्माण किया है उनकी भी जांच की जाएगी पात्र है कि नहीं इसकी सूचना थाना हैदरगढ़ को भी पंचायत ने दी की कोई भी बस स्टैंड पर भवन निर्माण करे तो उसके ऊपर करवाई की जाए वर्जन ञ्सरपंच सुनील कुमार विश्वकर्मा द्वारा कहा गया की कुछ ही समय में बसस्टैंड पर से पूरा अतिक्रमण हटाकर बस स्टैंड को स्वछ व सुंदर बनाया जाएगा और जिन अपात्र व्यक्तियों ने फर्जी पट्टे बनवा रखे हैं उनकी भी जांच कर कार्यवाही की जायेगी

**इनका कहना है**

एसडीम श्री मनोज उपाध्यायद्ध जिन अपात्र व्यक्तियों ने बस स्टैंड पर अतिक्रमण किया है उनके खिलाफ ग्राम पंचायत हैदरगढ़ प्रस्ताव ठहराव डालें व मुझे सूचना दे मैं स्वयं खड़ा होकर अतिक्रमण हटवाऊंगा

**इनका कहना है**

जनपद सदस्य हैदरगढ़ मोकम कुशवाह -बस स्टैंड से अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो बस स्टैंड पर अंशन पर बैठूंगा जिसकी सूचना मैंने प्रशासन को दे दी

# आत्मनिर्भर और सशक्त महिला के रूप में मिसाल बनी सुनीता




**धार से संवाददाता मैना मारू**

सरदारपुर तहसील के एक छोटे से गांव गोंदीखेडा ठाकुर में रहने वाली मजदूर महिला ने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बन अपने परिवार की जिम्मेदारियों को संभाला। क्षेत्र के ग्राम गोंदीखेडा ठाकुर की सुनीता बताती है कि 2007 में विवाह कर अपने ससुराल आई थी। संयुक्त परिवार होने के बावजूद भी घर की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर थी। परिवार के सभी पुरुषों को मजदूरी के लिए गुजरात की ओर पलायन करना पड़ता था। उसके बाद भी साहूकारों से अधिक ब्याज पर ऋष्ण लेना पड़ता था। जिसे चुकाने के बाद मेरे पास बचत नहीं हो पाती थी। जैसे- जैसे समय निकलता गया परिवारों की जरूरत भी बढ़ती गई और बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा, पक्का मकान की जरूरत बढ़ती जा रही थी। इन परिस्थितियों से निकलना चाहती थी लेकिन परिवार के लिए कुछ नहीं कर पा रही थी। मेने अपनी ये समस्या हमारे मोहल्ले में रहने वाली शिला दीदी को बताई तो उन्होंने हमें राय दी की महिला विकास संस्था से जुड़कर स्वयं का रोजगार कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधारे। उनकी बात मुझे अच्छी लगी और में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी और बैठक में शामिल हुई। बैठक के दौरान समूह संचालन की विस्तृत रूप से जानकारी मिली। स्वयं सहायता समूह से जुड़कर सोसायटी द्वारा 30 हजार रुपये का ऋष्ण मिला जिससे मेने कटलेरी सामान ड़रीदा और गॉव-गॉव जा कर फेरी लगती जिससे मुझे प्रतिदिन के 800 से 900 रुपयें की अच्छी आमदनी हो जाती जिससे मेने परिवार को सहारा दिया और आज मेरा परिवार अच्छा जीवन यापन कर रहा।

# भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले निकल गई रैली, जिला प्रशासन वार्ड रेलवे प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन

## 25 वर्षों से चली आ रही निशुल्क पार्किंग व्यवस्था जारी रखने ऑटो रिक्शा चालकों ने निकाली रैली





भारतीय मजदूर संघ, शहडोल
जिला–शहडोल (म.प्र.)
फोन न. जिला मंत्री 8225065378 Email : mishrabrijesh261@gmail.com
क्रमांक 21
दिनांक 31/12
प्रति,
श्रीमान् मण्डल रेल प्रबंधक महोदय,
द.पू. मध्य रेलवे मण्डल बिलासपुर
द्वारा:– क्षेत्रीय रेल प्रबंधक महोदय, द.पू.मध्य रेलवे शहडोल म0प्र0।
विषय:– पूर्व की तरह शहडोल रेलवे स्टेशन के सामने निःशुल्क ऑटो रिक्शा स्टैण्ड स्थल चिन्हांकित कराये जाने बावत्।
महोदय,
भारतीय मजदूर संघ जिला शहडोल द्वारा श्रीमान् जी के संज्ञान में शहडोल रेलवे स्टेशन प्रांगण में कार्यरत ऑटो रिक्शा चालकों की निम्नलिखित समस्याऐं रखी गई :–
1. श्रीमान् सन् 2000 से 2024 तक ऑटो रिक्शा स्टैण्ड मेन गेट के सामने व्यवस्थित तौर पर संचालन हेतु निःशुल्क जारी किया गया था।
2. श्रीमान् यह सर्व ज्ञापित है कि ऑटो रिक्शा जैसे वाहनों को शासन द्वारा पूर्णतः शुल्क मुक्त रखा गया है चाहे वह टोल टैक्स वैरियर हो या अन्य कहीं भी शासन द्वारा प्रयोजित स्थल।
3. श्रीमान् ऑटो रिक्शा चालकों द्वारा विभिन्न गली–मोहल्लों व गांवों से दिन–रात सवारी लाकर स्टेशन में अपनी सेवायें प्रदान करते हैं। (अतः ऑटो चालक भी अपने आपको रेलवे का एक आर्थिक अंग मानते हैं)
4. श्रीमान् शहडोल के संभाग बनने के उपरांत ऑटो संचालकों में बेन्तहा वृद्धि हुई है, जिस कारण लगभग 100 से 200 ऑटो हमेशा बनी रहती हैं।
5. श्रीमान् आर.पी.एफ. थाना के सामने व गेट नं. 02 के पास जो पार्किंग स्थल है, उक्त स्थल का टेण्डर कई दशकों से दू–व्हीलह + फोर व्हीलर के लिए हुआ है एवं अन्य और कोई वाहन की पार्किंग का पैसा वहाँ लगता है।
अतः श्रीमान् जी से नम्र निवेदन है कि रेलवे स्टेशन नवीनीकरण प्लान 2024–25 के तहत निःशुल्क ऑटो रिक्शा स्थल को चिन्हांकित कराने की महान् कृपा करें, जिसके लिये भारतीय मजदूर संघ शहडोल सदैव आपका आभार व्यक्त करता है।
दिनांक 31/12/2024
भवदीय
जिलामंत्री
भारतीय मजदूर संघ जिला–शहडोल (म.प्र.)
जिला मंत्री
बृजेश कुमार मिश्रा
भारतीय मजदूर संघ शहडोल
जिला शहडोल (म0प्र0)
मो.नं. 8225065378
प्रतिलिपि:–
1. श्रीमान् प्रदेश अध्यक्ष/श्रीमान् प्रदेश महामंत्री महोदय म0प्र0 की ओर सूचनार्थ।
2. श्रीमान् विभाग प्रमुख जिला शहडोल म0प्र0 की ओर सूचनार्थ।

**गजेन्द्र परिहार**

शहडोल। बीते 25 वर्षों से शहडोल जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन शहडोल रेलवे स्टेशन में ऑटो रिक्शा की पार्किंग निशुल्क रही है किसी प्रकार का कोई शुल्क ऑटो रिक्शा चालकों से नहीं लिया जाता रहा है वहीं वर्तमान में जहां शहडोल रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण हो रहा है तो नवीनीकरण प्लान के दौरान ऑटो रिक्शा पार्किंग स्थल चिन्हांकित करने को लेकर भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ प्रोंपी सिंह एवं विभाग प्रमुख राजेश सिंह परिहार के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन शहडोल से रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और ज्ञापन सौंप कर रिक्शा चालकों ने अपनी समस्या निराकरण की मांग जिला प्रशासन शहडोल से रखी।

### यह था ज्ञापन मे

`–भारतीय मजदूर संघ जिला शहडोल द्वारा मंडल रेल प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मंडल बिलासपुर व जिला प्रशासन शहडोल को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया की श्रीमान सन् 2000 से 2024 तक ऑटो रिक्शा स्टैण्ड मेन गेट के सामने व्यवस्थित तौर पर संचालन हेतु निःशुल्क जारी किया गया था,सर्व ज्ञापित है कि ऑटो रिक्शा जैसे वाहनों को शासन द्वारा पूर्णतः शुल्क मुक्त रखा गया है चाहे वह टोल टैक्स वैरियर हो या अन्य कहीं भी शासन द्वारा प्रयोजित स्थल एवं ऑटो रिक्शा चालकों द्वारा विभिन्न गली-मोहल्लों व गांवों से दिन-रात सवारी लाकर स्टेशन में अपनी सेवायें प्रदान करते हैं। (अतः ऑटो चालक भी अपने आपको रेलवे का एक आर्थिक अंग मानते हैं) इसके साथ ही शहडोल के संभाग बनने के उपरांत ऑटो संचालकों में वृद्धि हुई है, जिस कारण लगभग 100 से 200 ऑटो हमेशा बनी रहती है। आरपी.एफ. थाना के सामने व गेट नं. 02 के पास जो पार्किंग स्थल है, उक्त स्थल का टेण्डर कई दशकों से दू-व्हीलर फोर व्हीलर के लिए हुआ है एवं अन्य और कोई वाहन की पार्किंग का पैसा वहाँ लगता है।अतः श्रीमान् जी से नम्र निवेदन है कि रेलवे स्टेशन नवीनीकरण प्लान 2024-25 के तहत निःशुल्क ऑटो रिक्शा स्थल को चिन्हांकित कराने की महान् कृपा करें, जिसके लिये भारतीय मजदूर संघ शहडोल सदैव आपका आभार व्यक्त करता है।

### ये रहे मौजूद

– रैली एवं ज्ञापन देने के दौरान प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ प्रोंपी सिंह, शहडोल विभाग प्रमुख राजेश सिंह परिहार, अभिषेक पांडे अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ शहडोल, हरिमोहन साहू ऑटो संघ शहडोल, रामचरण सिंह, सचिव राकेश मांझी सहित सैकमो ऑटो चालक कार्यकर्ता एवं अन्य मौजूद रहे।

# शिक्षक, विद्यार्थियों से विभिन्न विषयों पर करें संवाद, परीक्षा परिणाम सुधारें - कलेक्टर

## कलेक्टर ने विद्यालय प्राचार्यो की ली बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने मंगलवार को कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों के संबंध में विद्यालय प्राचार्यों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने प्राचार्यों को निर्देश दिए कि शिक्षक, विद्यार्थियों से अलग-अलग विषयों में संवाद करें। उन्होंने कहा कि 2024-25 में आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम बेहतर हो इसके लिए सभी प्राचार्य, शिक्षक अपने कर्तव्यों को निर्वहन ईमानदारी के साथ करें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में ऐसे समय निर्धारित करें जिससे कोई भी शिक्षक खाली न बैठे। कलेक्टर ने कहा कि तिमाही एवं छमाही परीक्षा परिणाम को अंकों में अनावश्यक न




दर्शाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी प्राचार्य, शिक्षक अपने बच्चों की तरह अच्छी शिक्षा दिलाए, बच्चों का भविष्य आप लोगों के हाथ में रहता है, विद्यार्थियों को खेल-खेल के साथ भी शिक्षा दिलाए जिससे उनकी पढाई के प्रति रूचि बड़े। कलेक्टर ने बैठक में वर्ष 2023-24 में कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम खराब होने पर प्राचार्य हाई स्कूल खोह, सोनहा, कोलूहा, भूरसी, हायर सेकेण्ड्री जैतपुर को कड़ी फटकार लगाते हुए वर्ष 2024-25 में कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम सुधारने के सख्त निर्देश दिए तथा प्राचार्य हाई स्कूल बैम्हौरी टोलमन धरवाइया को निलंबित करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने वर्ष 2023-24 में कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम बेहतर होने पर हाई स्कूल प्राचार्य मनोज तिवारी, प्राचार्य हाईस्कूल हर्रा टोला, चांपा सहित अन्य प्राचार्यों की सराहना की। बैठक में सहायक आयुक्त जनजातिय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा, जिला शिक्षा अधिकारी एमएल पाठक सहित विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे।

# आर. बी. एस. के., योजना बनी नवजात के लिए वरदान





शहडोल। प्रदेश शासन द्वारा पोषित आर.बी.एस. के. योजना जिसके तहत् जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण आर.बी.एस. के. टीम द्वारा चिकित्सक के साथ प्रसव केन्द्र एवं आंगनबाड़ी तथा स्कूल में भ्रमण कर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है तथा कटे फटे होंठ, टेड़े-मेढे पैर व अन्य जन्मजात बीमारियों का निदान शासन द्वरा चिन्हित अस्पतालों में कराया जाता है। इसी तारतम्य में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा के निर्देशन में जिला प्रबंधक आर.बी. एस. के. कंचन पटेल एवं चिकित्सक डॉ. अजय गुप्ता की अगुवाई में सिविल अस्पताल ब्यौहारी में 19 दिसंबर 2024 को जन्मे बच्ची, पुत्री श्रीमती लक्ष्मी साहू निवासी बोडिडहा ब्यौहारी जिसका जन्म के समय से ही पैर अंदर की ओर मुड़े हुए थे। डॉ. गुप्ता ने बच्ची के माता-पिता को समझाया कि घबराने की जरूरत नही है, आप अपने बच्ची को जिला अस्पताल ले जाकर अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. अरविंद अम्बेडकर को दिखायें। डॉ. अम्बेडकर के द्वारा बच्ची के पैर में प्लास्टर चड़ाकर क्लब फुट ठीक किया गया। आज बच्ची पूर्णतः स्वस्थ्य है। बच्ची की माता श्रीमती लक्ष्मी साहू ने शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि शासन यह महत्वाकांक्षी योजना का लाभ सभी जरूरतमंदों को पहुंचे, जिससे सभी पात्र बच्चे-बच्ची निःशुल्क रूप से लाभान्वित हो सके।

# एक साल से फरार 10,000 रू. का ईनामी आरोपी मनीष सिंह बघेल को अहमदाबाद गुजरात से किया गया गिरफ्तार



शहडोल। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि घटना 30 अगस्त 2023 को फरियादी देवेन्द्र चर्मकार पिता सियाराम चर्मकार उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम हुडरहा, थाना जयसिंहनगर का अपने मामा संतोष चर्मकार के साथ थाना उपस्थित आकर आरोपी मनीष सिंह के विरूद्ध रास्ता रोककर जातिगत गाली गलौच मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराने पर थाना मे अपराध क्र. 661/23 धारा 341, 294, 323, 506 भादवि, 3(2)(व्हीए) एससी/एसटी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। फरियादी देवेन्द्र चर्मकार रिपोर्ट कर वापस घर जा रहा था तो पुनः आरोपी मनीष सिंह द्वारा फरियादी एवं उसके मामा से रिपोर्ट की बात को लेकर रास्ता रोककर जातिगत गाली गलौच मारपीट की गई जिस पर फरियादी की रिपोर्ट पर थाना मे अप.क्र. 665/23 धारा 341, 294, 323, 506, 34 भादवि, 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2)(व्हीए) एससी/एसटी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। आरोपी मनीष सिंह बघेल निवासी चरखरी उपरोक्त दोनो घटना घटित करने के उपरांत घटना दिनांक से लगातार फरार था जिसकी पता तलाश एवं गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा 10,000 रू. का ईनाम उद्घोषित किया गया था। इसी बीच मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी मनीष सिंह बघेल अहमदाबाद, गुजरात में रहता है, जो आरोपी की गिरफ्तारी हेतु उ.नि. श्याम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर अहमदाबाद, गुजरात रवाना किया गया जो अहमदाबाद में गोमतीपुर थाना की सहायता से आरोपी मनीष सिंह बघेल पिता हनुमान सिंह बघेल उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम चरखरी, थाना ब्यौहारी को गिरफ्तार किया गया जिसे मंगलवार को न्यायालय पेश किया गया जिसे न्यायालय के आदेश से जेल भेजा गया। विदित है कि आरोपी मनीष सिंह बघेल के विरूद्ध थाना ब्यौहारी में 16 अपराध पंजीबद्ध हैं जो थाना की गुण्डा सूची में भी लाया गया है एवं जिला बदर प्रकरण माननीय न्यायालय मे विचाराधीन है। आरोपी वर्तमान में 03 मामलों मे फरार था जिसे ब्यौहारी पुलिस द्वारा कड़ी मेहनत से गिरफ्तार किया गया।

# कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई



शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में मंगलवार को कमिश्नर कार्यालय शहडोल के अमरकंटक सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी तथा समस्याओं और शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में राजस्व से संबंधति, पीएम किसान, पीएम आवास, सीएम किसान, आर्थिक सहायता, खाद्य, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, जनजातीय विभाग सहित शासन द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से संबंधित शिकायतों के आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण हेतु कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

## रीजनल इंडस्ट्रियल कांक्लेव हेतु अधिक से अधिक व्यापारी करें पंजीयन- कलेक्टर



शहडोल। संभागीय मुख्यालय शहडोल में 16 जनवरी को आयोजित होने वाली रीजनल इंडस्ट्रियल कांक्लेव के आयोजन की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने व्यापारियों के साथ बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि 16 जनवरी को आयोजित होने वाली रीजनल इंडस्ट्रियल कांक्लेव में अधिक से अधिक व्यापारी ऑनलाइन पंजीयन करें तथा इच्छुक उद्यमियों को भी पंजीयन के संबंध में जानकारी दें। उन्होंने कहा कि रीजनल इंडस्ट्रियल कांक्लेव में पंजीयन के आधार पर ही पास जारी किये जाएंगे तथा व्यापारी अपने-अपने स्टॉल लगाएं। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह सहित संभागीय मुख्यालय शहडोल के व्यापारी उपस्थित थें।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादकः अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# चौथे दिन 84 में से 82 छात्राओं ने परीक्षा में लिया भाग



सिधौली -सीतापुर। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन ( सेकंड चांस प्रोग्राम) संस्था द्वारा 10वीं कक्षा की तैयारी कर रहीं ब्लॉक की ड्रॉप आउट छात्राओं की प्री बोर्ड परीक्षा प्रथम गर्ल एंड वीमेन परिसर में सिधौली, गनेशपुर,खजुरिया, व सीरगंज सेंटर के कुल छात्राएं(84) में से(82) छात्राएं चतुर्थ दिवस में सम्मिलित हुई । परीक्षा का आयोजन 28 दिसंबर से तीन जनवरी तक रहेगा पहले दिन विज्ञान,दूसरे दिन हिन्दी,तीसरे दिन गृहविज्ञान ,चैथे दिन अंग्रेजी , पांचवें दिन पेंटिंग व छठे दिन डाटा एंट्री ऑपरेशंस कुल छः विषयों की परीक्षा होगी इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा से वंचित ड्रॉप आउट छात्राओं को शिक्षा की दिशा की ओर ले जाना व खुद पर निर्भर होने हेतु रोजगार, स्वरोजगार का मार्ग दर्शन कराना जिससे अपने परिवार समेत सकुशल जीवन व्यापन करने में सक्षम रहें। परीक्षा केंद्र पर सिधौली में प्रथम गर्ल्स एंड वीमेन(ैब्च) प्रोजेक्ट हेड चंद्रभान सिंह ने बताया कि जिस प्रकार से सेकंड चांस प्रोग्राम का संचालन स्थानीय ब्लॉक में किया जा रहा है ब्लॉक लीडर श्याम तिवारी का कहना है कि अगले सत्र में इस प्रोग्राम का और विस्तार किया जाएगा और ज्यादा से ज्यादा छात्राओं व महिलाओं शिक्षा से जो?ा जाएगा वर्तमान छात्राओं की मदद के लिए फैसिलिटेटर दीपा सिंह, अंकेश जी व आरती को कार्यरत होना बताया है।

# परसेण्डी की अंगरासी व इमलिया में भी हुआ परिजनों के नाम भुगतान




सीतापुर। जारी आदेशों को दरकिनार कर विकास खण्ड परसेण्डी की ग्राम पंचायत अंगरासी की ग्राम प्रधान सलीमुन ने सचिव के साथ मिलकर स्वयं अपने नाम पर पन्द्रवां/ पंचम वित्त से वर्ष 2022-23 व 23-24 में करीब नौ लाख रूपये का भुगतान निकालकर ग्राम पंचायत की धनराशि में फर्जीवा?ा कर डाला। यही स्थित विकास खण्ड की ग्राम पंचायत इमलियां की भी है जहां प्रधान रजनी देवी ने अपने पति राजेश कुमार व स्वयं के नाम आदेशों की धज्जियां उ?ाते हुए करीब तीन लाख रूपये से अधिक का भुगतान कर वित्त की धनराशि का उपयोग अपने निजी कार्यो में कर डाला। इस सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारी धन्नजय सिंह से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होने बताया कि जानकारी मिली है प्रधान व प्रधान परिजनों के नाम अगर कोई भुगतान किये गये है तो वह गलत है जांच करवाई जायेगी। दोषी पाये जाने पर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## एक नजर...

### जिम्मेदारों की लापरवाही से कटीली ओवर ब्रिज के पास हुआ जलभराव आवागमन बाधित



सीतापुर। सीतापुर बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग तीस पर स्थित कटीली ओवर ब्रिज के पास कार्यदाई संस्था व जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते जलभराव होने से आवागमन बाधित हुआ। बताते चले कि सीतापुर से बरेली मार्ग चैड़ीकरण का कार्य लगभग पूर्ण होने की स्थित में चल रहा है। मार्ग चैड़ीकरण में कराये गये निर्माण में कटीली ओवर ब्रिज की सर्विस रोड पर चैनेज 407460 में जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते चल रही नहर के पानी से सर्विस रोड पर दोनो तरफ जलभराव होने के चलते आवागमन बाधित हो गया। जिससे जहां एक तरफ आम जनमानस को हाइवे पर चलने में दिक्कतों का सामना करना पणओइ रहा है वहीं जलभराव होने से सर्विस रोड की क्षमता भी खत्म हो रही है।

### पुलिस के सख्त पहरे में मनाया गया 31 दिसम्बर



### देर रात तक पुलिस रही अलर्ट, शांतिपूर्ण तरीके से लोगो ने मनाया नया साल

सीतापुर। नव वर्ष के आगमन पर किसी तरह का कोई बवाल न होने पाये इसको ध्यान में रखते हुए कप्तान के नेतृत्व में पुलिस महकमा दो दिन पहले से ही अलर्ट मोड पर था। चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात थी रात में शराब की दुकानों से लेकर चैराहों पर पुलिस तैनात रही और करीब करीब हर चैराहे पर पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया और संदिग्ध लोगो पर विशेष ध्यान रखा गया। 31 दिसम्बर को युवाओं ने अपने अपने तरीके से मनाकर नये साल का स्वागत किया। धार्मिक प्रवृत्ति के युवाओं ने मंदिर में जाकर पूजा अर्चना कर दान पुन्य कर भगवान से अपने परिवार की सुख समृद्धि मांगी तो कुछ युवाओं ने होटलों को बुक करके अपने मित्रों को नये साल का का स्वागत किया। कई होटलों पर जानकारी की गई तो वहां से पता चला कि 31 दिसम्बन की बुकिंग तो कई दिन पहले से हो रही थी लेकिन 29 दिसम्बर से बुकिंगो की संख्या बड़ी और 31 दिसम्बर को किसी भी होटल में कोई जगह रिक्त नही रही। नये साल के स्वागत में जनता को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो इसके लिये पुलिस हर सिस्टम पर निगरानी बनाये रही और समय समय पर वाहनों की चेकिंग भी की और वाहन चालको जागयक किया और कहा कि किसी प्रकार का नशा करके वाहन न चलाये और वाहन चलाते समय मोबाइल से बात भी न करे ऐसा करने से हादसों से बचा सकता है।

### तहसील प्रशासन ने वितरित किये कम्बल



सिधौली -सीतापुर। स्थानीय तहसील मुख्यालय पर नव वर्ष 2025 के अवसर पर उपजिलाधिकारी के आवास के आपदा राहत के तहत कमोबेश तीन दर्जन निरीह, गरीब निराश्रित महिलाओं -पुरूषों को लेखपाल दीपक मिश्रा बाड़ी गांव निवासियों में कम्बल वितरित किए। उपजिलाधिकारी आवास कै सामने बुधवार को हल्का लेखपाल दीपक मिश्रा ने ग्राम पंचायत बाड़ी की निर्मला, विनोद, राजेश,सुनील,फरीदा,हसन निशा, कमरुद्दीन ,सान्ती,, वकील अहमद, निसार, मुन्नी, नूरजहां,मसीहा, कैंसर जहां, उर्मिला, खातूना, राजाराम, शहरुननिशा ,शरीफुन ,मुन्ना,असलम,रामपती,जुम्मो सहित कमोबेश तीन दर्जन निरीह गरीब निराश्रित महिलाओं -पुरूषों को कड़ाके की ठंड से बचने हेतु कम्बल वितरित किए गये कम्बल पाकर गरीब, निराश्रित महिलाओं -पुरूषों ने सरकार की नीतियों की प्रशंसा करते चेहरों पर मुस्कान नजर आई।

# बाबूजी द्वारा बताये गये मार्ग पर चलना मेरा पुनीत कर्तव्य: सुरेश राही

## मंदिर परिसर में मनायी गई पूर्व गृहराज्य मंत्री स्व0 रामलाल राही की 87वीं जयन्ती

सीतापुर। मेरे श्रद्धेय पिताजी ने जो हमें समाजनीति व राजनीति के जरिए जो राह दिखाई है, उस पर चलना मेरा पुनीत कर्तव्य है। उन्होंने अपनी लम्बी समाजसेवा और राजनीति के विभिन्न पदों पर रह कर जनमानस में के दिलों जो जगह बनाई है वह जगह कम ही नेता आज के युग में बना पाते हैं। राजनीति में ईमानदारी और सुचिता की बात जब होती है तो मेरे पिताजी का नाम लोग बड़े आदर के साथ लेते हैं, यह सुनकर मेरा भी सीना गर्व से चैड़ा हो जाता है। मेरे बाबूजी ने जो भी मुझे षिक्षाएं दी है और समाजनीति व राजनीति के माध्यम से जो जनसेवा का मूल मंत्र दिया है उसका हमेषा पालन करूँगा। यह बात कारागार राज्यमंत्री उत्तर प्रदेष सरकार सुरेष राही ने सत् श्री सांई षिव शक्ति मंदिर सरायन नदी तट मोहल्ला नई बस्ती में आयोजित पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री स्व0 राम लाल राही की 87वीं जयन्ती के अवसर पर उपस्थित स्व0 राही के शुभचिन्तकों की सभा को सम्बोधित करते हुए कही। राज्यमंत्री कारागार सुरेष राही ने मेरे पिताजी धार्मिक प्रवृति के व्यक्ति थे उन्होंने सत् श्री सांई षिव शक्ति मंदिर की स्थापना की, अगर मुझे राजनैतिक लाभ लेना होता तो उनकी मूर्ति हरगांव या मिश्रिख में लगवाता। लेकिन बाबूजी का ध्यान मंदिर की तरफ लगा रहता था इसलिए बाबूजी व माताजी की मूर्ति मंदिर परिसर में स्थापित कराया है। उन्होंने कहा कि मेरे पिताजी और



माताजी दोनों की जयन्ती नव वर्ष के दिन ही होती है। अपने उद्बोधन के पूर्व श्री राही व उनकी पत्नी निषा राही ने मंदिर परिसर में स्थापित पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री राम लाल राही व पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती सुंदरि देवी राही की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुश्पांजलि अर्पित की। उनका पूजन अर्चन मंदिर के पुजारी पं0 बृजेष शास्त्री व मनोज ष्शास्त्री ने मंत्रोच्चार कर विधि विधान से कराया। जयन्ती सभा को रमाकान्त मिश्रा, अजय गुप्ता, राकेष त्रिपाठी, अचिन मेहरोत्रा, वरिष्ठ पत्रकार, कवि एवं रंगकर्मी ज्ञान प्रकाष सिंह प्रतीक, राम दयाल अवस्थी, उत्तम शर्मा, किरन श्रीवास्तव, पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत पं0 मुनीन्द्र अवस्थी, योगेन्द्र सिंह, मुन्ना लाल राजवंषी, जसकरन लाल राजवंषी, निषा राही, शैलेन्द्र कुमार, अनिल शुक्ला, विनीत दीक्षित, कमलेष पासवान, महेन्द्र कुमार वर्मा एडवोकेट, अतीक अंसरी पूर्व चेयर मैंन नपाप, सुन्दर लाल यादव, सुषील माहेष्वरी, पीयूष शुक्ला, तकदीरपाल, मायाराम रावत, आषा कनौजिया, सत्यदेव पाण्डेय आदि ने स्व0 राही व स्व0 श्रीमती राही के विराट व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाष डालते हुए उनसे जुड़े अनेक संस्मरण सुनाये। इस अवसर पर मुख्य रूप से हाजी जावेद चेयर मैंन नपाप लहरपुर, जगदीष प्रसाद प्रमुख महोली, परषुराम लल्ला, राहुल जायसवाल, कौषलेन्द्र शर्मा, हरिवंष बाजपेयी, महेन्द्र अवस्थी, अमित भार्गव, राजेष राज, पंकज शुक्ला, देवेन्द्र शुक्ला, के0के0मिश्रा, प्रदीप दुबे, लवलेष कुमार वर्मा, रमेष चन्द्र शुक्ला, अंजनी ष्शुक्ला, नरेन्द्र वर्मा, सुरेष कुमार वर्मा, लवकुष शुक्ला, अजय जायसवाल, रिंकू दीक्षित, राकेष अवस्थी सहित भारी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# भागवताचार्य ने ली महंत बजरंगमुनि उदासीन से संन्यास की दीक्षा

सीतापुर। खैराबाद बड़ी संगति स्थित पवित्र भुइयांताली तीर्थ माँ बंगलामुखी के सानिध्य में सन्यास की दीक्षा ग्रहण किया आशीष मिश्रा के पिता बहादुर मिश्रा गांव मिर्जापुर पिपरी थाना कोतवाली देहात के निवासी है। उदासीन सम्प्रदाय से जुड़ने के बाद महाराज ने माँ बगलामुखी की पूजा कर आशीर्वाद लिया। महंत बजरंग मुनि उदासीन ने बताया उदासीन संप्रदाय में दीक्षा संस्कार की विधि में दीक्षा के समय गुरु, दीक्षार्थी को नहलाते हैं और भस्म लगाते हैं.दीक्षार्थी को गुरु का चरणोदक पिलाया जाता है.गुरु दीक्षार्थी को कोई नया नाम देते हैं.दीक्षार्थी को दीक्षामंत्र से दीक्षित किया जाता है. दीक्षार्थी धर्म के प्रचार, प्रसार, संरक्षण, संवर्धन और उत्थान में अहम भूमिका निभाने का वचन दिया। कुंभ मेले, धार्मिक आयोजनों और विभिन्न सेवा प्रकल्पो के माध्यम से दुनिया भर में भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म को प्रचारित प्रसारित करने,और राष्ट को उन्नति की ओर अग्रसर करने में हमेशा ही अग्रणी भूमिका निभाने का वचन लिया जाता है।

# भुवनेश्वर में चमका सीतापुर का लाल

सीतापुर। बिसवा के लाल ने सीतापुर का नाम भुनेश्वर में रोशन का कामयाबी हासिल की है। बिसवां के गोवर्धनपुर निवासी देव कुंवर सिंह ने भुवनेश्वर स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में अपनी मेधा का परचम लहराया है। उन्हें रोबोटिक्स विभाग की उत्कृष्ट शोध उपलब्धियों के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने रोबोटिक्स विभाग में अपने पीएचडी शोध के दौरान विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए। उनका शोध कार्य अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीकों और स्वचालन पर आधारित है। यह शोध भविष्य में उद्योगों और मानव जीवन को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा।उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने मार्गदर्शक, परिजनों और आईआईटी भुवनेश्वर के समर्पित शिक्षकों को दिया है। उन्हें केंर्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यह उपाधि प्रदान की है। इस दौरान विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर अभय करंदीकर सचिव डीएसटी, डीएई सचिव व एईसी अध्यक्ष डॉ. अजीत कुमार मोहंती, भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर अजय कुमार सूद, निदेशक आईआईटी भुवनेश्वर प्रोफेसर श्रीपद करमलकर व अन्य मौजूद रहे।

# कप्तान के नेतृत्व में सीतापुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही









### 125 लीटर शराब के साथ 11 तस्कर गिरफ्तार'

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र द्वारा अवैध मादक द्रव्य, शस्त्र, शराब निष्कर्षण, बिक्री एवम् परिवहन की रोकथाम हेतु ऐसे आपराधिक कृत्यों में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये हैं ।उक्त निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी/उत्तरी के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण में विभिन्न थानों द्वारा अवैध मादक द्रव्यध्शस्त्रध्शराब निष्कर्षण, बिक्री एवम् परिवहन की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही की गयी । थाना पिसवां पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त मुंशीलाल पुत्र मोहन लाल निवासी ग्राम कुतुवापुर थाना पिसावां को गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से 10 लीटर देशी अवैध शराब बरामद हुई है। बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 01/25 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गयी । थाना लहरपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त राजू पुत्र स्व0 गुरू नि0 ग्राम नई बस्ती चंदवासोत थाना लहरपुर जनपद सीतापुर दीनू पुत्र स्व0 विशम्भर नि0 ग्राम नई बस्ती चंदवासोत थाना लहरपुर सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 10-10 लीटर देशी अवैध शराब बरामद हुई है। बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 01/25 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गयी । थाना तम्बौर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त . भारत पुत्र स्व0 मोती निवासी ग्राम गोडियनपुरवा मजरा जालिमपुर मडोर थाना तम्बौर जनपद सीतापुर . सुरेश पुत्र रामदत्त निवासी ग्राम जालिमपुर मडोर थाना तम्बौर सीतापुर 3. कमलेश पुत्र स्व0 मोती निवासी ग्राम गोडियनपुरवा मजरा जालिमपुर मडोर थाना तम्बौर जनपद सीतापुर जियालाल पुत्र माधव निवासी ग्राम दुबई थाना तम्बौर सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 10-10 लीटर (कुल 40 लीटर) देशी अवैध शराब बरामद हुई है। बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय मु0अ0सं0 001/2025 धारा 60 आबकारी अधि0 बनाम भारत, मु0अ0सं0 002/2025 धारा 60 आबकारी अधि0 बनाम सुरेश, . मु0अ0सं0 003/2025 धारा 60 आबकारी अधि0 बनाम कमलेश, 4.मु0अ0सं0 004/2025 धारा 60 आबकारी अधि0 जियालाल पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गयी । थाना सकरन पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त 1. रंगीलाल पुत्र भरोसे निवासी ग्राम सुकेठा थाना सकरन जनपद सीतापुर 2. पिंटू पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम मोतीपुर थाना सकरन जनपद सीतापुर 3. रामसागर पुत्र हजारी निवासी ग्राम सुकेठा थाना सकरन जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से कुल 35 लीटर देशी अवैध शराब बरामद हुई है। बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 02/2025 धारा 60 आबकरी अधि0 बनाम रंगीलाल, 2.मु0अ0सं0 03/2025 धारा 60 आबकरी अधि0 बनाम पिंटू, .मु0अ0सं0 04/2025 धारा 60 आबकरी अधि0 बनाम रामसागर, पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गयी । .थाना अटरिया द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार:- थाना अटरिया पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त श्यामलाल पुत्र चन्दी नि0ग्राम कोल मजरा अकबरपुर रेवान थाना अटरिया जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से 20 लीटर देशी अवैध शराब बरामद हुई है। बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 01/25 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गयी ।

### -इनामी बदमाश और पुलिस के बीच चली गोली

-'एसओजी एवं थाना रामपुरकलां की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 'बंशीपुर' थाना रामपुरकलां पर पंजीकृत मु0अ0सं0 211/24 धारा 303(2)



थाना रामपुर कला में वांछित 25,000- रुपये के इनामिया शातिर अपराधी चाँद बाबू पुत्र रहमत निवासी मियांगज थाना बिसवां जनपद सीतापुर को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है।'गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से '2000 रुपये नगद, 01 अदद मोटरसाइकिल अपाचे (बिना नंबर प्लेट की), 01 अदद तमंचा 315 बोर, 02 अदद जिन्दा कारतूस, 02 अदद खोखा कारतूस बरामद हुआ है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर एवं अभ्यस्त किस्म का अपराधी है अभियुक्त पर गौवधध्नकबजनी व गैंगेस्टर एक्ट जैसे गंभीर अपराधों में करीब डेड़ दर्जन मुकदमे पंजीकृत हैं।'

## एक नजर...

# बगैर नंबर प्लेट की तालाब में मिली काली पल्सर बाइक

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर। टांडा अलीगंज थाना क्षेत्र अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री ग्राम बिहरा, सीमेंट प्लांट के पीछे स्थित तालाब में बिना नंबर प्लेट के मिली अज्ञात पल्सर बाइक से गम्भीर सवाल उठने लगा है। कि पिछले दिनों जनपद अम्बेडकर नगर में बाइक चोरी का मामला चल ही रहा था कि। एक और अज्ञात पल्सर बाइक ग्राम बिहरा फतेहपुर कनौड़ा सीमेंट प्लांट के पीछे तालाब से निकाली गई। हम अगर ग्रामीणों की बात करें तो तथाकथित पिछले दो, तीन दिनों से बाइक तालाब में थी। इस अज्ञात पल्सर बाइक की जानकारी ग्रामीण जनों ने थानाध्यक्ष अलीगंज पुलिस को दी वही तत्काल अलीगंज पुलिस टीम पहुंचकर मौके पर पल्सर बाइक को ग्रामीणों के मदद से तालाब से बाहर निकाला। और तत्पश्चात अज्ञात पल्सर बाइक की सुचारू रूप से जांच पड़ताल के लिए थाना अलीगंज को भेज दिया गया।

## पंचायत भवन में क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



## जिम्मेदार कर्मचारी को एक एक क्षय रोगी को गोद लेने की घोषणा की गई

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी**

बाराबंकी जनपद के विकासखंड बनीकोडर ब्लॉक की ग्राम पंचायत सनौली में वर्ष के प्रथम दिन बुधवार को पंचायत भवन में क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड अधिकारी विनय कुमार मिश्रा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमरनाथ वर्मा उर्फ गुड्डू भैया की मौजूदगी में किया गया कार्यक्रम के दौरान टीवी के चयनित रोगियों को पोषण पोटली वितरित करते हुए कार्यक्रम में शामिल लोगों को नव वर्ष की बधाई दी, मिश्र ने रोगियों को बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रति माह ड़1000 इलाज के लिए खाते में भेजा जाता है जिन पंचायत में क्षय रोगी है ग्राम प्रधान दो लोगों को बीओ एक एक विद्यालय के प्रधानाध्यापक एक रोगी को गोद लेने की घोषणा की ब्लॉक की 58 क्षय रोगियों वाली ग्राम पंचायतो में 71 रोगियों को पोषण पोटली वितरित की गई इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सीएचसी रामसनेहीघाट से डॉक्टर संतोष वर्मा अधिकारी ए मो ओ ग्राम विकास अधिकारी विवेक वर्मा, पंचायत मित्र प्रेम वर्मा, प्रधानाध्यापक अध्यापक राजेश सिंह,भारतीय किसान मजदूर यूनिट सिंघानिया के जिला अध्यक्ष सरदार वीरेंद्र सिंह, जसवंत वर्मा, अशोक वर्मा,एव टी बी रोग के मरीज एवं समस्त ग्रामीण सहित मौजूद रहे

## सोसायटी में धान रखने जगह नहीं, किसान परेशान




**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से मनोज कुमार**

बेमेतरा। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के सेवा सहकारी समिति मर्यादित मजगांव व छिरहा में 14 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी अब किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। बफर लिमिट से अधिक खरीदी के बावजूद जिले के धान उपार्जन केंद्रों में धान का उठाव ना होने से खरीदी केंद्रों में धान जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। आलम ये है कि केंद्रों में धान रखने की जगह नहीं हैं। किसान अपने धान को तौल करने के लिए बहुत परेशान है

## फर्जी पत्रकारों के खिलाफ सभी संगठन एक होकर देश में अभियान चलाये : उपमन्यु



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी**

मथुरा। उत्कल पत्रकार संघ उड़ीसा राज्य ईकाई के द्वारा ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष एवं एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अलका उपमन्यु एडवोकेट स्पेशल डीजीसी पॉक्सो कोर्ट मथुरा का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अपने सम्मान में आयोजित पत्रकार समारोह को संबोधित करते हुए ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ कमल कांत उपमन्यु एडवोकेट ने कहा देश भर के अंदर व्हाट्सएप और सोशल साइट से फर्जी पत्रकारों की एक फौज खड़ी हो गई है जो न केवल पत्रकारों की छवि को खराब कर रही है बल्कि समाज के हर वर्ग को ब्लैकमेलिंग एवं शोषण कर रही है इसके विरुद्ध देश भर के सभी संगठनों के पत्रकारों को एकजुट होकर के मुकाबला करने का आह्वान किया।इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता उत्कल पत्रकार संघ, उड़ीसा राज्य ईकाई के अध्यक्ष विभूति भूषण कर ने करते हुए बताया कि उत्कल पत्रकार संघ 1945 मे गठित राज्य का सर्ब पुरातन पत्रकार संघ है। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने एक स्वर से श्री उपमन्यु के विचारों पर सहमति भी जताई तथा उड़ीसा राज्य के पत्रकारों का एक प्रतिनिधि मंडल बहुत जल्द उत्तर प्रदेश में प्रयागराज कुम्भ एवं ब्रज और अयोध्या भ्रमण पर भी आएगा। समारोह की अध्यक्षता उत्कल पत्रकार संघ के अध्यक्ष विभूति भूषण कर ने की तथा संचालन संघ के कोषाध्यक्ष राजन चौधरी ने किया। भुवनेश्वर पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष प्रताप चन्द्र प्रधान, साधारण सचिव जितेन्द्र कुमार महान्ति, वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप बैशाख, पवित्र महारथा, भरत् बेहेरा, मनोज प्रधान टुलु पात्र, रणजीत पटनायक, प्रकाश साहु, आदि ने समारोह को संबोधित करते हुए देश भर में पत्रकारों को एकजुट होने का संकल्प लिया।

# नंबर वन आने के लिए पुलिस विभाग में चल रहा आई जी आर एस के

**नंबर वन आने के लिए जनता के साथ किया जा रहा है धोखा**

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को करनी चाहिए कड़ी कार्रवाई**

**इन फर्जीवाड़ा करने वालों पर आखिर कब चलेगा बाबा का हंटर**

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान**
**अयोध्या मंडल ब्यूरो चीफ रविन्द्र वर्मा**
**मोबाइल नंबर 8577897838**

अम्बेडकर नगर। नंबर वन आने के लिए पुलिस विभाग द्वारा जनता की आई जी आर एस पर प्राप्त शिकायतों के फर्जी निस्तारण का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनता को राहत पहुंचने के लिए रात दिन एक कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ उन्हीं की पुलिस केवल वाह वाही पाने के जनता के साथ खिलवाड़ करने से जरा भी गुरेज नहीं कर रही है।बताते चलें कि



आई जी आर एस में जनपद अम्बेडकर नगर अव्वल रहा। लेकिन जब असलियत सामने आई तो हैरानी हुई आखिर क्या केवल नंबर वन आने के लिए जनता के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। क्या अंबेडकर नगर की पुलिस उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ की मेहनत पर पानी फेरने का कार्य कर रही है। एक तरफ योगी आदित्यनाथ जनता की समस्या को दूर करने के लिए हर तरह के विकल्प एवं तंत्र को मजबूत कर रहे हैं। तो वहीं दूसरी तरफ उन्ही के अधिकारी एवं कर्मचारी केवल कागजी कोरम कर इति श्री कर रहे हैं। इन्हीं के करतूत के कारण जनता को दर-दर भटकना पड़ता है लेकिन उनका कष्ट दूर नहीं हो पता है। केवल रिपोर्ट में लिख दिया जाता है कि संपर्क किया गया या संपर्क नहीं हो पाया। जब पीड़ित उच्च स्तरीय अधिकारियों को अपनी शिकायत देता है तो यह अपने मन की रिपोर्ट लगा देते हैं जनता द्वारा जब पूछा जाता है तो यह वही कहते हैं जाओ चाहे जहां जाओ रिपोर्ट लगाना तो हम ही को है। वही यह भी चर्चा है कि इन्हीं की मनमानियो से जनता में योगी आदित्यनाथ का विश्वास टूटता जा रहा है। जब तक सीएम योगी अपना हंटर नहीं चलाएंगे तब तक जनता को कष्ट से निदान नहीं मिल पाएगा। एक ताजा उदाहरण है कि शिकायत 29 दिसंबर 2024 को की गई। जांच अधिकारी थानेदार आलापुर राकेश कुमार ने 26 दिसंबर 2024 की पुरानी रिपोर्ट अपलोड की है। जिसपर उनके हस्ताक्षर भी 26 दिसंबर 2024 के हैं। यह रिपोर्ट दूसरी शिकायत पर दी थी। साथ ही फीडबैक लेने वाले अधिकारी ने लिखा है आवेदिका से 12ः00 बजे फीडबैक लिया गया। आवेदक को आवेदिका लिखा गया तारीख में ओवर राइटिंग कर 26 तारीख को कलम से 29 बनाने का प्रयास किया गया है। यही सब हो रहा है ईमानदार मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस वाली सरकार में।

# साक्ष्य छुपाने व गुमराह करने में पति- पत्नी गिरफ्तार प्रेमिका की आत्महत्या और प्रेमी की हत्या का मामला

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो

अयोध्या। जिले के इनायतनगर थाना पुलिस ने पाराताजपुर के चर्चित प्रेमिका की आत्महत्या और प्रेमी की हत्या के मामले में पूछताछ के बाद प्रेमी के दोस्त और उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया है। पति-पत्नी को साक्ष्य छुपाने तथा इस वारदात के मामले में पुलिस को गुमराह करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर युवक की हत्या में प्रयुक्त गड़ासा और अन्य सामान बरामद किया है। बता दें कि मंगलवार को थाना इनायतनगर के पाराताजपुर गांव स्थित जय सिंह चौरसिया के ससुराल पहुंची इसी थाना क्षेत्र के पटखौली गांव निवासी युवती का अपने प्रेमी विकास पाल निवासी नंदौली थाना बल्दीराय जिला सुलतानपुर से किसी बात पर विवाद हुआ था। विवाद के दौरान उसने बांके से हमला कर प्रेमी को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घायल विकास पाल को जिला अस्पताल से इलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया था, जहां शनिवार दोपहर उसकी मौत हो गई। वहीं प्रेमिका का शव बुधवार को एक प्लास्टिक की बोरी में मिल्कीपुर-खुजरहट मार्ग पर पाराताजपुर क्षेत्र स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के पास सड़क किनारे झाड़ियों में मिला था। पुलिस ने युवती के प्रेमी विकास पाल के दोस्त जय सिंह चौरसिया और उसकी पत्नी से कई चक्र पूछताछ की। पूछताछ में यह बात सामने आई कि प्रेमी पर हमले से आहत युवती ने फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। मामले में कानूनी अड़चन से बचने के लिए प्रेमी के दोस्त जय सिंह चौरसिया ने युवती के शव को प्लास्टिक की एक बोरी में भरकर सुनसान में फेंक दिया तथा घटना की जानकारी होने के बावजूद दोनों ने पुलिस को गुमराह किया।

क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि आत्महत्या के लिए मजबूर करने के दर्ज मामले में इनायतनगर थाने के प्रभारी निरीक्षकदेवेन्द्र पाण्डेय की टीम ने भाऊपुर मोड़ के पास से जयसिंह चौरसिया और उसकी पत्नी निवासीगण ग्राम पूरे बरई, हैधनाकला थाना बल्दीराय जनपद को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त गड़ासा, खून लगी साड़ी, एक जैकेट, एक हरे रंग का टीशर्ट, एक हरे पीले रंग का दुपट्टे का टुकडा, एक गद्दे का खोल, एक सफेद रंग की प्लास्टिक की फटी हुयी बोरी, एकअगौछा, एक ग्रे कलर का बैग, एक मोबाइल बरामद किया है। उन्होंने बताया कि जानलेवा हमले के बाद पुलिस को दुर्घटना की झूठी सूचना दी गई थी।

# घटिया सामग्री से हो रहा आंगनबाड़ी भवन का निर्माण




**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकरनगर ।नौनिहालों के उज्जवल भविष्य के लिए सरकार जहां प्रयत्नशील है वहीं सरकारी कर्मचारी और ठेकेदार आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण में अनियमितता कर उनकी जिन्दगी से खिलवाड़ कर रहे है। ब्लॉक में बनाए जा रहे आंगनबाड़ी केंद्रों में से कई केंद्रों पर मानक के अनुसार सामग्री का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। अकबरपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत पीरपुर स्थित कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण में ग्रामीणों ने अनियमितता का आरोप लगाया है।ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में दोयम दर्जे की ईंट और मानक के विपरीत सीमेंट-बालू के मिश्रण का उपयोग किया जा रहा है। आंगनबाड़ी के निर्माणधीन भवन की गुणवत्ता को प्रभावित करेगा। इस छत के नीचे छोटे-छोटे बच्चों को बैठना है। गुणवत्ताहीन कार्य से भवन कमजोर रहेगा।ठेकेदार ग्रामीणों के सीधेपन का लाभ उठाकर घटिया काम करा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की जाये तब भी उसी प्रकार कार्य होता रहता है बल्कि शिकायत के बाद और तेजी से घटिया सामग्री का प्रयोग कर निर्माण करवा दिया जाता है। अब देखना यह है कि क्या जिले के जिम्मेदार अधिकारी इस मामले को संज्ञान में लेकर क्या कदम उठते हैं यह अपने आप में यक्ष प्रश्न है।
















# व्यवस्था के नाम पर अवैध खनन करने की अनुमति से एक बार फिर माफियाओं द्वारा उपजाऊ व ग्रामसभा की जमीनों पर लोडर व जेसीबी मसीन एवं पोखलेंड का गरज रहा पंजा

**विशेष संवाददाता- अनिल वर्मा / हिंदुस्तान केसरिया**

संवाद सूत्र- हरिद्वार/ जनपद के ग्रामीण एवं लक्सर विधानसभा क्षेत्र में स्थित भोगपुर, टांडा भागमल, नहेंदपुर सुठारी, टांडा महतोली में अवैध खनन भले ही कुछ दिनों पहले जीरो जॉन स्थिति में रहा हो। मगर बीते कुछ दिनों से इन क्षेत्रों में एक बार फिर से अवैध खनन पर जेसीबी लोडर एवं पोकलैंड का पंजा गरजता नजर आ रहा है। सूत्रों के मुताबिक, आपको बतादें की इन क्षेत्रों में बीते कुछ महीनो पहले अवैध खनन व्यवस्था के नाम पर शुरू किया गया था। जिसमें व्यवस्था के नाम पर इस अवैध खनन का खेल माफियाओं द्वारा काफी लंबे समय तक बेखोफ होकर खेला गया था। इसके बाद प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर प्रतिबंध लगाते हुए अवैध खनन को बंद कर दिया गया था और कई तरह की प्रशासनिक टीम को अवैध खनन पर अंकुश लगाने के निर्देशित किया गया था। इसके पश्चात इन क्षेत्रों में अवैध खनन कुछ दिनों के लिए लगभग थम गया था। मगर इसके बावजूद भी इन क्षेत्रों में अवैध खनन करने के लिए माफियाओं को फिर से व्यवस्था का नाम दे दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यह व्यवस्था मात्र 12 दिनों तक अवैध खनन करने के लिए लागू की गई है। जिसमें अवैध खनन कराए जाने के लिए प्रत्येक स्टोन क्रेशर स्वामी से प्रतिमाह नो लाख रुपए वसूले जाने के लिए तय किया गया है। अब इस व्यवस्था के नाम पर माड़िया अवैध खनन करने के लिए तमाम कानूनी व्यवस्थाओं को ताख पर रखकर अवैध खनन कर रहे है। जिसमे इनके व अन्य सभी प्रकार की जमीनों पर लगातार जेसीबी मसीन, लोडर एवं पोकलैंड का पंजा गरजता नजर आ रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक यह अवैध खनन सत्ताधारी कुछ नेताओं एवं प्रशासन में उच्च स्तर का वजूद




सेवा में
श्रीमान चौकी प्रभारी
सुल्तानपुर कुन्हारी
जनपद हरिद्वार उत्तराखंड
महोदय
महोदय निवेदन है कि मेरा खेत दून स्टोन क्रेशर से जो रॉड अलावलपुर जाता उस पर स्थित है उसमे मेरी गन्ने की फसल पॉपुलर के पेड़ और पानी देने का गुलाब्बे को खनन में चलने वाले ट्रैक्टर ट्राली को अन्दर खेत में घुसा कर 25-12-20025 को कुचलकर नष्ट दिया गया था जिसकी ट्रैक्टर ट्रॉली थी उसका नाम परवीन प्रधान और शहीद निवासी अलावलपुर मुसहिबपुर माजरी है,जिनका फोन नम्बर 8868989898 उनसे बात करने पर उन के द्वारा ये बोला गया था कि हम आपके नुकशान की भरपाई कर देगें परन्तु अब तक भी मेरे खेत मे हुए नुकशान का मुआयजा नही दिया गया है।
अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि उक्त के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की कृपा करें।
प्रार्थी
चिरंजीलाल s/o आशाराम
निवासी महतौली टांडा
कोतवाली लक्सर
जनपद हरिद्वार उत्तराखंड
फोन 9012119521

यह माड़िया जेसीबी मसीन, लोडर एवं पोकलैंड द्वारा ग्राम पंचायत, उपजाऊ जमीन एवं श्रेणी 10 व श्रेणी 3 के लिए आवंटित किए गए पट्टों तक को भी गुंजाइश का मौका नहीं दे रहे हैं। बीते कुछ दिनों से लक्सर कोतवाली क्षेत्र स्थित सुल्तानपुर अंतर्गत टांडा महतोली, भोगपुर, टांडा भागमल क्षेत्रों में खनन माफियाओं द्वारा उपजाऊ जमीन रखने वाले कुछ अधिकारियों की सहानुभूति पर व्यवस्था का नाम देकर कराया जा रहा है। जिसमें ग्रामीणों का कहना है कि अगर इन खनन माफियाओं की शिकायत किसी अधिकारी से करते है तो वह कार्यवाही करने की जहमत उठाने से कतरा रहे हैं। यही नही बल्कि माफियाओं को शिकायतकर्ता की तमाम जानकारी दी जाती है, जिससे शिकायतकर्ता को इन खनन माफियाओं से जान-माल खतरा बना रहता हैं। वही शिकायतकर्ताओं को खनन माफियाओं द्वारा कहा जाता है कि हमारा अवैध खनन जनपद के कुछ सत्ताधारी नेताओं एवं प्रशासन में उच्च स्तर का वजूद रखने वाले अधिकारियों की बिनाह पर किया जा रहा है। कोई भी छोटा अधिकारी व शिकायतकर्ता ग्रामीण हमारा कुछ भी उखाड़ नहीं सकता, जिस किसी से भी जहां भी शिकायत करनी हो कर लीजिए। एक तरफ जहां मातृ सदन के प्रतिनिधि अवैध खनन पर अंकुश लगाए जाने के लिए अनेको प्रयास कर रहे हैं। वहीं सत्ताधारी कुछ नेता एवं उच्च स्तर पर मौजूद रखने वाले अधिकारी खनन माफियाओं को व्यवस्था का नाम देकर अवैध खनन करने की अनुमति दे रहे हैं। अब ऐसे में स्थानीय लोग किसान एवं मातृ सदन के प्रतिनिधि व महाराज बालक राम जी अवैध खनन पर अंकुश लगाए जाने के लिए कौन सा रास्ता अपनाए यह तय करना बड़ा ही मुश्किल विषय है। अब सवाल यह है कि सत्ताधारी नेता, मंत्री एवं उच्च स्तर पर वजूद रखने वाले अधिकारी इन माफियाओं पर अंकुश लगाने के लिए कोई ठोस निर्णय लेते हैं। या फिर ऐसे ही इन माफिया को अवैध खनन करने के लिए खुले आम छूट दी जाती रहेगी यह कहना बड़ा ही मुश्किल है।

# ग्राम पंचायत अंडौली में मनरेगा में घर बैठे लोगों की फर्जी हाजरी लगाकर हो रहा लाखों का घोटाला



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता**

बांदा- जिले में भले ही केंद्र व प्रदेश की सरकार गांवों के विकास के लिए भारी भरकम धनराशि ग्राम पंचायतों में भेज रही हो जिससे गांव का विकास हो और गरीबों को रोजगार मिल सके। लेकिन जब जिम्मेदार ही बेईमानी कर भ्रष्टाचार पर उतारू हो जाए तो भला गरीबों को उनका हक मिलना कैसे संभव हो। गांवों में सरकार द्वारा चलाई जा रही मनरेगा योजना का धरातल पर किस तरह गरीब मजदूरों को उसका लाभ मिल रहा है इसकी हकीकत देखनी हो तो आप कमासिन ब्लाक के अंडौली गांव में देखिए जहां मनरेगा योजना के तहत कराये जा रहे कार्यो में भारी भ्रष्टाचार कर प्रधान ब्लाक के अधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी खजाने को चूना लगा रहा है। और भ्रष्टाचारी खुलेआम सरकारी धन का बंदरबांट कर अपनी जेबें भर रहे हैं। गांव में नरेगा से अवधेश प्रजापति के घर से मोहन प्रजापति के घर तक नाला निर्माण व प्राथमिक विद्यालय में बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें मानक विहीन घटिया सामग्री से निर्माण कर फर्जी मजदूरों की हाजिरी लगाई जा रही है। शासन की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा में ऐप पर नियम विरुद्ध फर्जी फोटो अपलोड कर मास्टर रोल में घर बैठे लोगों की फर्जी हाजरी लगाकर कागजों में काम करता दिखाकर प्रधान उच्चाधिकारियों की आंखो में धूल झोंककर सरकार की मंशा पर पलीता लगा रहा है । जबकि मौके पर दूसरे गांव के अन्य लोग ठेके पर कार्य कर रहे हैं। नरेगा में की जा रही गडबडी की पोल नाला निर्माण में कार्य कर रहे मिस्त्री व ग्रामीणों से खुली जब कार्य में लगे मजदूरों के नाम की जानकारी ली गई तो पता चला कि मास्टर रोल में काम करते दिखाए जा रहे 9 मजदूर जितेंद्र सिंह, आशा, कुल्ली, शोभा सिंह, बिलासा, दयाराम, शिवशरण, जोगराज, ऊषा,आदि ने कभी कार्य नहीं किया न इनमें से कोई भी मौके में कार्य पर है। बल्कि कार्य कर रहे सारे लोग बेरांव गांव के हैं। जो ठेके पर कार्य कर रहे हैं। वही कुछ लोगों ने बताया कि यहाँ 12 एक का बालू की जगह डस्ट के मसाले का प्रयोग किया जा रहा है जिससे डस्ट काली होने से कम मात्रा में डाली जा रही सीमेंट का पता न चल सके। वहीं मिली जानकारी के अनुसार दीवार खडी करने से पहले जहां नीचे बेस या फर्स बनानी चाहिए वहीं बिना बेसमेंट बनाये नाममात्र के गट्टे डालकर लीपापोती कर धन को ठिकाने लगाया गया है। वहीं मिस्त्री ने 10 एक के मशाले का प्रयोग होना बताया और कहा नाला की दोनों तरफ दीवार खड़ी करने के बाद में स्लेप डाला जाएगा। वहीं लोगों ने बताया कि नरेगा में की जा रही गड़बड़ी की शिकायत भी जेई और सचिव से की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वहीं बाउंड्री निर्माण में मास्टररोल पर कागजों में दिखाये जा रहे मजदूरों की जगह अन्य मजदूर व नाबालिग बच्चों से काम कराया जा रहा है। लोगों की माने तो गांव में नरेगा में किये जा रहे भृष्टाचार का यह कोई पहला मामला नहीं है इसके पहले भी प्रधान द्वारा मशीनों या ठेकेदारों से कार्य कराकर मनमानी तरीके से मजदूरों का हक छीनकर मजदूरी के नाम पर लाखों का घोटाला किया गया है। वहीं कार्य स्थल पर कोई साइनबोर्ड नहीं लगाया गया है जिससे लोगों को हो रहे कार्य से संबंधित कोई जानकारी हो सके। वहीं जेई मामले में गोलमोल करते हुए एमबी न होने की बात कह रहे हैं। तथा उन्होंने कहा कि रही बात मजदूरों की फर्जी हाजरी की तो यह जिम्मेदारी सचिव प्रधान की है। वही बीडिओ ओमप्रकाश दुवेदी कैमरे के सामने कुछ भी बोलने से यह कहते हुए साफ मना कर दिया कि यह कोई बडा मामला नहीं है।

# बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मिला पुरस्कार तीन दिवसीय अटल खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ समापन



निचलौल (महराजगंज) निचलौल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा बैठवलिया स्थित मनरेगा मिनी स्टेडियम में सीमा जागरण मंच की ओर से तीन दिवसीय अटल खेल कूद प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी, ऊंची कूद, लंबी कूद, दौड़, रंगोली सहित अन्य खेलों में खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। वही प्रतियोगिता के समापन पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता की अध्यक्षता कर रहे सीमा जागरण गोरक्ष प्रांत के महामंत्री जितेंद्र पाल सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन पर 200 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में जानकी, 400 मीटर दौड़ में अर्चना गुप्ता, 800 मीटर दौड़ में ऊषा सहानी ने प्रथम स्थान हासिल की। वही 400 मीटर दौड़ बालक वर्ग में सत्येंद्र चौहान, 800 मीटर दौड़ में सुरेन्द्र मद्धेशिया, 1600 मीटर दौड़ में शैलेश यादव ने प्रथम स्थान हासिल की। गोला क्षेपण बालिका वर्ग में हर्षिता चौधरी जबकि पुरुष वर्ग में शशिकांत ने प्रथम स्थान हासिल की। वही चक्र क्षेपण पुरुष वर्ग युवराज और महिला वर्ग में हर्षिता ने जीत हासिल की। लंबी कूद पुरुष वर्ग में निलेश और महिला वर्ग गूंजा यादव ने जीत हासिल की। ऊंची कूद पुरुष वर्ग में नूरमोहमद और महिला वर्ग में गूंजा ने जीत हासिल की। भाला फेंक पुरुष वर्ग में शशिकांत और महिला वर्ग में हर्षिता ने जीत हासिल की। कबड्डी में बालक वर्ग में राहुल संस्कृतियान शिक्षा संस्थान और महिला वर्ग में चौक बाजार की टीम विजयी रही। इन्होंने आगे कहा कि इन सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। इस दौरान जितेंद्र पाल सिंह, संतोष सिंह,शिवचरण वर्मा, ,आदित्य तिवारी, हिमांशु, उमाशंकर पाल, दुष्यंत सिंह, सतीश यादव, शशि भूषण गुप्ता, नंदेश्वर शर्मा, मंजू जायसवाल, प्रभाकर जयसवाल, विकास तिवारी, कौशल सिंह समेत भारत नेपाल के दर्शक भारी संख्या में मौजूद रहे।

# तस्करी कर पिकअपसे लाई जा रही 56 बोरा लहसुन बरामद

## पुलिस व एसएसबी संयुक्त टीम को मिली सफलता




निचलौल ( महराजगंज)नए वर्ष को लेकर सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां एलर्ट मोड पर है। सभी चोर नाके, पगडंडियों पर पुलिस का चौकन्ना पहरा लगा है। इसकेबावजूद तस्कर तस्करी को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहे हैं। मंगलवार की रात करीब साढ़े नौ बजे लक्ष्मीपुर खुर्द पुलिस व ठूठीबारी एसएसबी की संयुक्त पेट्रोलिंग टीम द्वारा पिलर संख्या 504/9 के समीप नेपाल से भारत पिकअप पर लाई जा रही 56बोरा लहसुन बरामद किया है। बोरा का वजन करने पर प्रति बोरा 28 किलो बताता गया। पकड़े गए पिकअप सहित समान को कस्टम निचलौल को विधिक कार्यवाही के लिए सौंप दिया गया है।लक्ष्मीपुर चौकी इंचार्ज महेंद्र यादव ने बताया कि नए साल को लेकरएसएसबी ठूठीबारी बीओपी इंचार्ज आलोक नाथ मय टीम के साथ लक्ष्मीपुर खुर्द के पिलर संख्या 504/9 के समीप पेट्रोलिंग किया जा रहा था कि नेपाल से भारत की तरफ एक पिकअप आता दिखाई दिया। जिसको टीम ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। वहीं चालक अंधेरा का फायदा उठाकर नेपाल भागने मे सफल हो गया।

# मेघवाल समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 05 जनवरी को रोहट में




**दैनिक केसरीया हिंदुस्तान रोहट से चन्द्राराम भाटी की रिपोर्ट**

श्री मारवाड़ मेघवाल सेवा संस्थान शाखा, रोहट का तृतीय प्रतिभा सम्मान समारोह 05 जनवरी,2025 को रोहट में आयोजित होगा। कार्यक्रम की समीक्षा की समीक्षा हेतु बैठक कर सम्मान समारोह में समाज के कक्षा दसवीं, बारहवीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, जवाहर नवोदय विद्यालय,उत्कृष्ट खिलाड़ियों नव चयनित कर्मचारी/अधिकारी एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी/अधिकारियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया।बैठक का आयोजन श्री भानाराम जयपाल की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में श्री वीरम राम मूछावत,हरिराम जयपाल, कानाराम जयपाल, ढलाराम गंडेर, सोहन लाल पंवार, हेमाराम पंवार, संजय लवा,प्रताप लवा,प्रकाश बामनिया, गोविंद बामनिया, बींजाराम बामनिया, कालूराम गोयल, ओमप्रकाश नेहड़ा, धन्ना राम मकवाना ओमप्रकाश परमार, नैनाराम चौहान, मदनलाल बामनिया, मुकेश परिहार, वीरम राम बारूपाल,कला राम बामनिया पोलाराम चौहान, जगमाल राम खांडी, सोहनलाल भाकरीवाला, सूजाराम पंवार, भंवरलाल पंवार, चेतन मूलवत, भेराराम बेगड़ इत्यादि उपस्थित रहें।

## एक नजर...

### पूर्व सांसद के जन्म दिन के उपलक्ष्य में बांटा गया कंबल






**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान शनि कुमार यादव**

शंकरगढ़। पूर्व सांसद फूलपुर श्रीमती केसरी देवी पटेल के जन्मदिन के अवसर पर क्षेत्र के जरूरत मंद लोगों के बीच कंबल का वितरण करते हुए बच्चों को स्वेटर बांटा गया ।बता दें कि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व पूर्व सांसद फूलपुर श्रीमती केसरी देवी पटेल का 1 जनवरी को 68 वा जन्म दिन मनाया गया। समाजसेवी शारदा तिवारी , सतीश तिवारी आदि ने केक काटकर उनका जन्मदिन मनाते हुए उनके लंबी उम्र की कामना की। उनके समर्थकों ने क्षेत्र में कंबल बांटते हुए लोगों को ठंड से बचने की नसीहत दी। समाजसेवी रितेश तिवारी ने जरूरत मंद लोगों को कंबल बांटकर पूर्व सांसद का जन्मदिन मनाते हुए उनकी लंबी उम्र की कामना करते हुए उनका आशीर्वाद लिया। स्वेटर व कंबल पाकर लोगों के चेहरे खिल गए।पूर्व सांसद के जन्मदिन के अवसर पर क्षेत्र के अभयपुर, आमगोंदर , परानू बाबा , कटरा, शिवराजपुर आदि क्षेत्रों में 50 से अधिक लोगों को कंबल व स्वेटर बांटा गया। इस अवसर पर समाजसेवी व पूर्व सांसद प्रतिनिधि शारदा तिवारी ने कहा कि सांसद जी का संपूर्ण जीवन गरीबों की सेवा में बीत रहा है। उन्हें गरीबों से बहुत लगाव है। हम लोगों ने उनकी प्रेरणा से उनके जन्म दिन पर गरीबों ठंड से बचने के लिए कम्बल स्वेटर दे रहे हैं इससे उन्हें गरीबों का आशीर्वाद मिलता है। इस अवसर पर उनके सहयोगी व इष्ट मित्र मौजूद रहे।

### शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने वाले डॉ संदीप नेहरा का गांधी पीस फाऊंडेशन नेपाल करेगा नोबेल गांधी शांति पुरस्कार देकर सम्मान



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान रवि शर्मा**

बुहाना/नोबल शिक्षण समूह के डायरेक्टर इंजीनियर डॉ संदीप नेहरा को ग्राम शिमला में 2 जनवरी को आयोजित होने वाले टी सी प्रकाश स्मृति सम्मान समारोह में राजस्थान ही नहीं संपूर्ण भारत में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने वाले नोबल शिक्षण समूह के डायरेक्टर डॉ संदीप नेहरा को नेपाल के सर्वोच्च पुरस्कार नोबेल गांधी शांति पुरस्कार से नवाजा जाएगा। डॉ संदीप नेहरा ने छोटे से ग्राम देवलावास में शिक्षा का उजियारा फैलाने के लिए उनके पिता स्वर्गीय एस एस नेहरा की प्रेरणा लेकर नोबल शिक्षण समूह की स्थापना की थी जिसके माध्यम से आज वो इस क्षेत्र में शिक्षा का उजाला फैला रहे हैं तथा गरीब बेसहारा बालिकाओं को पूरी रियायती शुल्क में शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में इस अतुलनीय योगदान को देखते हुए गांधी पीस फाउंडेशन नेपाल के ब्रांड एंबेसडर रामानंद शर्मा की अभीशशा पर गांधी पीस फाउंडेशन नेपाल ने डॉ संदीप नेहरा को नोबेल गांधी शांति पुरस्कार से नवाज ने का निर्णय लिया तथा उनका यह सम्मान ग्राम शिमला में 2 जनवरी को किया जाएगा। उनका सम्मान के लिए चयन होने पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया है। जिसमें पत्रकार रामानंद शर्मा संस्था के डिप्टी डायरेक्टर अशोक शर्मा एकेडमिक डायरेक्टर सुमन नेहरा प्राचार्य कृष्ण कुमार उप प्राचार्य रविंद्र कुमार लेखाधिकारी अमित शर्मा सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने भी डॉक्टर संदीप नेहरा को बधाइ

### शिक्षा व खेल क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ाना प्राथमिकता- उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा -विभिन्न विभागों से संबंधित विकास परियोजनाओं में लाई जाएगी तेजी

**–उपायुक्त ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी**

नूंह, - नीरज सोनी दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला नूंह में विभिन्न क्षेत्रों में विकास के साथ-साथ प्रशासन का प्रयास है कि इस जिला में शिक्षा व खेल क्षेत्र में भी अधिक से अधिक कार्य किए जाएं, ताकि यहां के युवाओं को इन क्षेत्रों में आगे बड़ने के पर्याप्त अवसर प्राप्त हो सकें। जिला में विभिन्न विभागों से संबंधित विकास परियोजनाओं को जल्द पूरा करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। उपायुक्त अपने कार्यालय में जिला से संबंधित पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला के विकास के लिए प्रशासन के सभी विभाग प्रयासरत हैं। सभी विभागों से संबंधित परियोजनाओं व जनहित के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। विकास से संबंधित जो भी कार्य अब तक किसी कारणवश शुरू नहीं हो पाए, उन कार्यों की वास्तविक स्थिति की समीक्षा कर उन्हें जल्द शुरू करवाने के प्रयास किए जाएंगे। जिन कार्यों के संबंध में चंडीगढ़ मुख्यालय पर मामला पेडिंग है, इसके लिए मुख्यालय स्तर पर भी संपर्क किया जाएगा।

**युवाओं को खेल क्षेत्र में आगे बढ़ाना प्राथमिकता**-उपायुक्त ने कहा कि जिला विकास योजना के तहत समीक्षा बैठक में गांवों में खेल नर्सरी, खेल मैदान विकसित करने पर जोर दिया गया है और संबंधित विभागों से इस संबंध में प्रपोजल तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार आगामी दिनों में जिला में खेल महाकुंभ का आयोजन भी करवाया जाएगा। अगर युवा पीढ़ी की ऊर्जा का खेल, व्यायाम जैसी सकारात्मक गतिविधियों में उपयोग होगा, तो वे नशे जैसी बुराई से बचे रहेंगे। आज के युवा को नशे की आदत से बचाना भी हमारा सामाजिक दायित्व बनता है। इसके लिए उचित माध्यम है कि उन्हें खेलों के साथ जोड़ा जाए। अगर जिला नूंह के युवाओं को खेल क्षेत्र में अच्छे अवसर मिलेंगे, तो निसंदेह यहां के युवा राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में इस क्षेत्र व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। **एमडीए से संबंधित विकास कार्यों में लाई जाएगी तेजी**-उपायुक्त ने कहा कि मेवात विकास अभिकरण की ओर से भी कई परियोजनाओं का कार्य चल रहा है। गत दिनों एमडीए के कार्यों की समीक्षा की गई थी। इन कार्यों को भी जल्द पूरा करवाया जाएगा।

## एक नजर...

### पुलिस मुठभेड़ शातिर चोर को जहानाबाद पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान किया घायल




**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फतेहपुर**
**ड़ड़ ब्यूरो चीफ़ रन्नो सिंह**

*चोरी के अभियोग मे वांछित शातिर अभियुक्त थाना जहानाबाद क्षेत्रांतर्गत सीएचसी जहानाबाद मोड के पास पुलिस मुठभेड़ में घायल गिरफ्तार,कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा,03 अदद खोखा कारतूस ,01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 जोडी सफेद धातु पायल, 01 जोडी सफेद धातु बिछिया,1150/- रुपये व 01 अदद पिट्ठू बैग जिसमे चोरी हेतु दरवाजा/ताला तोडने के उपकरण ( 01 अदद लोहे का राड, 01 अदद हथौडा, 01 अदद प्लास, 01 अदद पैचकस, 01 स्पेना रिंच), 01 अदद पल्सर मोटर साइकिल बरामद फतेहपुर /पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल द्वारा अपराध व अपराधियों व टॉप टेन अपराधियों तथा माफियाओं व वांछित व पुरस्कार घोषित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद फतेहपुर के निकट पर्वेक्षण में व पुलिस उपाधीक्षक महोदय बिंदकी, फतेहपुर के कुशल निर्देशन में इंटेलिजेंस विंग टीम व थाना जहानाबाद पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा आज दिनांक 01.01.2025 को थाना जहानाबाद पर पंजीकृत मु0अ0स0- 178/2024 धारा 305/331(4) बीएनएस थाना जहानाबाद जनपद फतेहपुर के वांछित अभियुक्त बबलू उर्फ राजा पुत्र बच्ची लाल निवासी कंचनपुर मजरे सिलावन थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर की तलाश में इंटेलिजेंस विंग प्रभारी नि0 अरूण चतुर्वेदी मय टीम, प्रभारी निरीक्षक थाना जहानाबाद मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु सीएचसी जहानाबाद मोड़ के पास थाना जहानाबाद पर चेकिंग की जा रही थी, चेकिंग के दौरान एक पल्सर मोटरसाइकिल से 02 व्यक्ति आते दिखाई दिये संदिग्ध प्रतीत होने पर उन्हे रोकने का प्रयास किया गया तो संदिग्धो द्वारा तेजी से गाड़ी वापस मोड़कर भागने का प्रयास किया, तो मिरजापुर अयोध्या की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते पर फिसल कर मो0सा0 सहित गिर पड़े तथा अपने आप को घिरता हुआ देख पुलिस की तरफ लक्ष्य कर फायरिंग करने लगे, आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी फायरिंग में अभि0 बबलू उर्फ राजा पुत्र बच्ची लाल के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया तथा एक अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया । घायल अभि0 को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर इलाज हेतु सीएचसी जहानाबाद ले जाया गया । अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 03 अदद खोखा कारतूस 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 जोडी सफेद धातु पायल व 01 जोडी सफेद धातु बिछिया व 1150 रुपये व एक अदद पिट्ठू बैग के अन्दर एक अदद पेचकस , एक अदद प्लास , एक अदद हथौडा , एक अदद स्पेना रिंच , एक अदद लोहे की राड़ बरामद की गयी । स्थानीय थाना जहानाबाद पर मु0अ0सं0 01/25 धारा 109/317(2)बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग उपरोक्त के पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त की गिरफ्तारी से अपराध व आपराधिक गतिविधियों मे अंकुश लगेगा।

*घायल /गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पताः-1.बबलू उर्फ राजा पुत्र बच्ची लाल निवासी कंचनपुर मजरे सिलावन थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर उम्र करीब 32 वर्ष बरामदगी का विवरणः1- 01 अदद तमंचा 315 बोर2- 03 अदद खोखा कारतूस 315 बोर
3- 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर 4- एक अदद मोटरसाइकिल बजाज पल्सर 5- 1150/- रुपये बरामद6- 01 जोडी पायल सफेद धातु 7- 01 जोडी बिछिया सफेद धातु 8- 01 अदद पिट्ठू बैग जिसमे चोरी हेतु दरवाजा/ताला तौडने के उपकरण ( 01 अदद लौहे का राड, 01 अदद हथौडा, 01 अदद प्लास, 01 अदद पैचकस, 01 पाना रिंच गिरफ्तार/घायल अभियुक्त बबलू उर्फ राजा का आपराधिक इतिहासः1.मु0अ0सं0 38/21 धारा307/419/420/467/468/471भादवि0 थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर 2.मु0अ0सं0 39/21 धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर 3.मु0अ0सं0 178/24 धारा 305/331((4) बीएनएस थाना जहानाबाद जनपद फतेहपुर गिरफ्तारी करने वाली टीम इंटेलिजेंस विंग-*1. निरीक्षक श्री अरूण चतुर्वेदी प्रभारी इंटेलिजेंस विंग जनपद फतेहपुर ।2. का0 विकास कुमार, 3. का0 प्रमोद कुमार 4. का0 विवेक कुमार 5.का0 पवन कुमार चौधरी
6.का0 जय प्रकाश गिरफ्तारी करने वाली टीम थाना जहानाबाद 1.प्रभारी निरीक्षक श्री अमित कुमार थाना जहानाबाद 2.उ0नि0 प्रशान्त मिश्रा 3.उ0नि0 प्रवीण कुमार यादव 4. उ0नि0 नारद भारती
5.हे0का0 बृजेन्द्र कुमार
6.का0 सूर्यभान सिंह
7.का0 अनुराग यादव
8.का0 दीपक कुमार
9.का0 आशीष तौमर
10.का0 अश्वनी यादव

### नव वर्ष के पावन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया

**19वा विशाल भंडारा,राम चरित्र मानस पाठ हुआ सम्पन्न**



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता**
**रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी**

बनीकोडर बाराबंकी। आपको बताते चले कि नव वर्ष के पावन अवसर पर रामसनेही घाट क्षेत्र लोखड़िया गांव में शिव जी के मंदिर पर 31दिसम्बर दिन मंगलवार को रामचरित्र मानस पाठ की शुरुआत हुई,बुधवार को समापन के बाद हवन पूजन कर 1जनवरी 2025 नए वर्ष की खुशियां मनाते हुए विशाल भंडारे की शुरुआत की गई। भंडारे में क्षेत्र के हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा देर शाम तक चलता रहा।और बुधवार की रात्रि में जागरण का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिव पूजन चौरसिया, रवि चौरसिया, रिंकू चौरसिया, प्रभात वर्मा,नौमी , राजकुमार चौरसिया,अमित चौरसिया सहित ग्रामवासी भक्त मौजूद रहे

# कैट वर्ष 2025 को व्यापारी स्वाभिमान वर्ष के रूप में मनाएगा

**देशभर में होंगे अनेक कार्यक्रमः व्यापारियों के अधिकारों और सम्मान के लिए होगी विशेष पहल**

### दिल्ली में 6-7 जनवरी को होने वाले राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन होंगे बड़े निर्णय

(उदय ठक्कर मुंबई) कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) उपाध्यक्ष एवं ठाणे जिला होलसेल व्यापारी वेलफेयर महासंघ अध्यक्ष श्री सुरेश भाई ठक्कर ने बताया कि कैट ने वर्ष 2025 को ÷व्यापारी स्वाभिमान वर्ष÷ के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी सी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री तथा चाँदनी चौक से सांसद श्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि यह वर्ष व्यापारियों के अधिकारों, देश के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विकास में उनके योगदान, और उनकी समस्याओं को उजागर करने तथा उनके सम्मान को स्थापित करने के उद्देश्य से समर्पित होगा।

श्री भरतिया एवं श्री खंडेलवाल ने बताया कि आगामी 6-7 जनवरी को दिल्ली में कैट एक राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन आयोजित कर रहा है जिसमें देश के सभी राज्यों के 150 से अधिक प्रमुख व्यापारी नेता शामिल होंगे और व्यापारी स्वाभिमान वर्ष के सभी कार्यक्रमों को अंतिम रूप देंगे। देश भर के 48 हज़ार से ज़्यादा व्यापारिक संगठन इस बृहद योजना के क्रियान्वयन में जुटेंगे। दोनों व्यापारी नेताओं ने बताया की प्रारंभिक रूप से व्यापारी स्वाभिमान वर्ष के अंतर्गत मुख्य कार्यक्रम की योजना बनाई गई है जिसमें विभिन्न कार्यक्रम होंगे

#### 1. देशव्यापी अभियान

ज़ व्यापारियों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।
ज़ केंद्र और राज्य सरकारों के साथ संवाद कर व्यापारियों के लिए हितकारी नीतियों की मांग की जाएगी।

#### 2. सम्मान समारोह-

ज़ देशभर में व्यापारियों के योगदान को मान्यता देने के लिए विशेष सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे।
ज़ प्रमुख व्यापारियों और संगठनों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

3. संगोष्ठियां और कार्यशालाएं-
व्यापारिक ज्ञान और आधुनिक तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।
डिजिटल व्यापार, जीएसटी, ई-कॉमर्स और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।

#### 4. व्यापारी मार्च एवं रैलियां

व्यापारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए देश के विभिन्न राज्यों में स्वाभिमान मार्च निकाले जाएंगे।
व्यापार में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग की जाएगी।

#### 5. व्यापारिक संस्कृति को बढ़ावा-

स्थानीय और पारंपरिक व्यापार को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष मेले और प्रदर्शनियां आयोजित की जाएंगी।

#### व्यापारियों का स्वाभिमान होगा सर्वोपरि

-श्री भरतिया एवं श्री खंडेलवाल ने कहा कि कैट व्यापारियों की रीढ़ की हड्डी के रूप में उनकी भूमिका को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। देश के 9 करोड़ से अधिक व्यापारियों को एक मंच पर लाने का यह प्रयास व्यापारिक समुदाय को एक नई दिशा देगा।

#### कैट का आह्वान

-सभी व्यापारी संगठनों, एसोसिएशनों और व्यापारियों से अनुरोध है कि वे इस अभियान का हिस्सा बनें और 2025 को व्यापारी स्वाभिमान वर्ष के रूप में मनाकर अपने अधिकारों और सम्मान की रक्षा करें।

# जनता की शिकायतों के शीघ्र समाधान करने के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर- उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

**समाधान शिविर में बुधवार को प्राप्त हुई 6 शिकायतें**

नूंह - नीरज सोनी दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि सरकार की ओर से जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए प्रतिदिन सभी कार्यदिवसों में जिला व उपमंडल स्तर पर प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं, जिसमें जनता की समस्याओं को सुन कर उनका समाधान करने के लिए संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। बुधवार को शिविर में प्राप्त 6 शिकायतों के निवारण के लिए संबंधित विभागों को तत्काल दिशा-निर्देश जारी किए गए। शिविर में मुख्य रूप से परिवार पहचान पत्र में आय संशोधन और पुलिस विभाग, पंचायत विभाग, बिजली विभाग से संबंधित मुद्दे से जुड़ी समस्याओं को लेकर शिकायतकर्ता पहुंचे। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं नागरिकों की भलाई के लिए बनाई गई हैं, और इन योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। उपायुक्त ने संबंधित विभागों से अपेक्षा की कि शिविर में प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से समाधान कर नागरिकों को राहत प्रदान की जाए। यह समाधान शिविर सरकार और प्रशासन की नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि प्रत्येक नागरिक को सुगमता से आवश्यक सेवाओं और योजनाओं का लाभ मिले। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित में किए जाने वाले कार्यों को और अधिक ईमानदारी और लगन के साथ अंजाम दें।

### नए साल पर बिकोपुर मुखिया प्रतिनिधि छोटन खान ने किया कंबल का वितरण

**केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ एस एस रिज़वी गया**



गया जिला के इमामगंज प्रखंड अतर्गत बिकोपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रियासत नवाज उर्फ छोटन खान ने नए साल के उपलक्ष में अपने आवास पर ग्रामीणों के बीच 500 कंबलो का वितरण कर नए साल की अनोखी शुभकामनाएं दी।इसके साथ ही उन्होंने नए साल के शुभ अवसर पर क्षेत्र के ग्रामीण जनता को अपने निजी आवास पर बुलाकर उन्हें अपने हाथों से मिठाई भी खिलाया।साथ ही मुखिया प्रतिनिधि रियासत नवाज उर्फ छोटन खान ने कंबल वितरण करने की शुरुआत की कर घोषणा करते हुए बताया कि कड़ाके की ठंड को देते हुए आज से कंबल वितरण करने का संकल्प लिया गया है। इनका लक्ष्य है कि पंचायत के प्रत्येक मजबूर गरीब असहाय वृद्ध एवं दिव्यांग जनों के पास स्वयं ईनके कार्यकर्ता कंबल पहुंचाएंगे।उन्होंने कहा कि पंचायत के कोई भी वृद्ध मजबूर गरीब एवं दिव्यांग तथा दलित व्यक्ति जिन्हें भी कंबल की आवश्यकता है सर्वे करते हुए उनका कंबल उन तक वितरण किया जाएगा। विदित हो कि राष्ट्रीय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार दीनदयाल उपाध्याय से सम्मानित बिकोपुर पंचायत की मुखिया मेहरे अंग्रेज खानम विगत कई वर्षों से कंबल वितरण के साथ साथ कई सामाजिक क्षेत्रों में भाग लेती रही है।हर वर्ष ठंड की शुरुआत में ही सभी असहाय दिव्यांग एवं वृद्ध जनों को कंबल वितरण निशुल्क किया जाता है। पंचायत के ग्रामीणों ने मुखिया मेहरे अंग्रेज खानम एवं मुखिया जनप्रतिनिधि रियासत नवाज उर्फ छोटन खान को आभार प्रकट करते हुए उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी ह

# नववर्ष का भव्य शुभारंभ जर्नलिस्ट प्रेस क्लब एसोसिएशन शुक्लागंज उन्नाव के सदस्यों ने राजधानी मार्ग पर विशाल भंडारे व प्रसाद का आयोजन कर किया



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**अश्वनी शेखर(ब्यूरो उन्नाव)**

उन्नाव शुक्लागंज/नववर्ष 2025 के आगमन पर लोगों ने जगह जगह प्रसाद रूपी भंडारे का आयोजन किया साथ ही नववर्ष की शुभ बेला पर सभी धार्मिक स्थलों व पर्यटन स्थलों पर लोगों की खासा भीड़ रही सन् 2025 की शुरुआत लोगों ने मंदिर शिवालयों आदि में माथा टेक व बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर किया,वही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त जर्नलिस्ट प्रेस क्लब एसोसिएशन शुक्लागंज उन्नाव के सदस्यों ने नववर्ष का शुभारंभ विशाल भंडारे के साथ किया जहां भंडारे में लोगों व राहगीरों का प्रसाद लेने के लिए तांता लगा रहा,भंडारे का शुभारंभ सभी पत्रकार बंधुओं द्वारा प्रातः काल किया गया था जो कि देर रात्रि तक चलता रहा,सन् 2025 का शुभारंभ हरिओम गुप्ता,अमित गुप्ता, ज्ञानी गुप्ता,विजय गौतम,शोभित,दीपक गौतम,अश्वनी शेखर,लकी मेडिकल स्टोर,गोलू यादव,अमित यादव आदि जर्नलिस्ट प्रेस क्लब एसोसिएशन उत्तर प्रदेश शुक्लागंज उन्नाव के सदस्यों द्वारा राजधानी मार्ग स्थित बाला जी हॉस्पिटल के सामने विशाल भंडारे व प्रसाद वितरण का आयोजन कर किया गया

**नव वर्ष के उपलक्ष में हुआ रंगारंग कार्यक्रम।**

# मुख्य अतिथि डॉक्टर आलमगीर काजमी ने फीता काटकर किया शुभारंभ।




**नगीना केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता**

अश्विनी वाल्मीकि=नव वर्ष के आगमन पर मोहल्ला जति के एक हाल में सरगम म्यूजिक सोसाइटी की और से एक रंगारंग कार्यक्रम मोहम्मद जाकिर की अध्यक्षता एवं हुड़दंग नगीनवी के संचालन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉक्टर आलमगीर काजमी ने फीता काटकर किया। जिसमें नगर नगीना के पत्रकारों को वर्ष 2024 में अपना दायित्व निभाने के लिए गौरव गोयल, मुनीर आलम, डॉक्टर मोअज्जम रियाज़ी यासीन सोनी,व तनवीर अंसारी को मुख्य अतिथि डॉक्टर आलमगीर काजमी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त गायक एवं कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। देर रात्रि चले कार्यक्रम में शकील अहमद, कमल कुमार, उमेंद्र रंजन, सोनू हरगनपुर,पी एल, शेरु, रईस अहमद,आदि ने अपनी सुंदर आवाज से फिल्मी गाने सुना कर श्रोताओं की वाह वाही लूटी। वही डॉक्टर आलमगीर काजमी, तस्लीम अहमद, व इंद्रजीत जोशी, ने नव वर्ष के आगमन पर सुंदर कविताएं प्रस्तुत की कार्यक्रम में रईस अहमद नंदलाल हाशिम इस्लाम जितेंद्र सैनी,निशांत अहमद एडवोकेट, वसीम अहमद आदि के अतिरिक्त भारी संख्या में जिम्मेदार लोग उपस्थित रहे। सरगम समिति ने नव वर्ष की शुभकामनाएं व सभी का आभार व्यक्त किया।

# सिटी डिग्री कॉलेज में केक काटकर मनाया गया नव वर्ष।




नगीना केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता अश्विनी वाल्मीकि=सिटी डिग्री कॉलेज के संस्थापक फहीमुद्दीन अंसारी एवं नाड़िर अनवर एडवोकेट ने सभी देशवासियों को नव वर्ष की बधाई दी, तथा देश को एक सूत्र में बांधने का सभी ने प्रण लिया। इन अवसर पर सभी देशवासियों से आग्रह किया कि हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि देश को विकसित राष्ट की राह पर आगे बड़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे ताकि हमारा देश भी विकसित राष्ट बन कर दुनिया के विकसित राष्टो की श्रेणी में शामिल हो सके। इस अवसर पर प्राचार्य पवनदीप राना, सचिन कुमार, प्रनकुश चौहान, ओम प्रकाश, नवेद महमूद, अरीबा सैय्यद, नूरीन फात्मा, नितिन कुमार, बृजेश देवी आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर कृष्ण की नगरी पहुंचे मथुरा , संतों से लिया आशीर्वाद



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी**

मथुरा। पूर्व केंद्रीय सूचना प्रसारण और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर मंगलवार देर रात्रि को मथुरा पहुंचे। वहीं मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार की रात्रि को सहपरिवार सहित श्री कृष्ण जन्म स्थान बांके बिहारी मंदिर तटीया स्थान बरसाना के मानमंदिर राधा रानी मंदिर मंदिर में पूजा अर्चना करने के पश्चात संत प्रेमानंद महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं जानकारी देते हुए बताया मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया बुधवार सुबह केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सह परिवार के साथ गोवर्धन में दानघाटी स्थित गिरिराज जी का दुग्धाभिषेक किया। उन्होंने बताया माँसाध्वी ऋतंभरा जी को वात्सल्यग्राम जाकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। एवं संत प्रेमानंद महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं नए साल के अवसर पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि नव वर्ष 2025 के पावन अवसर पर मैं देश के सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारा देश अगले 25 वर्षों में सबसे शक्तिशाली विकसित राष्ट्रों में से एक बनने जा रहा है। इसीलिए प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ-सबका विकास' के मंत्र के साथ काम किया है। इस अवसर भाजपा भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष नरेंद्र भाटी भाजपा महानगर महामंत्री राजू यादव मंत्री कुंज बिहारी चतुर्वेदी साथ थे

# सरस्वती शिशुमंदिर नवागढ़ में पूर्व छात्र परिषद का गठन



**केसरिया हिंदुस्तान**
**तरुण चौबे जांजगीर**

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ जिला जांजगीर चांपा में भूतपूर्व छात्रों का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष हितेश साहू उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा .वोधप्रकाश कटकवार सचिव रविन्द्र केशवानी सह सचिव प्रदीप कश्यप कोषाध्यक्ष कृपाशंकर साहू सदस्य गण गोविंद केशवानी अखिलेश मिश्रा अवधेश मिश्रा. अभय .रामेश्वर साहू चंद्रप्रभा. श्रद्धा .एकेश पांडेय नरेंद्र साहू गरिमा केशर वानी उपस्थित रहे । भूतपूर्व छात्रों का गठन समाज को विद्या भारती के योजना से जोड़ना और सामाजिक समरसता स्थापित करना है जिसमें सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर के योजनानुसार 01 जनवरी से 15 जनवरी तक विशेष संपर्क अभियान चलाया जाएगा उक्त अभियान में स्कूल स्टाफ सहित समिति के पदाधिकारियों उत्सुकता दिखाई दिए।